संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 19 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 137 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने अमेठी में रोड शो किया।

### आदर्श विचार



"मन की शांति से बढ़कर इस संसार में कोई भी संपत्ति नहीं है।"

- भगवत गीता

### मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं।" -स्वामी विवेकानंद

## जंगलों को आग के खतरों से बचाने की जरूरतः सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने जंगलों में लगने वाली आग पर चिंता जाहिर की है। साथ ही कहा है कि कीमती जंगलों को आग के खतरों से बचाया जाना चाहिए। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हर कोई जंगलों की रक्षा में रुचि रखता है।

# हरियाणा के रगों में देशभक्तिः पीएम

● पाकिस्तान के हाथ में है भीख का कटोरा, हमारी सरकार ने ही साहिबजादों की याद में 'वीर बाल दिवस' मनाना शुरू किया

**विपक्ष निशाने पर**

**ये हमारी सरकार है, जो युद्धक्षेत्र से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को अदब के साथ स्वदेश लाईः पीएम**

**टीम एक्शन इंडिया**

**अंबालाः** हरियाणा में पीएम मोदी अंबाला और सोनीपत में रैली के लिए पहुंच गए हैं। इस दौरान वो अंबाला कुरुक्षेत्र और करनाल के मतदाताओं को साधने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, रतनलाल कटारिया की पहली पुण्यतिथि पर चुनावी रैली को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान पर भी हमला बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान के हाथ में भीख का कटोरा है। **साहिबजादों की याद में शुरू किया वीर बाल दिवस-**



**पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने कहा कि ये हमारी सरकार है, जो अफगानिस्तान के युद्धक्षेत्र से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को अदब के साथ स्वदेश लाई। हमारी सरकार ने ही साहिबजादों की याद में 'वीर बाल दिवस' मनाना शुरू किया है।

**कांग्रेस का इतिहास, हमारी सेनाओं को फौजियों को धोखा देने का रहा हैः** देश का पहला घोटाला कांग्रेस ने भारत की सेना में ही किया था। इस ट्रैक रिकॉर्ड को कांग्रेस जब तक सत्ता में रही, हमेशा बनाए रखा। बोफोर्स घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला... कांग्रेसी, भारत की सेनाओं को कमजोर बनाकर रखते थे ताकि विदेश से हथियार मंगाने के नाम पर मोटी कमाई कर सकें।

हमारे सैनिकों को कपड़े, जूते, बुलेट प्रूफ जैकेट भी ठीक से नसीब नहीं होते थे। उनके पास अच्छी राइफल तक नहीं थीं। मैंने भारत की सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान शुरू किया। आज सेना को मेड इन इंडिया हथियार मिल रहे हैं। जो भारत कभी दूसरे देशों से हथियार मंगाता था, वो अब दूसरे देशों को हथियार बेच रहा है।

### हरियाणा में कांग्रेस सिर्फ बापू-बेटा का खेलः मोदी

**हरियाणा** के पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि मैं हरियाणा के 2.82 करोड़ लोगों की तरफ से प्रधानमंत्री को राम-राम कहता हूं। मैं चुनाव में जाता हूं तो हम लोग जनता को मोदी की राम-राम देते हैं। फिर लोग कहते हैं कि जब मोदी हरियाणा में आएं तो उन्हें हमारी तरफ से राम-राम देना। कहने को देश में यह लोकसभा का चुनाव है, लेकिन चुनाव के साथ-साथ 2047 में देश को विकसित बनाने के अभियान की शुरूआत है। गांव में जब कोई कांग्रेस का व्यक्ति जाता है तो उसे लोगों के मकान पर लिखा मिलता है प्रधानमंत्री आवास योजना।

### गठबंधन के सभी साथी चारों खाने चित्तः मोदी

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हमारे बहुत पुराने साथी, जिन्होंने संगठन में भी काम किया, सरकार में भी काम किया, हमारे रतन लाल कटारिया जी की बरसी है। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। 4 जून में अब सिर्फ 17 दिन बचे है। चार चरणों के चुनाव में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सभी साथी चारों खाने चित्त हो चुके हैं। इंडी गठबंधन वालों ने देश के खिलाफ जो भी दांव-पेंच चले थे, उन्हें चुनाव के मैदान में जनता-जनार्दन ने खुद पटखनी दे दी है। हरियाणा तो वो राज्य है, जिसकी रगों में देशभक्ति है। देशविरोधी ताकतों का हरियाणा अच्छी तरह जानता है, पहचानता है।

# जनता लड़ रही मोदी के खिलाफ लड़ाईः खरगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** देशभर में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। अब तक चार चरणों के दौरान कई प्रदेशों में मतदान हो गए हैं और अभी आगे कई राज्यों में कराए जाने हैं। वोटरों को लामबंद करने के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं और विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी का दौर जारी है। इस बीच, मुंबई में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस से जुड़े कुछ नेताओं ने पत्रकारों से बात की। इस दौरान, विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा।



**खरगे का बड़ा हमलाः** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सभी चीजें पीएम मोदी के इशारे पर चलती हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है। वे जो कहते हैं वो ही होता है लेकिन इस बार चुनाव में वो नहीं होगा। जनता की लड़ाई खुद जनता उनके खिलाफ लड़ रही है। उन्होंने आगे कहा, 'महाराष्ट्र की 'महायुति' सरकार विश्वासघात और षड्यंत्र के आधार पर बनाई गई थी और प्रधानमंत्री खुद इसका समर्थन कर रहे हैं। उनकी रैलियां महाराष्ट्र में भी हो रही हैं। वह जहां भी जाते हैं, लोगों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश करते हैं। पार्टी का चुनाव चिह्न असली पार्टियों से छीनकर भाजपा का समर्थन करने वाली पार्टियों को दे दिया गया।

**हमला बोला**

**सभी चीजें पीएम मोदी के इशारे पर चलती हैं, इसमें कोई दो राय नहीं हैं: कांग्रेस अध्यक्ष**

## भाजपा की सरकार बनी तो पीओके वापस लिया जाएगाः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**बांदा :** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह जनसभा को संबोधित करने बांदा पहुंचे। यहां उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश को चलाने के लिए 56 इंच का सीना चाहिए, जो कि सिर्फ मोदी जी के पास है। भाजपा की सरकार बनी तो पीओके वापस लिया जाएगा। गठबंधन के पास कोई प्रधानमंत्री का चेहरा नहीं, राहुल कहते हैं कि बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनाया जाएगा।

# जेल का खेल न खेलें प्रधानमंत्रीः केजरीवाल

**पीएम को घेरा**

**अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वाति मालीवाल को लेकर कुछ भी नहीं कहा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को शाम पांच बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोला। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज दोपहर 12 बजे भाजपा मुख्यालय अपने सभी विधायकों और एमपी व पार्टी के सभी बड़े नेताओं के साथ आ रहे हैं। पीएम मोदी जिस-जिस नेता को गिरफ्तार करना चाहते हैं उन्हें गिरफ्तार कर सकते हैं। यह आप के सभी नेताओं को जेल में डालना चाहते हैं। अब सौरभ, आतिशी और मेरे पीए को जेल में डालना चाहते हैं। प्रधानमंत्री, एक-एक करके क्या आप हम लोगों को गिरफ्तार कर रहे हैं? एक साथ सभी को गिरफ्तार कर लीजिए। आप देख सकते हैं कि वे किस तरह से 'आप' के पीछे पड़े हैं। मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहूंगा। आप यह 'जेल का खेल' खेल रहे हैं। मैं अपने सभी शीर्ष नेताओं, विधायकों, सांसदों के साथ दोपहर 12 बजे भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं। आप जिसे चाहें जेल में डाल सकते हैं। 'आप' एक पार्टी नहीं बल्कि विचार है। हालांकि अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वाति मालीवाल को लेकर कुछ भी नहीं कहा। इससे पहले माना जा रहा था कि केजरीवाल अपने निजी सचिव बिभव कुमार को लेकर अपनी देश के सामने रखेंगे। बता दें कि आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी के मामले में बिभव कुमार को आज ही दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद बिभव ने तीस हजारी कोर्ट ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका दायर की जहां से उन्हें राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी।

### बिभव बतौर पत्रकार के तौर पर कर चुके हैं काम

**बिभव** कुमार वीडियो जर्नलिस्ट के तौर पर काम किया करते थे। उनकी मुलाकात अरविंद के साथ हुई और वह इंडिया अगेंस्ट करप्शन मैग्जीन के लिए काम करने लगे। इंडिया अगेंस्ट करप्शन संस्था ने ही साल 2011 में देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था। बिभव शुरू से ही अरविंद के रोजाना के कार्यक्रम व दूसरे काम को देख रहे थे। सरकार बनने के बाद भी वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दैनिक काम देखा करते थे। हालांकि सतर्कता विभाग ने कुछ सप्ताह पहले ही उनकी नियुक्ति को रद्द कर दिया था। बिभव कुमार ने भी शुक्रवार को स्वाति मालीवाल के खिलाफ ई-मेल से शिकायत दी थी।



# पत्नी की लाश के साथ सेल्फी: 'बेटी को भूखा रखता था और नौकरी...'

**टीम एक्शन इंडिया**

**लोनी/गाजियाबाद:** गाजियाबाद के लोनी में बेटी प्रिया के हत्या की खबर सुनकर मां बीना लोनी शंकर विहार कॉलोनी पहुंची। प्रिया के घर के बाहर पुलिस और लोगों की भीड़ को देखकर वह फूट-फूटकर रोने लगीं तभी प्रिया का भाई गोविंद भी मौके पर पहुंचा। उसने अपनी मां को संभाला। उनका आरोप है कि श्याम बेटी को भूखा रखता था और नौकरी भी नहीं करने देता था। मां बेटी के मौत की खबर सुनकर रोते हुए बोली की चार दिन पहले बेटी से फोन पर बात हुई थी। मां ने पूछा कि बेटी कहां है तू और कैसी है। तो प्रिया बोली की मां में कंपनी में काम कर रही हूं। बीना ने बताया कि करीब चार साल पहले उन्होंने प्रिया की शादी श्याम के साथ की थी। करीब डेढ़ साल पहले ही श्याम उनके बेटी को लेकर करावलनगर दिल्ली से लोनी के शंकर विहार कॉलोनी में आकर रहने लगे थे। बीना ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनकी प्रिया से बात हुई थी। प्रिया ने मां को बताया कि उसके पति उसे खाने को कुछ नहीं देते थे। खाने को नहीं देने पर वह नोएडा में नौकरी करने लगी थी। प्रिया पर श्याम ने बंदिश लगा रखी थीं। उसके हर काम को वह टोकता था। पहले प्रिया को श्याम ने ही नौकरी करने के लिए कहा था। बाद में वह नौकरी करने से मना करने लगा था। प्रिया ने मां को बताया था कि नौकरी भी नहीं करने देते और खाने के लिए भी नहीं देता था। बच्ची दादी के पास रहती थी। उनका मकान भी कच्चा बना हुआ था।

**पत्नी की हत्या के बाद की खुदकुशी**

गाजियाबाद के लोनी में शंकर विहार कॉलोनी में दोपहर एक युवक ने घर के अंदर पत्नी की हत्या करने के बाद लाश के साथ सेल्फी लेकर रिश्तेदारों को भेजी और फिर खुद ने भी जान दे दी। युवक के भाई के घर पहुंचने पर घटना का पता चला। प्रारंभिक छानबीन के बाद पुलिस ने बताया कि युवक पत्नी के नौकरी करने से नाराज था। पत्नी नौकरी छोड़ने के लिए राजी नहीं थी। इसी पर दोनों में विवाद था जो इतनी बड़ी वारदात की वजह बन गया।




पुलिस मौके पर पहुंची तो प्रिया गोस्वामी (25) का शव बिस्तर पर पड़ा था। पास ही पति श्याम गोस्वामी (27) का शव पंखा लटकाने वाली सरिया से बंधे फंदे से लटका हुआ था। पुलिस को घटना की सूचना श्याम के भाई प्रवीण ने दी थी। प्रवीण ने बताया कि उनके पास बहन रूमा का फोन आया था। उसने बताया कि न श्याम का फोन उठ रहा है और न ही प्रिया का। वह घर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। वह सीढ़ी लगाकर छत पर पहुंचे। वहां से नीचे आए। हाथ देकर कमरे की कुंडी खोली। दरवाजा खुलते ही आंखों के सामने भाई और भाभी के शव थे। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद बहन और अन्य परिजनों को बताया। मूलरूप से एटा के गांव गादुरी निवासी श्याम गोस्वामी पत्नी प्रिया और सात साल की बेटी कृष्णा के साथ लोनी के शंकर विहार में रहते थे। श्याम दिल्ली स्थित करावलनगर में सीट कवर बनाने की दुकान पर काम करते थे। पत्नी प्रिया नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करती थी। प्रवीण ने बताया कि श्याम बेटी के साथ गांव चला गया था। प्रिया भाभी नोएडा में रह रही थीं। बेटी को दादा-दादी के पास छोड़कर श्याम बुधवार को गांव से लोनी आया था। उसी दिन भाभी भी लोनी वाले घर आ गई थीं। श्याम प्रिया से नौकरी नहीं कराना चाहता था। दोनों में इस बात को लेकर विवाद था। इसी विवाद ने काल का रूप ले लिया। दोनों की बेटी अनाथ हो गई। प्रिया के भाई और ताऊ को भेजी मौत वाली सेल्फी

प्रिया की हत्या के बाद श्याम ने दोपहर करीब साढ़े 12 बजे प्रिया के साथ ली सेल्फी को प्रिया के भाई, ताऊ समेत 6 लोगों के फोन पर भेजा। श्याम ने सेल्फी प्रिया के भाई गोविंद, बहन रूमा के दोनों नंबरों पर, ताऊ राजकुमार, भाई दिनेश, भाई प्रवीण और अपने चाचा श्याम के फोन पर भेजी थी। गोविंद शाहदरा में काम कर रहा था। फोन पर आए बहन की इस हालत में फोटो को देखकर उसने बहन और जीजा को फोन किया। किसी ने भी फोन नहीं उठाया। फोन नहीं उठने पर वह काम छोड़कर लोनी पहुंचा। यहां उसे घटना का पता चला।

**सेल्फी देख स्तब्ध रह गए रिश्तेदार**

पुलिस ने श्याम का मोबाइल फोन देखा। इससे पता चला कि उसने खुदकुशी करने से पहले कई रिश्तेदारों को प्रिया के शव के साथ सेल्फी भेज रखी है। रिश्तेदारों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वे इस सेल्फी को देखकर स्तब्ध रह गए। उन्हें प्रिया और श्याम के बीच झगड़े की जानकारी थी। सेल्फी में प्रिया का शव नजर आ रहा था। साथ में श्याम था। उन्होंने तुरंत श्याम के परिजनों को इसकी जानकारी दी।

## फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक से फोन लूटा

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ थाने से 300 मीटर दूर बृहस्पतिवार शाम सवा छह बजे दो बदमाशों ने मुथूट मनी के शाखा प्रबंधक का फोन लूटकर भाग गए। दोनों बदमाश काले रंग की स्पलेंडर बाइक पर थे। आरोप है कि थाने में सूचना देने पर पुलिस ने उनसे फोन खोने की तहरीर लिखने के लिए कहा था लेकिन उन्होंने लूट की शिकायत देकर मुकदमा कराया। उन्होंने दिनदहाड़े हुई लूट की घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में पानी की टंकी के पास किराए के फ्लैट में मानवेन्द्र कुमार तिवारी रहते हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं 3 वर्ष 2024–25**

अधोलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली निविदाएं भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार) पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है

**कार्य का विवरण:** 1. सीसेई (सिंग)/इज्जतनगर के खण्ड में छतिग्रस्त केबिलों के बदलाव के कारण सिगनलिंग कार्य, अनुमानित लागत: ₹57,90,503.16, बयाना राशि: ₹1,15,800.00, कार्य समापन अवधि 9 माह

**कार्य का विवरण:** 2. सीसेई (सिग)/लालकुआं एवं पीलीभीत के खण्ड में छतिग्रस्त केबिलों के बदलाव तथा बनबसा स्टेशन पर रैक हैंडलिंग साइडिंग के कारण सिगनलिंग कार्य, अनुमानित लागत: ₹1,08,08,907.91, बयाना राशि: ₹2,04,100.00, कार्य समापन अवधि 9 माह

**कार्य का विवरण:** 3. रावतपुर मथुरा छा: खण्ड में BPAC हेतु TAN 7008 का अनुपालन एवं समसिदुई/फतेहगढ़ के खण्ड में छतिग्रस्त केबिलों के बदलाव के कारण सिगनलिंग कार्य तथा कानपुर अनवरगंज कासगंज खण्ड में ट्रैक सर्किट सेकंडरी सेल का बदलाव, अनुमानित लागत: ₹1,31,37,980.02, बयाना राशि: ₹2,15,700.00, कार्य समापन अवधि 9 माह

**कार्य का विवरण:** 4. मइ-I/इज्जतनगर के खण्ड में विभिन्न समपार फटको पर एल एच एस निर्माण के कारण सिगनलिंग एवं दूरसंचार संबंधी कार्य, अनुमानित लागत: ₹1,16,73,592.94, बयाना राशि: ₹2,08,400.00, कार्य समापन अवधि 9 माह

ई–निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: दिनांक 10.06.2024 को 11.00 बजे, पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है

सभी आवश्यक दस्तावेज ई निविदा के समय अपलोड किए जाने चाहिए

**वरि. मंडल सिगनल व दूर संचार इंजीनियर**
**मुजाधि/सिगनल–07 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## एक सोसायटी में लगी आग, लपटों पर काबू पाने की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद के इंदिरापुरम की एक सोसायटी में आग लग गई। आग लगने के बाद आनन-फानन सोसायटी के कई फ्लैट को खाली कराया गया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, अरिहंत हार्मनी सोसायटी में जनरेटर में आग लग गई। आग जनरेटर से बराबर के फ्लैट में भी पहुंच गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल दमकल की कई गाड़ियों के साथ आग पर काबू पाने में लगे हैं। सोसायटी के कई फ्लैट को खाली करा लिया गया है। सोसायटी की विस्टा -2 टावर में चार फ्लैट के अंदर आग बुझाने का काम चल रहा है। सोसायटी के जिस टावर में आग लगी है। उसमें सेकंड फ्लोर पर फ्लैट में रहने वाली स्वेता ने बताया कि सूचना के बाद दमकल की गाड़ी आईं, लेकिन इनसे पहले ही सोसायटी के लोग आग को बुझाने में जुटे हुए थे। जब आग तेजी से फैलने लगी तो लोग फ्लैट से बाहर निकल गए थे। टावर में आग से काफी नुकसान हो गया। गैस पाइपलाइन लीक होने से आग तेजी से फैलती गई। दमकल विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि कंट्रोल रूम पर 12:29 बजे आग की सूचना मिली थी। तत्काल वैशाली स्टेशन से 2 गाड़ियां सोसायटी के लिए रवाना हो गईं।

## विक्रम मावी की हत्या में फरार दो आरोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**साहिबाबाद।** स्वाट टीम ग्रामीण जोन और थाना लोनी बार्डर पुलिस द्वारा विक्रम मावी हत्याकांड के वांछित बदमाश को मुठभेड़ का बाद गिरफ्तार किया है। दोनों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस ने कब्जे से दो तमंचे और चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण विवेक चंद यादव ने बताया कि थाना लोनी बार्डर पुलिस को चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि 11 मई को पाइप लाइन रोड पर टीला के विक्रम मावी की हत्या करने वाले बदमाश लाल बाग मंडी की और से आ रहे है।



**खुद को घिरता देख शुरू कर दी फायरिंग**

तभी एक बाइक पर दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया तो बाइक मोड़कर भागने लगे। इस दौरान दोनों गिर गए। खुद को घिरता देखकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। पूछताछ में बताया कि उन्होंने ही पवन भाटी के साथ मिलकर विक्रम मावी की हत्या की थी। पकड़े गए आरोपित राहुल गार्डन का विमल और राधा विहार का प्रशांत उर्फ मुत्तु है।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी**

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 03 एस.एल.आर:

**13010** (F-I), **19020** (F-I), **14314** (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक **03.06.2024 (Timings: 10:00 am)** को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं। 1510/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियरिंग (निर्माण) आगरा, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु Singal पैकेट open tender पर ऑन लाइन (E-Tendering) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाएँ 18.06.2024 को 15.00 बजे तक website **http://www.ireps.gov.in** पर ऑन लाइन जमा की जा सकती हैं। निविदा के विवरण निम्नानुसार हैं :

**निविदा सं.: E-Tender Notice No. CEN00AGC1024**

**कार्य का नाम :** पुशिंग तकनीक द्वारा ईदगाह-बयाना रेल लाइन के बीच किमी 60/1-2 पर LC No-54 के स्थान पर 3x2.5 मीटर स्पैन के RUB का निर्माण

**अनुमानित लागत :** रू. 1.44 करोड़ (लगभग), **धरोहर राशि (रूपए) :** 2,22,300/-, **कार्य पूर्ण होने की अवधि :** 09 माह हार्वेस्ट एवं मानसून अवधि सहित, **निविदा खोलने का दिनांक :** 18.06.2024, **वैधता अवधि :** 60 दिन। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की website **http://www.ireps.gov.in** को देखें। 866/24 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

## लूटपाट करने वाले गिरोह के सरगना समेत दो मुठभेड़ में गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** नोएडा कोतवाली सेक्टर-49 पुलिस और दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के संयुक्त ऑपरेशन में केटीएम बाइक से लूटपाट करने वाले गिरोह के सरगना समेत दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ शनिवार तड़के हुई। गोली लगने के बाद घायल एक बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनके पास से लूट की दो सोने की चेन, दो मोबाइल फोन, तमंचा और केटीएम बाइक बरामद की है। गिरोह के सरगना के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में 69 से अधिक लूट व चोरी के मुकदमे दर्ज हैं।एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि शनिवार सुबह सेक्टर-50 के निकट जेजे कॉलोनी के पास पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए। रुकने का इशारा किया तो पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगे।



एक बदमाश टांग में गोली लगने से घायल जवाबी फायरिंग में एक बदमाश टांग में गोली लगने से घायल हो गया। उसकी पहचान नजाकत उर्फ केटीएम उर्फ भूरा के रूप में हुई। नजाकत मूलरूप से जिला अमरोहा के गजरौला क्षेत्र का रहने वाला है। वर्तमान में गाजियाबाद में रहता है। इसके खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में 69 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं दूसरे बदमाश की पहचान जिला मेरठ परतापुर के हर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि नजाकत नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र में करीब 100 से अधिक चेन छीनने व झपट्टमारी की घटनाएं कर चुका है। दिल्ली में ही लगभग 35 मुकदमें दर्ज हैं। ये लोग चेन लूटने के बाद सुनार को बेच देते थे। शनिवार को भी दोनों चेन सुनार को बेचने जा रहे थे, लेकिन दिल्ली पुलिस द्वारा दोनों बदमाशों का पीछा किया जाने लगा जिसपर नोएडा भाग आए थे। सूचना पर कोतवाली सेक्टर-49 पुलिस द्वारा भी पीछा किया गया।

**35 मुकदमे दर्ज**

**दोनों चेन सुनार को बेचने जा रहे थे, लेकिन दिल्ली पुलिस द्वारा दोनों बदमाशों का पीछा किया जाने लगा जिसपर नोएडा भाग आए**

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 07–अम्बाला/2024–25 दिनांक 17/05/2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (01) सहायक मंडल अभियंता/अंबाला के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/आरवी के अनुभाग में रेल विहार कॉलोनी, अंबाला कैंट में टाइप–IV और III क्वार्टर के पास पार्क का विकास (02) डीआरएम कॉम्प्लेक्स अंबाला कैंट में वाणिज्यिक शाखा का विस्तार और (03) सहायक मंडल अभियंता/अंबाला के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/आर.वी./यूएमबी के अनुभाग में रेल विहार कॉलोनी अंबाला कैंट में टाइप V क्वार्टरों में अतिरिक्त कमरों का प्रावधान। | 95,18,549 | 1,90,400 | 08 महीने | 12.06.2024 |
| 2 | अंबाला डिवीजन में संवेदनशील सीआरओ स्थानो पर ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए ट्रैक के किनारे सुरक्षा बाड़ (आरसीसी दीवार/एटी क्रैश बैरियर) का प्रावधान। | 1,97,22,294 | 2,48,600 | 12 महीने | 12.06.2024 |
| 3 | (01), सहायक मंडल अभियंता/चंडीगढ़ के अनुभाग में एलएचएस में पुल पहुंच, गिट्टी रिटेनर, जलमार्ग मरम्मत व सुदृढीकरण और पुलों के संरक्षण कार्य और डीवाटरिंग का कार्य और (02) सहायक मंडल अभियंता/अंबाला के अंतर्गत एसएसई/वर्क्स–एम/यूएमबी के अनुभाग में पुल संख्या 279, 280,281, 286, 289,290,291, 294, 295,296 के जलमार्गों की विविध मरम्मत और सफाई आदि। | 70,54,266 | 1,41,100 | 12 महीने | 12.06.2024 |
| 4 | सहायक मंडल अभियंता/शिमला के सेक्सन में पुल पुनर्वास से संबंधित कार्य। | 49,90,422 | 99,800 | 45 दिन | 12.06.2024 |
| 5 | वरिष्ठ सहायक मंडल अभियंता/यूएमबी के तहत एसएसई/डब्ल्यू–आर वी/यूएमबी के खंड में जोन डी के तहत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों में वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वॉशिंग और पेंटिंग। | 1,35,99,999 | 2,18,000 | 12 महीने | 12.06.2024 |

नोट: 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1511/24

## बिजनेस हेड हत्याकांड में आया नया मोड़, चौथा आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**साहिबाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली में शुक्रवार रात को पुलिस ने मुठभेड़ में गोली लगने के बाद घायल बदमाश 50 हजार के ईनामी अमीर को गिरफ्तार किया है। अमीर शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में तीन मई को टाटा स्टील कंपनी के इंडिया बिजनेस हेड विनय त्यागी की लूट के बाद हत्या में वांछित चल रहा था। पुलिस ने उसके पास से चोरी की बाइक और असलहा बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि वैशाली में दो पांच की पुलिया के पास पुलिस की टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध को बाइक पर रुकने का इशारा किया गया।

**दिल्ली का 'अमीर' है बदमाश**

बाइक को एलिवेटेड रोड के नीचे मोड़कर भागने लगा। कुछ दूरी पर उसकी बाइक फिसल गई। पुलिस को आता देखकर उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में उसके दाहिने पैर में गोली लग गई। वह लहूलुहान होकर गिर गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान सीलमपुर दिल्ली के अमीर के रूप में हुई। पूछताछ में उसे स्वीकार किया उसने साथी दक्ष, लवकुश व एक अन्य के साथ मिलकर तीन मई को लूट के दौरान हत्या की थी। उसका एक साथी मुठभेड़ में मारा गया था। दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फरार अमीर पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था।

**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

## क्लासीफाइड

### टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

### Change of Name

I, Rashmi Verma W/o Rohit Dhawan R/o House No- 38/28, Chaudhary Colony, Behind Geeta Bhawan, Jyoti Park, Gurgaon, Gurgaon, Haryana-122001, have changed my minor son's name from Kriday aged 12 years to Kriday Arya forever.

### बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

### बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

### खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# करनाल में दो कमल खिलाने हैं : नायब सैनी

## प्रदेश सरकार ने दस साल में हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। इस समय देश की सबसे बड़ी पंचायत के लिए चुनाव चल रहा है

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

करनाल की सब्जीमंडी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने दस साल में हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। इस समय देश की सबसे बड़ी पंचायत के लिए चुनाव चल रहा है। 25 मई को देश की सबसे बड़ी पंचायत को चुना जाना है। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है। इस चुनाव से देश की दशा और दिशा तय होगी। 25 मई को करनाल में दो कमल के फूल खिलेंगे। मैं सभी से अपील करता हूं कि 25 मई को करनाल से दो कमल के फूल बड़े मार्जन से खिलाएं। ये कमल के फूल एक लोकसभा सीट पर पूर्व सीएम मनोहर लाल के लिए कमल का बटन दबाना है और दूसरी सीट विधानसभा के लिए दो नंबर का बटन दबाकर बड़े मार्जन के साथ दो फूल खिलाकर देश के पीएम नरेंद्र मोदी के पास भेजने हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। पीएम मोदी ने देश की महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, गरीबों के लिए, किसानों के लिए बड़ी तेज गति से जबरदस्त काम किए हैं। सब्जी मंडी की बात करें तो हमारे सब्जी मंडी के किसानों के लिए हरियाणा सरकार ने भावांतर भरपाई योजना लाकर उसे मजबूत करने का काम किया है। भाइयों मुझे खुशी है कि इन दस सालों में मोदी सरकार ने देश में रोड के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने काम किया है।

**ई-मंडी की व्यवस्था**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पीएम मोदी ने किसानों के लिए किसान रेल, किसान को अपने सामान का जहां अच्छा भाव मिले, उसे वहां तक भेजने की भी व्यवस्था सरकार ने की है। किसानों के लिए ई-मंडी की व्यवस्था की गई है। इससे किसान घर बैठे बैठे दूर दराज की मंडी के रेट जान सकता है और फसलों को वहां बेच सकता है जहां उसे अच्छे दाम मिल रहे हैं।

**वोट की मांग**

- 25 मई को देश की सबसे बड़ी पंचायत का चुनाव
- दस साल में सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया

यह सरकार गरीब, किसान और हर वर्ग कि हितैषी सरकार है। देश में रोड कनेक्टिविटी, रेलवे कनेक्टिविटी, एयर कनेक्टिविटी और जीडीपी बढ़ाने के लिए काम किया है। देश में नए मेडिकल कॉलेज और एम्स खोलने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है। चाहे दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाने की बात हो चाहे देश समस्याओं के समाधान की बात हो। मोदी के नेतृत्व में चाहे धारा 370 हटाने की बात हो, चाहे मुस्लिम बहनों के लिए तीन तलाक से निजात दिलाने की बात हो, चाहे सीटीजनशिप अमेंडमेंट बिल लागू करने की बात हो मोदी के नेतृत्व में लोगों के जीवन को सुगम बनाने का काम किया है।

**मंडियों में भावांतर भरपाई**

नायब सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने दस सालों में मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने मंडियों में किसानों के लिए भावांतर भरपाई योजना लाकर किसानों के उत्थान का काम किया है। इस योजना का लाभ सीधा किसानों को मिला है। इससे किसान मजबूत हुआ है। यह किसान हितैषी सरकार, किसानों को मजबूती की ओर ले जाने वाली सरकार है। किसानों को आगे ले जाने वाली सरकार है, युवाओं के लिए भी नए-नए इंसेंटिव खड़े कर-के रोजगार बढ़ाने का काम किया है।

देश में इंडस्ट्रीज लगाने की बात हो, चाहे युवाओं को हस्त कौशल देकर खड़ा करने की बात, मुद्रा लोन दिलवाकर काम करवाने की बात हो सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया है।

# देश के विकास के लिए मोदी को मजबूत करें : मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल ने शनिवार को करनाल में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर मनोहर लाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को मजबूत बनाने और देश के विकास के लिए भाजपा को वोट दें। उन्होंने कहा कि सिख इस देश की सिरमौर कौम है। इस कौम का बलिदान और शहीदों का इतिहास रहा है। जब भी देश और समाज पर कोई संकट आया है या कोई चुनौती आई है तो सिख समाज हमेशा सीना तान कर खड़ा रहा है। इनका 500 साल पुराना इतिहास है। इस बीच मुगलों के अत्याचार देश पर हुए हैं। इस दौरान सिख समाज ने मुगलों के अत्याचार को खत्म करने और



लोगों को जागरुक करने का काम किया। प्रथम पातशाही गुरुनानक देव जी से लेकर दसवीं पातशाही गुरुगोविंद सिंह तक सभी ने लोगों को जागरुक किया। इनके बलिदान के कारण ही देश बच पाया है। गुरु गोविंद सिंह के बारे में कहा जाता है कि इापिता वारया, तै लाल चारे वारे अ हिंद तेरी शान बदले इा उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां भी इस कौम से प्रेरणा लेंगी। इस मौके पर मनोहर लाल ने कहा कि मैं आपको नमन करता हूं। मनोहर ने कहा कि जब देश आजाद हुआ तो जो महत्व हमें मिलना चाहिए था वह नहीं मिल पाया। कांग्रेस ने इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पेश किया। जब से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

उनसे अगली पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने दुनिया में देश का नाम चमकाया है। पाकिस्तान में करतार साहब गुरुद्वारा के दर्शन के लिए करतार साहब कॉरिडोर का निर्माण पीएम नरेंद्र मोदी ने शुरू करवाया।

## न्यूज फ्लैश

### आम आदमी पार्टी में महिलाओं के प्रति सम्मान नहीं: कंवर पाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल मामले में हरियाणा के कृषि मंत्री कँवर पाल गुर्जर ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर महिला सांसद के साथ बर्बरतापूर्ण पिटाई और उनका अपमान करना बड़ा ही निंदनीय है। इसकी जांच होनी चाहिए। शनिवार सुबह जगाधरी में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने निजी सचिव पर कार्रवाई की बजाय उन्हें अपने साथ लेकर घूम रहे है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के बड़े नेताओं को इस पर कोई अफसोस नहीं है। उन्होंने कहा कि आप आदमी पार्टी में महिलाओं के प्रति कोई सम्मान और कोई प्रतिष्ठा नही है, वहीं भाजपा राज में महिलाएं जितनी सुरक्षित है इतनी कहीं भी नहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान से सबको जागरूक किया। महिलाओं का सम्मान बढ़ाया और हर क्षेत्र में महिलाओं को भागीदारी दी है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल इस मामले की ईमानदारी से जांच कराएं।

### कांग्रेस की मोदी को चुनौती, दक्षिण की सीट से चुनाव लड़कर दिखाएं

**चंडीगढ़:** कांग्रेस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दी कि वे दक्षिण भारत की किसी सीट से चुनाव लड़कर दिखाएं। पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस लोकसभा चुनाव में अपनी सरकार के दस साल के कामकाज के आधार पर वोट मांगने के बजाय लोगो को भावनाओं में बहा रहे है।

हरियाणा कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में पवन खेड़ा ने कहा कि आज देश के हालात बहुत गंभीर रूप से खराब है। हर एक घंटे में चार महिलाओं के साथ बलात्कार किया जाता है। महिला पहलवान जब अपने उत्पीड़न की शिकायत करती है तो प्रधानमंत्री मोदी अपने साथी बृजभूषण शरण सिंह के साथ खड़े हो जाते है। दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय में आम आदमी पार्टी सांसद स्वाति मालीवाल की पिटाई के मामले में खेड़ा ने कहा कि कानून के अनुसार कार्रवाई होना चाहिए उन्होंने कहा कि देश का किसान देश का गौरव है लेकिन भाजपा ने इन्हे सड़क पर ला दिया। कांग्रेस सरकार ने किसानो के सत्तर हजार करोड़ का कर्जा माफ किया।

उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस ने गारंटी दी है कि किसानो को एमएसपी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार दी जाएगी और एमएसपी को कानून के दायरे में लाया जाएगा। तीस लाख सरकारी पदों पर भर्ती की जाएगी। महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए दिए जाएंगे। गरीब परिवारों को प्रति माह दस किलो अनाज मुफ्त दिया जाएगा।

खेड़ा ने कहा कि देश के संविधान को पढ़े बिना संविधान बदलने की बात कही जा रही है। अग्निवीर योजना में षड्यंत्र नजर आता है देश की सीमाओं को कमजोर किया जा रहा है। लद्दाख में चीन को क्यों क्लीन चिट दी गई उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब तो मुख्यमंत्री भी अग्निवीर हो गए खेड़ा ने कहा कि मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री है जिनके बारे में कुछ नही कहा जा सकता। कुछ कहने पर हवाई जहाज से उतारकर हिरासत में लिया जा सकता है।

मोदी सरकार की वन नेशन वन इलेक्शन योजना पर खेड़ा ने कहा कि यह व्यवहारिक नहीं है। फिर यह राज्यों के हितों पर आघात होगा। राज्यों के चुनाव के मुद्दे अलग अलग होते है।

### नेताओं की स्टेज पर नो एंट्री, 36 बिरादरी के योद्धाओं को मिलेगा स्थान और सम्मान -

**रोहतक:** जयहिंद सेना प्रमुख डॉ नवीन जयहिंद शनिवार को रोहतक टेंट में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि रविवार को 19 मई को पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा और पूरे प्रदेश की जनता का चूल्हा न्योत है 36 बिरादरी का भाईचारा पहुंचेगा और बड़े जोश और जूनून के साथ भगवन परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा अयोध्या में श्री राम का मंदिर बना और पहरावर में परशुराम का मन्दिर बनेगा भगवान परशुराम न्याय, मान-सम्मान और स्वाभिमान की प्रतिक हैं इस दिन सामाजिक योद्धाओं (36 बिरादरी) को जिन्होंने पहरावर की जमीन के लिए संघर्ष किया।

# सनातन विरोधियों को सत्ता पाने का कोई हक नहीं : दिया कुमारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/महेंद्रगढ़:** राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने शनिवार को महेंद्रगढ़ जिला की अटेली विधानसभा में अलग-अलग कार्यक्रमों में कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन के लोग सनातन का विरोध करते हैं। कांग्रेस ने भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा कर सनातन का अपमान किया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि सनातन का अपमान करने वालों को सत्ता पाने का कोई हक नहीं है। दिया कुमारी ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में अटेली विधानसभा के भोजावास, धनौदा और खेड़ी तलवाना में तीन जनसभाओं को संबोधित करते हुए ये बातें कही। यहां उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाई और सांसद धर्मबीर



सिंह की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि धर्मबीर सिंह ने हमेशा सदन में क्षेत्र की जनता की आवाज बनकर समस्याओं का निराकरण करवाया है।

भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभाओं में राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने 60 साल के शासन में भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद के अलावा कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार ने गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं बनाकर उनका लाभ पहुंचाया है। 10 सालों में देश

**उपलब्धियां गिनाईं**

- राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में भोजावास

और प्रदेश में जबरदस्त तरक्की हुई है। पूरी दुनिया में मोदी के नेतृत्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है।

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी होने के बावजूद भी देशहित में कमल के फूल पर वोट डालकर अपना कर्तव्य जरूर निभाएं। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए धर्मबीर सिंह को प्रचंड बहुमत से जिताकर मोदी जी के पास भेजने का काम करें। 10 सालों में अगर कोई कमी रह गई है तो उसे धर्मबीर सिंह पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। दिया कुमारी ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश के समान इन्फ्रास्ट्रक्चर और जन सुविधाओं के लिए लगातार कार्य कर रही है। मोदी सरकार ने रेवाड़ी में एम्स का तोहफा देकर आस पास के राज्यों के लोगों को भी फायदा पहुंचाने का काम किया है। दिया कुमारी ने कहा कि जनसभाओं में उमड़ रही भीड़ और लोगों का उत्साह इस बात का संकेत है कि यहां का जन-जन मोदी जी की गारंटी पर विश्वास करते हुए एक बार फिर से कमल खिलाने के लिए तैयार है।

पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने भी मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाईं। उन्होंने कहा कि 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक काम हुए हैं।

# दो दिन में ही पलटे सरपंच, पहले कांग्रेस तो अब दिया भाजपा को समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** सढ़ौरा खंड के 43 में से 27 सरपंचों ने दो दिन पहले ही बैठक करके कांग्रेस उम्मीदवार वरुण चौधरी को समर्थन देने की घोषणा की थी, लेकिन शनिवार को जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चंद ठसका के नेतृत्व में बैठक हुई। खंड के 43 में से 36 सरपंचों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों पर खुशी जाहिर करते हुए भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया को समर्थन देने की घोषणा की। सरपंच एसोसिएशन के प्रधान महेंद्र सिंह लहाड़पुर ने बताया कि प्रधान मंत्री मोदी



के नेतृत्व में भारत देश निरंतर प्रगति की राह पर है और विश्व की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की और अग्रसर है। कुछ दिन पूर्व कुछ सरपंच गुमराह होकर कांग्रेस पार्टी को समर्थन देने का एलान कर बैठे थे। मगर अब वे सरपंच भी कांग्रेस को अलविदा कह कर भाजपा के समर्थन में आ गए है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चंद इलाके में रिकार्ड विकास कार्य करवा रहे है, साथ ही भाजपा के पूर्व विधायक बलवंत सिंह भी इलाके के विकास में जी जान से जुटे है। जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने कहा कि इलाके के लगभग सभी सरपंच, पंच व पंचायत के अन्य प्रतिनिधि पूरी तरह से भाजपा के साथ खड़े है।

# फरीदाबाद : बर्तन की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** फरीदाबाद के सेक्टर 7 में स्थित एक बर्तन की दुकान में शनिवार की सुबह भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैली कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने दुकान में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित दुकान मालिक के पड़ोसी दीपक ने बताया कि उनके पड़ोसी सुबह घूमने के लिए निकले थे।

# भाजपा नेताओं के काफिले पर किसानों ने बोला हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** जिले के जाखल क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हनुमान चालीसा के कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के सिरसा से प्रत्याशी डॉ.अशोक तंवर और भाजपा राज्य सभा सांसद सुभाष बराला के काफिले पर किसान संगठनों से जुड़े लोगों ने हमला बोल दिया। लोगों ने झंडों के डंडों से गाड़ियां तोड़नी शुरू कर दीं। बड़ी मुश्किल से काफिले को यहां से निकालकर अशोक तंवर व बराला को बचाया गया। मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा, इसके बावजूद यह घटना टल नहीं सकी, जिससे सुरक्षा की बड़ी खामी सामने आई। सोशल मीडिया पर कई गाड़ियां टूटने का दावा किया जा रहा है, जिसकी एक वीडियो भी सामने आई है, जिसमें काफिले की गाड़ियां दौड़ती और भारी संख्या में किसान उन्हें घेरते तथा उन पर डंडे बरसाते नजर आ रहे हैं। उधर किसान नेता जग्गी महल ने सोशल मीडिया पर एक घायल किसान की फोटो डालकर इस घटना को लखीमपुरी खीरी की घटना से जोड़ना चाहा। इस मामले को लेकर शनिवार को भी किसान संगठन मीटिंग कर रहे हैं और तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। बता दें कि क्षेत्र में किसान संगठनों से जुड़े लोग भाजपा नेताओं का लगातार विरोध कर रहे हैं और अपने सवालों को लेकर उन्हें घेरते

**विरोध**

- भाजपा राज्य सभा सांसद सुभाष बराला के काफिले पर किसान संगठनों से जुड़े लोगों ने हमला बोला

आए हैं। साथ ही जाखल में बाढ़ मुआवजे को लेकर लंबे समय से किसान आंदोलनरत हैं। मिली जानकारी के अनुसार डॉ.अशोक तंवर का शुक्रवार को चुनाव प्रचार के दौरान जाखल का कार्यक्रम था। उन्होंने रात को जाखल मंडी में होने वाली बजरंग बली जी की हनुमान चालीसा कार्यक्रम में भी भाग लेना था। इसको लेकर किसान संगठन से जुड़े लोग भी सक्रिय हो गए और उन्होंने तंवर व भाजपा नेताओं को यहां न आने की चेतावनी दे डाली। इसको देखते हुए मंडी में कार्यक्रम स्थल के बाहर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। रात को तंवर और बराला कार्यक्रम में पहुंचे, माथा टेका और काफी देर बाद रात करीब 11 बजे के बाद जब वे कार्यक्रम से बाहर निकलने लगे, तो बाहर खड़े किसानों ने काफिले पर हमला बोल दिया और गाड़ियों को तोड़ना शुरू कर दिया। हालांकि मौके पर भारी पुलिस बल तैनात था, इसके बावजूद यह अप्रिय घटना रुक नहीं सकी।

# कैथल: बंधक बना पीटा, बनाई अश्लील वीडियो

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** ससुराल में उत्तर प्रदेश में रह रहे बचपन के दोस्त ने राजौंद एक व्यक्ति को जमीन खरीदने बेचने के बहाने यूपी बुलवाया और बात बिगड़ने पर उसे बंधक बनाकर पीटा और उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई। आरोपियों ने उसके गुप्तांग में डंडा डालने का प्रयास किया और 54 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने दोस्त की बीवी सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजौंद के एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि वह लोगों को जमीन खरीदने व

**जांच जारी**

- जमीन की खरीद फरोख्त में बिगड़ी बात, दोस्त की बीवी सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

बेचने में सलाहकार का काम करता है। उसका बचपन का दोस्त सुरेश राणा उर्फ काका नशे व जुआ सट्टे का अवैध धंधा करने का आदी है। वह इस कारण अपनी कस्बा राजौंद की जमीन बेचकर अपनी ससुराल गागलहेड़ी जिला सहारपुर यूपी चला गया। उसने बरोली जिला सहारनपुर में अपने साले दिग्विजय के साथ मिलकर कृषि की करीब 13 बीघा जमीन मोल ली हुई है और गागलहेड़ी में अपना मकान बनाकर अपने बाल बच्चों सहित रह रहा है। सुरेश अपनी पत्नी अर्चना के साथ फरवरी 2024 में हमारे घर आया था। दिग्विजय ने इस खरीदी हुई जमीन में से आधी अपने नाम धोखे से करवा ली है। आरोपी ने कहा कि मेरी यूपी की जमीन बिकवाकर वापस राजौंद में मेरा घर बसवा दो। बचपन का दोस्त होने के कारण वह सुरेश की बातों में आ गया व सुरेश की जमीन बिकवाने की तसल्ली दी। उसके बाद वह यूपी गया और वहां प्रोप्टी डीलर खुजनावर यूपी निवासी परवेज मुस्लमान के पास गया। उसने परवेज से सुरेश की जमीन बेचने का इकरारनामा फरवरी 2024 में 20 लाख रुपये देकर करवा लिया और रजिस्ट्री का समय ले लिया। इसके बाद सुरेश ने बयाने के उससे 54 लाख रुपये ले लिए। 12 मई को सुरेश व मनीष नाम का लड़का उसके घर आए और उसे यूपी आने का कहा। 14 मई को वह अपने घर से 15 लाख रुपये लेकर अपनी कार में सवार होकर सुरेश के घर गागलहेड़ी चला गया।

# जाखल में भाजपा नेताओं पर हुआ हमला कांग्रेस का षडयंत्र : सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** जिले के जाखल क्षेत्र में शुक्रवार रात एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सिरसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के काफिले पर कुछ किसानों द्वारा हमला कर दिया गया। इस हमले को बराला ने कांग्रेस का षडयंत्र बताया है। शनिवार को पत्रकारों से सुभाष बराला ने कहा कि किसानों की आड़ लेकर यह राजनीतिक षडयंत्र रचा गया और इसके पीछे कांग्रेस के लोगों का रोल है। उन्होंने कहा कि वे काफी दिनों से सिरसा संसदीय क्षेत्र में हर जगह जा रहे हैं। कहीं पर किसान कोई बात करने आते हैं, तो उनसे बात करते हैं, इस प्रकार का तनाव कहीं नहीं होता। जाखल में भी पहले गए थे तो किसानों से बात सुनकर आश्वासन दिया था। निश्चित रूप से इस तरह के घटनाक्रम की प्लानिंग पहले से हो जाती है। उन्होंने कहा कि यह घटना निंदनीय है और समाज में स्वीकार्य नहीं है। समाज पहले भी इस तरह की घटना का संज्ञान लेता आया है और अब भी लेना चाहिए। समाज को इस बारे में ध्यान देना चाहिए, क्या किसी भी रूप में आकर धार्मिक कार्यक्रम को डिस्टर्ब करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के 400 पार के नारे को देखकर हरियाणा में मुख्यमंत्री का सपना देखने वाले आज ही सीएम बनना चाहते हैं और किसानों की आड़ ले रहे हैं। किसान भोले भाले हैं, जो इस प्रकार के बहकावे में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को आगे कर वे खुद उनके पीछे रहकर षडयंत्र रचते हैं, ताकि किसान बदनाम हो, भाजपा बदनाम हो। पहले भी इस तरह की हरकतें एक्सपोज हुई हैं और भविष्य में भी एक्सपोज होंगी। बराला ने कहा कि प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि पुलिस प्रशासन मौके पर था।

# जींद : भीषण गर्मी से जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

**टीम एक्शन इंडिया**

जींद: जींद में भीषण गर्मी के चलते आमजन का जीना मुहाल हो गया है। पारा 44 डिग्री तक पहुंच गया है। जिसका असर आम जनजीवन पर साफ देखने को मिल रहा है। दोपहर को बाजार तथा सड़कों पर विरानगी छा रही है। हवा का मिजाज भी काफी गर्म रह रहा है। जिसने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। इसी के साथ गर्मी के साथ ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड भी बढ़ गई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 16 प्रतिशत तथा हवा की गति 19 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज गई। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि 18 मई तक तापमान



और अधिक बढ़ने की संभावना है। ऐसे में लोगों को गर्मी में विशेष ध्यान रखना चाहिए। पिछले एक सप्ताह से तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है। दिन का तापमान 44 डिग्री पहुंच रहा है। शनिवार को दिन का आगाज तेज धूप के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ मौसम का मिजाज तथा हवा गर्म होती चली गई। दोपहर को सड़कें तथा बाजार सुनसान दिखाई दिए। बहुत कम वाहन सड़कों पर दिखाई दिए। जो लोग दुपहिया वाहन पर चल रहे थे, उन्होंने भी मुंह ढांपे हुए थे। जगह-जगह लोग ठंडे पेय का सहारा लेते देखा गया। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार गर्मी व लू से बचने के लिए नागरिक दोपहर के समय विशेष कर 12 से तीन बजे के बीच बाहर जाने से बचें। तापमान अधिक होने की स्थिति में कड़ी मेहनत का कार्य न करें।

**वृद्ध तथा छोटे बच्चों का रखें विशेष ध्यान : डा. भोला**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में दोपहर को जरूरी हो तो घर से बाहर निकलें। अंगोच्छा जरूर सिर पर रखें। अधिक से अधिक पानी पिएं। गर्मी का अधिकतर शिकार वृद्ध तथा छोटे बच्चे आसानी से हो जाते हैं। इसलिए परिजनों को इनका विशेष ख्याल रखना की जरूरत है। उन्होंने लोगों को सुझाव देते हुए कहा कि गर्मी से बचने के लिए लोगों को भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। तेज गर्मी में बाहर न निकलें। गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं तथा तेज धूप में निकलने से पहले सिर पर कपड़ा, टोपी या छाता जरूर लें।

**गर्मी की तपिश**

- हवा का मिजाज भी काफी गर्म रह रहा है। जिसने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है

ACTION INDIA
करनाल, 19 मई 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# ये चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई: भगवंत मान

## ये देश किसी के बाप की जागीर नहीं, 140 करोड़ लोगों का देश : भगवंत मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल/कुरुक्षेत्र/चंडीगढ़**

**पंजाब के** हरमन प्यारे मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान ने शानिवार को कुरुक्षेत्र लोकसभा के अंतर्गत आने वाली विधानसभा पूंडरी में जनसभा की। इसके साथ गुहला, पेहवा व रादौर में मेगा रोड शो में शिरकत की। उन्होंने इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा से उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के लिए प्रचार किया। इस दौरान कुरुक्षेत्र लोकसभा के पूंडरी हल्के सभी गांवों से आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे। समर्थकों की भारी भीड़ रही और जनता ने पूरे रास्ते फूलों की वर्षा से सरदार भगवंत मान का स्वागत किया। हजारों की संख्या में पहुंचे जनसैलाब ने इंडिया गठबंधन को



जीत का संकल्प लिया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र शर्मा, सुल्तान जडौला, सज्जन सिंह ढुल और सतबीर भाना भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि ये चुनाव खतरनाक मोड पर खड़े हमारे देश को बचाने का चुनाव है। देश ऐसे मोड पर खड़ा है कि या तो देश तानाशाही की तरफ जाएगा या लोकतांत्रिक तरीके से चुने लोग जनता की इच्छा के मुताबिक काम करेंगे। देश या तो संविधान खत्म करने वाली पार्टी के हाथ में आएगा या फिर ऐसे पार्टियों के हाथ में आएगा जो चाहती हैं कि देश तरक्की करे। इसलिए ये लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। बीजेपी के नेता कहते

**वोट की अपील**

**किसी पार्टी के बैंक खाते को फ्रीज करके उस पार्टी की आवाज को बंद कर देंगे**

हैं हमें 400 से पार सीट दे दो हम संविधान को बदल देंगे। यदि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर का लिखा संविधान बदल गया तो देश में चुनाव नहीं हो जाएंगे और रूस जैसे हालात हो जाएंगे। जहां पुतिन के खिलाफ कोई वोट नहीं डाल सकता। उन्होंने कहा बीजेपी वाले अहंकार में इतने अंधे हो गए हैं उनको पता नहीं है कि ये देश किसी के बाप की जागीर नहीं है, ये देश 140 करोड़ लोगों का देश है। हमारे पुरखों ने अपना बलिदान देकर ये देश हमको दिया है। शहीदे आजम भगत सिंह, करतार सिंह, लाला लाजपतराय, चंद्रशेखर आजाद और अशफाक उल्ला ने लड़ाई लड़ी, तब हमें ये देश मिला है। हरियाणा पंजाब के लोगों को तो आजादी के लिए बहुत मोल चुकाना पड़ा है। बंटवारे में 10 लाख लोग मारे गए जो हमारे चाचा, मामा, नाना और दादा थे। इसलिए इस आजादी को बचाने के लिए आज भी हरियाणा और पंजाब के युवा सरहदों पर सीना तान कर खड़े हैं। उन्होंने कहा बीजेपी इस गलतफहमी में न रहे कि वो अरविंद केजरीवाल को अंदर करके पार्टी को तोड़ देंगे या किसी पार्टी के बैंक खाते को फ्रीज करके उस पार्टी की आवाज को बंद कर देंगे।

# गोदाम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग के कारण हुआ नुकसान

**नुकसान**

**राजीव जैन ने जायजा लिया और पीड़ित दुकान मालिक राजकुमार से घटना की जानकारी ली**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** सब्जी मंडी के नजदीक हसीजा करियाना स्टोर के गोदाम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग के कारण हुए नुकसान का मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने जायजा लिया और पीड़ित दुकान मालिक राजकुमार से घटना की जानकारी ली। दुकानदार ने बताया कि आग लगने के कारण किरयाने का लाखों रुपया का सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार ने बताया कि हमारी सब्जी मंडी में दुकान है और पास की कॉलोनी में गोदाम बना रखा है। राजीव जैन ने सांत्वना देते हुए कहा कि वह हर संभव मदद करवाने का प्रयास करेंगे।



राजीव जैन ने दुकानदारों से आग्रह किया कि सरकार ने व्यापारी कल्याण बोर्ड के माध्यम से जीएसटी रजिस्टर्ड व्यापारियों का 5 लाख रुपया का व्यक्तिगत बीमा तथा 25 लाख रुपये तक के सामान का बीमा करवा रखा है

उसके लिए नाम मात्र की फीस देकर व्यापारी कल्याण बोर्ड में रजिस्ट्रेशन करवाना होता है और कहा कि वह जल्द ही व्यापारियों में इस योजना का लाभ लेने के लिए जागृति अभियान चलाएंगे।

# मत देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**हरियाणा** ज्ञान विज्ञान समिति ने, समालखा कस्बे की मयूर विहार कॉलोनी में मतदाताओं को सोच समझ कर मत देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत पर्चा वितरण तथा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के द्वारा मतदाताओं को अपना मत देने के लिए प्रेरित किया गया । नाटक में दशार्या गया कि आपका एक-एक मत कीमती है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है। नाटक का मंचन प्रवेश त्यागी के नेतृत्व में शहीद वीरेंद्र नाटय मंच की टीम द्वारा किया गया । इस अवसर पर हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के जिला सचिव वेदपाल ने लोगों का आहवान करते हुए कहा की, आधुनिक भारत का जो सपना हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों व क्रांतिकारियों शहीद भगत सिंह व उनके साथियों तथा संविधान निमार्ताओं ने देखा था, वह

**प्रेरित किया**

**पर्चा वितरण तथा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के द्वारा मतदाताओं को अपना मत देने के लिए प्रेरित किया गया**

हमारे मत के द्वारा साकार हो सकेगा । हमें जाति धर्म के बहकावे में न आकर, लोभ लालच व भय मुक्त होकर अपने जीवन से जुड़े मुद्दों पर वोट डालकर सही प्रत्याशी का चुनाव करना चाहिए , हमारा एक-एक वोट देश की एकता, अखंडता, पंथ निरपेक्षता व लोकतंत्र की मजबूती में हमारे भविष्य का निर्माण करेगा इस अवसर पर डॉक्टर शीशपाल प्रोफेसर आशीष कुमार, सीताराम अमित 'मुस्कान ,कविता ,नंदन , अतुल ,सागर , मोहम्मद शबनम व बच्चे महिला पुरुष शामिल थे।

# बाबरपुर से होगा रोड शो का शुभारम्भ, 13 गाँवों से होते हुए रिसालू गाँव में होगा समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**लोकसभा** चुनाव 2024 के दृष्टिगत भारत के गृह एवं सह्कारिता मंत्री अमित शाह 20 मई सोमवार को प्रातः 10:30 बजे करनाल के दशहरा ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे इस जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल और वरिष्ठ नेता भाग लेंगे` इससे पूर्व मनोहर लाल 19 मई को प्रातः 7 बजे बाबरपुर से भव्य रोड शो का शुभारम्भ करेंगे यह रोड शो 13 गाँवों से होते हुए रिसालू गाँव में संपन्न होगो यहाँ पर पार्टी पदाधिकारी और ग्रामीण गाँव में पहुँचने उनका स्वागत अभिनंदन करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से रूबरू होते हुए यह जानकारी



दी उन्होंने कहा कि करनाल की यह रैली पूर्व के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए ऐतिहासिक रैली साबित होगी इस रैली को सफल बनाना पानीपत और करनाल जिला के सभी पदाधिकारियों और पार्टी कार्यकताओं की जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि जहाँ केंद्र में मोदी सरकार ने असंभव से लगने वाले बड़े-बड़े कार्य किए हैं जिनमें कश्मीर से धारा 370 हटाना, राम मंदिर का निर्माण करवाना, तीन तलाक कुप्रथा को समाप्त

**रैली का तैयारी**

**करनाल की यह रैली पूर्व के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए ऐतिहासिक रैली साबित होगी इस रैली को सफल बनाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है**

करना, 34 करोड़ नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य बीमा, 4 करोड़ परिवारों को पक्के मकान देना, 14 करोड़ परिवारों को नल से स्वच्छ जल देना, 10 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला मुफ्त गैस कनेक्शन देना, 11 करोड़ परिवारों को इज्जत घर उपलब्ध करवाना और 27 देशों के साथ भारतीय मुद्रा में व्यापार को सुलभ करवाना जैसी योजनाएं शामिल हैं वहीं, हरियाणा में भी हमारे प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऐसे विकास कार्य और सुशासन की नीतियां बनाई हैं जिनके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था` गत 10 वर्षों के दौरान हरियाणा में 1.40 लाख से अधिक लोगों को उनकी प्रतिभा के अनुसार बिना किसी खर्ची झ पर्ची के सरकारी नौकरियां मिली हैं` यही नहीं प्रदेश में शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य योजनाओं के लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ सुशासन के माध्यम से पात्र लोगों को घर बैठे ही मिल गए हैं आज परिवार पहचान पत्र बना दिए जाने से वृद्धावस्था पेंशन का मैसेज परिवार के मुखिया के मोबाइल में अपने आप आ जाते हैं` जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि लोकतंत्र को सफल बनाने में विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है।

# टेलीग्राम यूजर से टास्क पूरा करने के नाम पर की 22 लाख 51 हजार 750 रुपए की धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, आईपीएस के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए थाना साइबर पुलिस ने टेलीग्राम यूजर से टास्क पूरा करने के नाम पर 22 लाख 51 हजार 750 रुपए की धोखाधड़ी के मामले में तीन आरोपियों जसोला दिल्ली निवासी हर्ष कुमार सक्सेना, राहुल सिंह और मिजमिल उर्फ अरहान को गिरफ्तार किया गया है। प्रबंधक थाना साइबर निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि टेलीग्राम यूजर से ठगी गई धनराशि उपरोक्त आरोपी हर्ष कुमार सक्सेना के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर हुई। आरोपी हर्ष कुमार सक्सेना ने अपना अकाउंट 10 हजार रुपए में दूसरे आरोपी राहुल सिंह को बेचा और राहुल सिंह ने वही अकाउंट मुजमिल उर्फ अरहान को 15 हजार रुपए में बेच दिया। मुजमिल उर्फ अरहान ने फिर वही बैंक अकाउंट 20 हजार रुपए में आगे बेच दिया। आरोपी हर्ष कुमार सक्सेना और राहुल सिंह को पूछताछ उपरांत पेश अदालत कर जेल भेज दिया गया है और आरोपी मुजमिल उर्फ अरहान को आगामी कार्रवाई के लिए 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। गौरतलब है कि थाना साइबर हिसार में एनसीसीआरपी पोर्टल से एक शिकायत प्राप्त हुई जिसमे शिकायतकर्ता ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को उसके टेलीग्राम पर किसी बैंक अकाउंट में 150 रुपए डिपॉजिट होने का मैसेज आया जिसमे लिखा था कि एक ग्राहक को कमीशन के तौर पर 150 मिले है कृपया जानकारी भरे ताकि आपका कमीशन तय किया जा सके। मैसेज के अनुसरण में शिकायतकर्ता ने डिटेल प्रदान की और यूपीआई आईडी देते ही शिकायतकर्ता के बैंक अकाउंट में 29 जनवरी 2024 को 150 रुपए जमा हुए और लिंक के माध्यम से एक ग्रुप ज्वाइन करवाया। 31 जनवरी को शिकायतकर्ता के पास एुंट कंपनी के प्रोडक्ट को लाइक करने के लिए मैसेज आया।

# फ्लैश कार्ड व पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**दिल्ली** वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के गतिविधि कक्ष में प्राचीन पौराणिक हिन्दी प्रदर्शनी विषय द्वारा चार्ट, फ़्लैश कार्ड व पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई। जिसमें कक्षा तीसरी से बारहवीं के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने पौराणिक कथा, भारतीय हिंदी साहित्य, धार्मिक, ऐतिहासिक, हिंदी भाषा के साहित्य के विकास का काल विभाजन, सुप्रसिद्ध लेखकों, कवियों, महापुरुषों के जीवन काल व उनकी शिक्षाओं, धार्मिक स्थलों, कविताओं व व्याकरण के विभिन्न विषयों आदि पर चार्ट, फ़्लैश कार्ड व पोस्टर बनाकर उसका हिंदी भाषा में सुंदर प्रस्तुतीकरण किया। सभी छात्रों की प्रस्तुतीकरण सुनकर स्कूल की प्रबंधक समिति, डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता, अभिभावकगण व अध्यापकगण ने

**प्रतियोगिता**

**दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्राचीन पौराणिक हिंदी प्रदर्शनी में दिखाए हुनर, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में प्राचीन पौराणिक हिन्दी प्रदर्शनी**

उनका उत्साहवर्धन किया। छात्रों द्वारा प्राचीन हिंदी साहित्य से लेकर आधुनिक हिंदी साहित्य की पुस्तकों का स्टॉल भी लगाया गया। साथ ही कक्षा दसवीं की छात्रा निष्ठा नारंग व दिक्षा ने हिंदी साहित्य के इतिहास पर पीपीटी तैयार करके उपस्थित दर्शकों को भारतीय साहित्य से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। विद्यालय की डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता ने सारी प्रदर्शनी का बारीकी से निरीक्षण करते हुए प्रत्येक छात्र से उनके द्वारा बनाकर लाई गई विषय-वस्तु को ध्यानपूर्वक सुनकर, उससे संबंधित प्रश्न किए। इस अवसर पर छात्रगण व अभिभावकगण को संबोधित करते हुए (डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता) उन्होंने कहा कि छोटी-सी उम्र में ऐसी प्रदर्शनी लगाना स्कूली बच्चों के लिए काबिले तारीफ है; जो साफतौर पर यह दिखाता है कि आज के प्रतियोगिता के दौर में हमारा स्कूल छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबंध है। वहाँ उपस्थित अभिभावकों ने हिंदी विभाग के अध्यापकगण व छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्कूल की हरेक एक्टिविटी स्कूल के योग्य व अनुभवी शिक्षकों की ही देन है।

# यज्ञ के बिना कोई भी व्यक्ति पूर्ण नही : हरिओम महाराज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** शिवशक्ति जनकल्याण सेवा समिति, बिशनगढ़ द्वारा झांसा रोड स्थित गांव बिशनगढ़ में शनिवार को जनकल्याणार्थ 11 कुंडीय शिवशक्ति महायज्ञ अनुष्ठान के तीसरे दिन आसपास के स्थानों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर यज्ञशाला परिक्रमा की। जानकारी देते हुए आयोजन समिति अध्यक्ष पंडित राजेश मौदगिल, मुख्य यजमान सुरेश सैनी और नरेश सैनी ने बताया कि यह अनुष्ठान राज राजेश्वरी भगवती मां त्रिपुर सुंदरी के आशीर्वाद से गांव बिशनगढ़ के शिव मंदिर के समीप चौपाल के सामने त्रिपुरा पीठाधीश्वर



यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज के पावन सान्निध्य में चल रहा है। स्वामी हरिओम महाराज ने यज्ञ की महिमा बताते हुए कहा कि यज्ञ से मनुष्य महान बनता है। यज्ञ से ही धन-धान्य की प्राप्ति होती है। भारत को विश्व गुरु बनाने हेतु इस यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। अतः सभी धर्म प्रेमियों को यज्ञ अनुष्ठान में अवश्य भाग लेना चाहिए। वहीं, यज्ञ के बाद श्रीमदभागवद कथा में आचार्य शुभम द्विवेदी चित्रकूट ने

**आहुतियां**

**यज्ञ की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ के बिना कोई भी व्यक्ति पूर्ण नही है**

गोकरण व धुंधकारी प्रसंग विस्तार से सुनाया। उन्होंने यज्ञ की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ के बिना कोई भी व्यक्ति पूर्ण नही है। यज्ञ से ही व्यक्ति का संपूर्ण जीवन सुखमय व आनंदमय बनता है। यज्ञ से ही मनु, रघु, हरीशचंद्र, दशरथ और दुष्यंत आदि चक्रवर्ती राजाओं को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने लोगों से विशेष तौर पर आह्वान किया कि वे यज्ञ आदि अनुष्ठानों में तन-मन-धन से समर्पित हो, यही संतान परंपरा है। इस अवसर पर जगज्योति धाम बिजड़पुर के महंत राजेंद्रपुरी, आचार्य शंभू प्रसाद,नमो नमो संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बारना,जिलाध्यक्ष अंकुश गुप्ता,अमन शर्मा,वंदन जैन,दिनेश जिंदल,बालकृष्ण शर्मा,पृथ्वी शर्मा,गोपाल शर्मा,रघुवीर सैनी, शिवप्रकाश,योगेश,खलींदाराम, रजत सैनी, कमलजीत, अनिकेत सैनी, राहुल तंवर एडवोकेट,मुकेश शर्मा,चंद्रभान कौशिक,हरिचंद और शेर सिंह शेरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु,ब्राह्मण,संत और महिलाएं शामिल हुई।

# डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

**पानीपत, कमाल हुसैन** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार दहिया ने शनिवार को आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में स्थापित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और मतदान के लिए तैयार की जा रही अन्य सामग्री का बारीकी से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा, लाइट, स्वच्छता व नियमों की पालना के बारे में समीक्षा की। इस अवसर पर पानीपत के एआरओ एवं एसडीएम मनदीप कुमार, समालखा विधानसभा के एआरओ एवं एसडीएम अमित कुमार इसराना विधानसभा की एआरओ एवं एसडीएम ज्योति मित्तल, तहसीलदार वीरेंद्र गिल,



नायब तहसीलदार निर्वाचन सुदेश राणा भी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया में प्रयोग होने वाले सभी प्रकार के फार्मों व अन्य सामग्री को अच्छी प्रकार से जांच कर थैलों में डालें। डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि चुनाव को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपूर्ण करवाना अधिकारियों का कर्तव्य है। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कोई शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी।

# भाजपा जिला महिला मोर्चा ने किया वार्ड 25 और 26 में किया जनसंपर्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**लोकसभा** चुनाव 2024 के घर-घर संपर्क अभियान के तहत भाजपा जिला महिला मोर्चा ने पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 25 और 26 में गली झ मोहल्ले और घर-घर जाकर भाजपा सरकार की कल्याणकारी नीतियों और उपलब्धियों का प्रचार किया और महिलाओं से भाजपा को वोट देने की अपील की` यह जानकारी भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आशु सत्यवान शेरा ने दी` इस अवसर पर वरिष्ठ महिला नेत्री कुसुम भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 साल के शासन के दौरान महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं भारत की



लाखों महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है और अब तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है यही नहीं नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करके लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को पूरा प्रतिनिधित्व देने का निर्णय लिया है जो कि महिलाओं को समाज में और अधिक सम्मान दिलाएगा`

आयुष्मान भारत योजना, आरोग्य मंदिर योजना के माध्यम से महिलाओं का एनीमिया मुक्त स्वस्थ जीवन बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है उज्ज्वला योजना के माध्यम से 12 लाख गृहणियों को धुंए से मुक्ति दिलाई है हरियाणा में सभी पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण भाजपा की मनोहर सरकार ने ही

**अपील**

**घर-घर जाकर भाजपा सरकार की कल्याणकारी नीतियों और उपलब्धियों का प्रचार किया और महिलाओं से भाजपा को वोट देने की अपील की**

दिया है।

महिलाओं के कल्याण और देश के विकास की गति को निरंतर बनाए रखने के लिए आगामी 25 मई को भाजपा के हक में अधिक से अधिक मतदान करें और करवाएं` इस अवसर पर सरोज रानी, पिंकी शर्मा, नीलम देवी, रानी देवी, प्रमोद कुराडिया, सुधीर राणा, विकास शर्मा और रविन्द्र रोड़ मौजूद रहे।

## न्यूज़ फ्लैश

### सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र में समर कैंप एक जून से

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र :सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र शीला नगर द्वारा 1 जून से 10 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। केंद्र की इंचार्ज अनु ललित ने बताया कि कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। कैंप में बच्चे गायन, वादन, नृत्य इत्यादि सीख सकते हैं। नृत्य में वेस्टर्न डांस और क्लासिकल डांस सिखाया जाएगा तथा हरमोनियम, गिटार व कांगो आदि भी सिखाया जाएगा। अनु ललित ने बताया कि इस तरह के प्रयासों से बच्चे मोबाइल से दूर रहते है और उनमें एक नई ऊर्जा का भी संचार होता है। केंद्र में 10 दिन तक लगातार क्लासिज लगाई जाएंगी। इसके साथ-साथ समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों के दांतों व आंखों का भी निशुल्क चेकअप किया जाएगा।

### पार्टी में सुरजभान को पूरा मान सम्मान मिलेगा : सुशील राणा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र :आज गांव भूस्थला की सरपंच ममता रानी के पति सूरजभान ने अपने दलबल के साथ भाजपा के प्रत्याशी नवीन जिंदल एवं भाजपा की नितियों से प्रभावित होकर भाजपा में अपनी आस्था जताई । उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं, । सबका सम्मान दृष्टि से विकास हो रहा है । मोदी की गारंटी जनता को पसंद आ रही है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा से तीसरी बार नवीन जिंदल सांसद बनेंगे और तीसरी बार ही नरेंद्र भाई मोदी 400 पर के नारे को सार्थक करते हुए देश के प्रधानमंत्री बनेंगे । कार्यक्रम कि अध्यक्षता विनोद पाल होलकर ने की, तथा कार्यक्रम के सूत्रदार भगत संदीप राणा भूस्थला ,लोकसभा कार्यालय के प्रभारी सुशील राणा जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में सरपंच प्रतिनिधि सूरजभान को भारतीय जनता पार्टी का पटका पहना कर सदस्यता ग्रहण करवाई । इस मौके पर विनोद पाल होलकर, मण्डल अध्यक्ष दीपक कुमार , देशराज शर्मा, राकेश गौतम ,अन्य साथी मौजूद रहे

### दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में एक बाइक चालक की मौत,तीन घायल

समालखा( कुलदीप सिंह )

खंड समालखा के गांव छदिया व चुलकाना के बीच पावर हाउस के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए । घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है । गांव चुलकाना निवासी संजय ने इस दुर्घटना में अपने भाई रमेश की मौत की पुष्टि करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार घटना शुक्रवार की है। चुलकाना निवासी संजय गांव छदिया के पावर हाउस के पास अपने भाई रमेश का इंतजार कर रहा था। उसका भाई रमेश अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर भौरा की तरफ से गांव छदिया की तरफ आ रहा था कि उसी समय छदिया की तरफ से तेज गति से एक अन्य मोटरसाइकिल ने उसे जोरदार टक्कर दे मारी। मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से चुलकाना निवासी रमेश व उसका साथी सड़क पर जा गिरे। जिसमें रमेश वासी चुलकाना की मौके पर ही मौत हो गई जबकि इसी मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा रमेश व दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों सहित तीन घायल हो गए। घायल रमेश की हालत भी नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 25 मई को करनाल से दो कमल के फूल बड़े मार्जन से खिलाएं : नायब सैनी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



करनाल। सब्जी मंडी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने दस साल में हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। इस समय देश की सबसे बड़ी पंचायत के लिए चुनाव चल रहा है। 25 मई को देश की सबसे बड़ी पंचायत को चुना जाना है। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है। इस चुनाव से देश की दशा और दिशा तय होगी। सीएम ने कहा कि 25 मई को करनाल में दो कमल के फूल खिलेंगे। मैं सभी से अपील करता हूं कि 25 मई को करनाल से दो कमल के फूल बड़े मार्जन से खिलाएं। ये कमल के फूल एक लोकसभा सीट पर पूर्व सीएम मनोहर लाल के लिए कमल का बटन दबाना है और दूसरी सीट विधानसभा के लिए, दो नंबर का बटन दबाकर बड़े मार्जन के साथ दो फूल खिलाकर देश के पीएम नरेंद्र मोदी के पास भेजने हैं। देश में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। पीएम मोदी ने देश की महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, गरीबों के लिए, किसानों के लिए बड़ी तेज गति से जबरदस्त काम किए हैं। सब्जी मंडी की बात करें तो हमारे सब्जी मंडी के किसानों के लिए हरियाणा सरकार ने भावांतर भरपाई योजना लाकर उसे मजबूत करने का काम किया है। भाइयों मुझे खुशी है कि इन दस सालों में मोदी सरकार ने देश में रोड के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने काम किया है।

**ई-मंडी की व्यवस्था**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने किसानों के लिए, किसान रेल, किसान को अपने सामान का जहां अच्छा भाव मिले, उसे वहां तक भेजने की भी व्यवस्था सरकार ने की है। किसानों के लिए ई-मंडी की व्यवस्था की गई है। इससे किसान घर बैठे बैठे दूर दराज की मंडी के रेट जान सकता है और फसलों को वहां बेच सकता है, जहां उसे अच्छे दाम मिल रहे हैं। यह सरकार गरीब, किसान और हर वर्ग कि हितैषी सरकार है। देश में रोड कनेक्टिविटी, रेलवे कनेक्टिविटी, एयर कनेक्टिविटी और जीडीपी बढ़ाने के लिए काम किया है। देश में नए मेडिकल कॉलेज और एम्स खोलने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि चाहे दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाने की बात हो, चाहे देश समस्याओं के समाधान की बात हो। मोदी के नेतृत्व में चाहे धारा-370 हटाने की बात हो, चाहे मुस्लिम बहनों के लिए तीन तलाक से निजात दिलाने की बात हो, चाहे सीटीजनशिप अमेंडमेंट बिल लागू करने की बात हो मोदी के नेतृत्व में लोगों के जीवन को सुगम बनाने का काम किया है।

## योग मनुष्य और परमात्मा के संगम का सूत्रधार : दिनेश

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



करनाल। अंतर्राष्ट्रीय गेहूं एवं जो अनुसंधान केन्द्र में मेरा मिशन स्वस्थ भारत योग कक्षाओं के अंतर्गत योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योगाभ्यास करवाया। अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह के संचालन में चलाई जा रही इस योग कक्षा में सभी वैज्ञानिक प्रातः योग कर रहे हैं और योग के महत्व को समझ रहे हैं। दिनेश गुलाटी ने सूक्ष्म योग क्रियाएं, आसान और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाते हुए इसके लाभ बताए। उन्होंने प्राणायाम के दौरान बताया कि योग एवं ध्यान साधना योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे धीरे-धीरे मनुष्य ईश्वर प्राप्ति की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने मानव जीवन में ईश्वर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग मनुष्य और परमात्मा के संगम का सूत्रधार है। योग और ध्यान हुए सांसों के तार प्रभु से जुड़ जाते हैं और हर श्वास हमें आत्मचिंतन की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि योग के साथ हर श्वास हमें अंदर की यात्रा की ओर लेकर जाती है। उन्होंने कहा कि हर श्वास के तार प्रभु से जुड़े हैं। श्वास चल रहे हैं, इसका अभिप्राय है कि ईश्वर चेतना हमारे भीतर है और हर श्वास के साथ ध्यान और नाम सुमिरन करते हुए ईश्वर की भक्ति में खो जाएं, तभी हम अपने जीवन को सफल कर सकते हैं।

## अभिभावकों को वोट डालने के लिए आग्रह करने का वचन दिया

समालखा
(कुलदीप सिंह)



डी ए वी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल समालखा मै छात्रों ने अपने -अपने अभिभावकों को वोट डालने के लिए आग्रह करने का वचन दिया । इसके लिए स्कूल प्रधानाचार्या भव्या शर्मा ने चुनाव आयोग की बात को स्पष्ट करते हुए छात्रों को समझाया कि हमारा वोट बहुत कीमती है इसलिए अच्छी सरकार चुनने के लिए सभी लोगों को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए, । मैं आप सभी विद्यार्थियों से कहना चाहती हू कि आप अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए जरुर आग्रह करें । इसके लिए सभी छात्रों ने वोट हमारा अधिकार है, हमारा वोट बहुत कीमती है, सुशासन के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक ,आदि स्लोगन लिखते हुए अध्यापक मृगेंद्र राठी के निर्देशन में अभिभावकों को देने के लिए विद्यार्थियों ने ग्रीटिंग कार्ड बनाएं और सभी विद्यार्थियों ने वचन दिया कि हम अपने अभिभावकों को मतदान के लिए अवश्य आग्रह और प्रेरित करेंगे । इस अवसर पर गांधी सदन इंचार्ज आशा वत्स कोऑर्डिनेटर रचना नागपाल कुलिस नंदवानी मृगेंद्र राठी तथा आचार्य नरेश त्यागी विद्यमान रहे।

## कांग्रेस ने देश को तोडने.का काम किया: मनोहर लाल

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल ने शनिवार को करनाल में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर मनोहर लाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को मजबूत बनाने और देश के विकास के लिए भाजपा को वोट दें। उन्होंने कहा कि सिख इस देश की सिरमौर कौम है। इस कौम का बलिदान और शहीदों का इतिहास रहा है। जब भी देश और समाज पर कोई संकट आया है या कोई चुनौती आई हैं तो सिख समाज हमेशा सीना तान कर खड़ा रहा है। इनका 500 साल पुराना इतिहास है। इस बीच मुगलों के अत्याचार देश पर हुए हैं। इस दौरान सिख समाज ने मुगलों के अत्याचार को खत्म करने और लोगों को जागरुक करने का काम किया। प्रथम पातशाही गुरुनानक देव जी से लेकर दसवीं पातशाही गुरुगोविंद सिंह तक सभी ने लोगों को जागरुक किया। इनके बलिदान के कारण ही देश बच पाया है। गुरु गोविंद सिंह के बारे में कहा जाता है कि पिता वारया, ते लाल चारे वारे अ हिंद तेरी शान बदले॥ उन्होंने कहा कि आने वाली पीढि़ीं भी इस कौम से प्रेरणा लेंगी। इस मौके पर मनोहर लाल ने कहा कि मैं आपको नमन करता हूं।

**कांग्रेस ने देश को तोडने. का काम किया**

मनोहर लाल ने कहा कि जब देश आजाद हुआ तो जो महत्व हमें मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पाया। कांग्रेस ने इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पेश किया। जब से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। उनसे अगली पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने दुनिया में देश का नाम चमकाया है। पाकिस्तान में करतार साहब गुरुद्वारा के दर्शन के लिए करतार साहब कॉरिडोर का निर्माण पीएम नरेंद्र मोदी ने शुरू करवाया। अब आसानी से लोग गुरु दर्शन के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि देश के प्रधानमंत्री को और मजबूत बनाने का काम करें और कमल के फूल का बटन दबाकर पीएम मोदी का साथ दें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कश्मीर से धारा 370 को हटाने का काम किया और मुस्लिम बहनों को तीन तलाक जैसे अत्याचारी कानून से खत्म कर महिलाओं के उत्थान का काम किया है। देश के इतिहास को कायम रखने के लिए पीएम मोदी का साथ दें। पीएम मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इसलिए आप भी उन्हें मजबूत करें। प्रदेश की सभी दस की दस सीटें जीताकर मोदी का साथ दें।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित: दुष्यंत गौतम

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



करनाल। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है। प्रधानमंत्री देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा किए गए विकास और सुशासन से भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। वर्ष 2047 में हमारा देश आर्थिक रूप से महाशक्ति बनेगा। दुष्यंत कुमार गौतम शनिवार को करनाल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घरौंडा की अग्रवाल धर्मशाला, असंध के गांव मूनक, शिव कालोनी करनाल, सीएचडी सिटी करनाल, इंद्री गांव घीड पुरानी अनाज मंडी व नीलोखेड़ी के गांव सांभली में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। उनके साथ एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक पटौदी सत्यप्रकाश जरावता भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने संबोधित करते हुए मनोहर लाल को भारी मतों से जिताने कि अपील की। दुष्यंत गौतम ने घरौंडा विधानसभा में स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में जन हितैषी योजनाओं से सरकार पर जनता का विश्वास बढ़ा है और सरकार के पक्ष में देश में ऐतिहासिक वातावरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं सहित सभी वर्गों के लिए बड़ी गति से काम किए हैं। हरियाणा का तेजी से विकास हुआ है यह डबल इंजन सरकार की नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जो विकसित भारत का निर्माण कर सकती है। इसलिए एक-एक वोट बीजेपी को देकर देश को मजबूत करने का काम करें। इस अवसर पर घरौंडा विधानसभा संयोजक निर्मला बैरागी, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा, मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप व घरौंडा नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**सुशासन**

प्रधानमंत्री द्वारा किए गए विकास और सुशासन से भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है

## प्रेरणा वृद्धाश्रम में स्थापित किया गया है हरियाणवी संस्कृति संग्रहालय



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र, : अपनों द्वारा नकारे गए एवं घरों से निकाले गए देश के विभिन्न राज्यों से अनेकों बुजुर्गों को आश्रय देने का कार्य धर्मनगरी कुरुक्षेत्र का अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रेरणा वृद्धाश्रम वर्षों से कर रहा है। वहीं समाज के लिए साहित्य, संस्कृति, समाजसेवा सहित अन्य क्षेत्रों में भी प्रेरणा स्त्रोत बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ साल पहले प्रेरणा वृद्धाश्रम परिसर में प्रेरणा संग्रहालय की स्थापना की स्थापना करते हुए ऐतिहासिक कदम उठाया गया। इसी प्रेरणा वृद्धाश्रम के संग्रहालय में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज की विभिन्न हस्तियों सहित उन बुजुर्गों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने प्रेरणा संग्रहालय की स्थापना एवं ऐतिहासिक, प्राचीन व पुरातत्व चीजों के संग्रह सहयोग किया। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर बुजुर्गों एवं समाज के सहयोगी लोगों सम्मानित करते हुए प्रेरणा के संस्थापक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि बुजुर्गों के बिना संग्रहालय स्थापना संभव नहीं थी। बुजुर्ग स्वयं ही समाज की धरोहर हैं। डा. सिंगला ने अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि संग्रहालय के माध्यम से ही आज की पीढ़ी इतिहास के बारे में जान पाती है।

## सचिन पायलट की कांग्रेस के पक्ष में जनसभा आज

टीम एक्शन इंडिया
समालखा( कुलदीप सिंह )

लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए सभी राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झौंक दी है। करनाल लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को चुनावी जंग में पटखनी देने के लिए कांग्रेस भी एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। शनिवार को भाजपा के पक्ष में पीएम मोदी की रैली के जवाब में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट करनाल लोकसभा क्षेत्र की गुर्जर बाहुल्य समालखा विधानसभा क्षेत्र में रविवार को चुनावी जनसभा करने आ रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा के समर्थन में देश के जाने-माने गुर्जर नेता सचिन पायलट की यह जनसभा बापौली की अनाज मंडी में रखी गई है। गौरतलब है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के पिता स्वर्गीय राजेश पायलट भी समालखा में जनसभा कर चुके हैं।माना जा रहा है कि पायलट परिवार की यहां के गुर्जर समाज में अच्छी खासी पकड़ है। बता दें कि समालखा विधानसभा क्षेत्र में 40-45 हजार के करीब गुर्जर समाज की वोट है ओर लगभग इतना ही वोट बैंक जाट समाज का है। समालखा में मौजूदा विधायक धर्म सिंह छौक्कर भी गुर्जर समाज से है। किसान व जाट पहले ही भाजपा से नाराज चल रहा है और यह भाजपा को हराने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कारण कांग्रेस के पक्ष में वोट करने जा रहा है ऐसे में अगर गुर्जर समाज को भी कांग्रेस के गुर्जर नेता सचिन पायलट कांग्रेस की तरफ ध्रुवीकरण करने में कामयाब हो गए तो समालखा में भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को मात दी जा सकती है।

## आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें सभी प्रत्याशी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



कुरुक्षेत्र : उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियों एवं उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाया जाए। चुनाव के दौरान राजनीतिक पार्टियों व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें कि चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम ना किया जाए। धार्मिक गतिविधियों का सहारा लेकर कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार ना करें। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं भी किसी प्रकार के उपहार, नकदी या नशीले पदार्थों का प्रयोग ना किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि वोट लेने के लिए किसी भी मतदाता को डराया या धमकाया ना जाए, किसी निजी भवन की दीवारों पर मकान मालिक की अनुमति के बिना झंडे, पंफलेट, पोस्टर आदि ना चिपकाए जाएं, इसमें संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही हो सकती है। दीवारों पर वॉल पेंटिंग का कार्य एआरओ या एसडीएम की बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित किए गए स्थानों पर ही होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाए जाने चाहिए और प्रशासन की ओर से चिन्हित स्थानों पर ही वॉल पेंटिंग की जा सकती है। निर्वाचन विभाग ने चुनाव खर्च का ब्यौरा रखने के लिए सभी सेवाओं और सामग्री के रेट तय किए हुए हैं। प्रशासन की सर्विलांस टीमें चुनाव प्रचार की गतिविधियों पर पूरी निगरानी रख रही है और बड़ी जनसभा व चुनाव कार्यालयों की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करवाई जा रही है। इसलिए प्रत्याशी अपने चुनाव खर्च का विवरण समय पर चुनाव कार्यालय में जमा करवाएं।

## ट्राली चोर गिरोह का दूसरा आरोपी व सामान खरीदने वाला कबाड़ी काबू

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन



सीआईए टू कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि सीआईए टू टीम ने बीते रविवार को गुप्त सूचना पर दबिश देकर यूपी के शामली के छछरपुर गांव से आरोपी धर्मेंद्र निवासी छछरपुर को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी आरोपी अमरदीप निवासी झिंझाना शामली यूपी के साथ मिलकर कुराड़ गांव में खेत से ट्राली चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। चोरीशुदा ट्राली बरामद करने व वारदात में शामिल फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र को न्यायालय में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र की निशानदेही पर वारदात में शामिल उसके साथी आरोपी अमरदीप को बुधवार देर शाम यूपी के झिंझाना से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में चोरीशुदा ट्राली काटकर कबाड़ी संदीप उर्फ कुकन निवासी नंगला मेघा करनाल को 30 हजार रुपए में बेचने बारे स्वीकारा। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर आरोपी कबाड़ी संदीप उर्फ कुकन को करनाल से मेरठ रोड पर नंगला चौक से गिरफ्तार कर नगदी व चोरीशुदा ट्राली का सामान बरामद करने के लिए आरोपी अमरदीप व कबाड़ी संदीप उर्फ कुकन को वीरवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से दोनों आरोपियों को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल कर आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक बाइक, एक ट्रैक्टर, गैस कटर व चोरीशुदा ट्राली का फर्श व बचे 13 हजार रुपए बरामद किये। शनिवार को रिमांड अवधी पूरी होने पर तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। थाना सनौली में सुरेंद्र पुत्र सतपाल निवासी कुराड़ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 28 मार्च की देर शाम उसने खेत में गन्ने की फसल लोड करने के लिए ट्राली खड़ी की थी। सुबह जाकर देखा ट्राली नही मिली। अज्ञात चोर ट्राली को चोरी कर ले गए। सुरेंद्र की शिकायत पर थाना सनौली में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

**रिमांड**

पकड़ने के लिए पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र को न्यायालय में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया

## मोदी की रैली में कैंथला खुर्द से भारी संख्या में ग्रामीण शहर पहुंचे

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



कुरुक्षेत्र : हरियाणा प्रदेश में लोकसभा के चनाव के चलते जगह-जगह राजनेता वोटरों से रूबरू होनेके लिए बड़ी-बड़ी जनसभाएं कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज देश-के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मतदाताओं से रूबरू होने के लिए बहुत बड़ी जनसभा में शिरकत करने अंबाला शहर पहुंचे । नरेंद्र मोदी को को देखने और सुनने के लिए,जनता में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मोदी को लेकर कुरुक्षेत्र के निकटवर्ती गांव कैंथला खुर्द के ग्रामीणों में अत्यधिक खुशी का माहौल देखने को मिला । ग्राम सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी के नेतृत्व में ढोल नगाड़ों के साथ कैंथला खुर्द के ग्रामीण सैकड़ो की संख्या में बसों में सवार होकर मोदी की रैली में शामिल होने के लिए अंबाला शहर पहुंचे। सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि जनता को मोदी की गरंटी खूब पसंद आ रही है।

## संपादकीय

# हर दिल में संविधान की पहल

**कबीर** मंडलियां हर महीने की 2 तारीख को कबीर के भजन गाती थीं। इसके साथ उन भजनों से जुड़े संदेशों पर बात करती थीं। कबीर ने जो पाखंडवाद और जातिवाद पर करारा प्रहार किया है, उस पर चर्चा करती थीं। कबीर भजन एवं विचार मंच नामक समूह के तहत यह कार्यक्रम होते थे। कबीर के विचारों के प्रचार-प्रसार का यह कार्यक्रम एकलव्य से अलग स्वतंत्र कार्यक्रम के रूप में जारी है। इन दिनों देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं, जिसमें संविधान भी एक मुद्दा है। इस पर चर्चा हो रही है। लेकिन इसके साथ संविधान के मूल्य भी हैं, जो भारतीय इतिहास का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से उनका क्या नाता है? इसे समझना और उन पर अमल करना क्यों जरूरी है? आज के स्तंभ में मैं ऐसी ही पहल के बारे में बताने जा रहा हूं, जो इ? मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चल रही है। नब्बे की दशक की बात है। उन दिनों मैं इन्दौर में 'नईदुनिया' में कार्यरत था और देवास में एकलव्य संस्था के कार्यक्रमों में आता जाता रहता था। एकलव्य संस्था शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है। इस संस्था ने साक्षरता कार्यक्रम को गति देने के लिए मालवा की कबीर मंडलियों को जोड़ा था। ऐसी कबीर मंडलियां हर महीने की 2 तारीख को कबीर के भजन गाती थीं। इसके साथ उन भजनों से जुड़े संदेशों पर बात करती थीं। कबीर ने जो पाखंडवाद और जातिवाद पर करारा प्रहार किया है, उस पर चर्चा करती थीं। कबीर भजन एवं विचार मंच नामक समूह के तहत यह कार्यक्रम होते थे। कबीर के विचारों के प्रचार-प्रसार का यह कार्यक्रम एकलव्य से अलग स्वतंत्र कार्यक्रम के रूप में जारी है।
मध्यप्रदेश के पश्चिमी भाग में मालवा अंचल है। मालवा की एक पुरानी कहावत है-

**मालव धरती गहन गंभीर,**
**डग डग रोटी पग पग नीर।**

यह कहावत यहां की उपजाऊ भूमि, जिसमें अच्छी उपज होती है, यहां की समृद्धता को दशार्ती है और पानी की बहुलता को भी बताती है। यहां की बोली मालवी है। यहां के ज्यादातर लोग खेती करते हैं। जो भूमिहीन या कम जमीन वाले हैं, वे खेतों में मजदूरी करते हैं। यहां के मालवी गेहूं बहुत प्रसिद्ध थे। कम पानी या बिना पानी के यह गेहूं होते थे। मालवा के दाल-बाफला भी बहुत प्रसिद्ध हैं। यहां कबीर की परंपरा बहुत पहले से है। मालवा में कबीर पंथ के अनुयायी काफी बड़ी संख्या में हैं, जिनमें दलित भी हैं। कबीर ने इंसानियत का संदेश दिया है, जिससे स्वतः ही लोग जुड़ाव महसूस करते हैं। कबीर ने लोकभाषा में दैनिक जीवन के अनुभवों को अपने गीतों, दोहों व दर्शन में स्थान दिया है। इसलिए कबीर को मानने वालों में परंपराओं के व्यवहार में हैं, जो मालवा में भी देखा जा सकता है। इस अंचल की एक और संस्था कबीर के विचारों के प्रचार-प्रसार में जुटी है। इस संस्था का नाम कबीर जन विकास समूह है। इससे जुड़े सुरेश पटेल बताते हैं कि हमारी लोक संस्कृति में पहले से ही एकता, समता, प्रेम, भाईचारा, समानता और बंधुता की जोड़ने वाली परंपरा है। कबीर इस परंपरा के महत्वपूर्ण कवि थे। कबीर ने धर्म संप्रदाय, जातियां, गरीब-अमीरी के खांचों में बंटे समाज को जोड़ने काम किया। उनमें चेतना जगाई। एकता, समता,प्रेम, भाईचारा, बंधुता का संदेश दिया।

# भारत के हथियार उद्योग में उछाल, निर्मित हो रहा बाजार

**- नन्तू बनर्जी**

> "विश्व रक्षा खर्च पिछले साल रिकॉर्ड 2.2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया। क्या भारत वैश्विक सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज कर सकता है और चीनी सैन्य आक्रामकता को रोकने के लिए उन्नत हथियारों की अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए आयात करके खुश रहना जारी रख सकता है? दिलचस्प बात यह है कि चीन ने पिछले पांच वर्षों में अपने हथियारों के आयात में कटौती की है। चीन ने विदेशी निर्मित हथियारों के स्थान पर अपनी 'स्वयं' तकनीक से निर्मित हथियारों का इस्तेमाल किया। चीनी निमार्ता अमेरिकी सैन्य बुनियादी ढांचे में गहराई से जुड़े हुए हैं। फ्रांस उन्नत चिप प्रौद्योगिकी की चीन और रूस में संदिग्ध तस्करी की जांच कर रहा है। चीन की विदेशी हथियारों की खरीद में अभी भी रूस का बड़ा योगदान है"

**भूमि,** समुद्र और एयरोस्पेस सहित भारत की सीमाओं पर सुरक्षा परिदृश्य और क्षेत्र में देश के मुख्य सैन्य आलोचक चीन के बढ़ते रणनीतिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए, आने वाले वर्षों में इसके रक्षा बजट में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। घरेलू रक्षा निमार्ताओं को सशस्त्र बलों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए मजबूती से कमर कसने की जरूरत है। हालांकि, घातक हथियार बनाने की उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियां आसानी से उपलब्ध नहीं हैं।
भारत का रक्षा विनिर्माण उद्योग तेजी से देश की अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में उभर रहा है और चुपचाप नवीनतम शेयर बाजार में एक उछाल ला रहा है। रक्षा निमार्ताओं के लिए इतना अच्छा समय पहले कभी नहीं था। निजी क्षेत्र के रक्षा विनिर्माण उद्यम भी पारंपरिक सरकार द्वारा संचालित सार्वजनिक हथियार निमार्ताओं की तरह बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। देश के 10 रक्षा शेयरों में पिछले एक साल में 446 फीसदी तक का उछाल आया है। शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में हैं : एचएएल, मझगांवडॉक, भारत फोर्ज, भारत डायनेमिक्स, पारस डिफेंस एंड स्पेस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आइडियाफोर्ज, एमटीएआर टेक्नालॉजीज, डेटापैटर्न, सोलर इंडस्ट्रीज, गोवा शिपयार्ड और तनेजा एयरोस्पेस।
एसीईइक्विटी डेटाबेस के अनुसार, निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स ने 12 महीने की अवधि में 142प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, जो बेंचमार्क निफ्टी 50 से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, जिसने इसी अवधि में 26प्रतिशत रिटर्न दिया है। निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स के कुल 15 शेयरों में से 14 ने निवेशकों को सकारात्मक रिटर्न दिया है। वहीं, 10 शेयरों में 100 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। देश के आयुध विनिर्माण बाजार का आकार 2024 में 17.40 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। इसके 2029 तक 23.05 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। भारत की हथियारों की मांग उनकी घरेलू आपूर्ति से कहीं अधिक है क्योंकि देश दुनिया का शीर्ष रक्षा उत्पाद आयातक बना हुआ है। ऐसा तब तक बने रहने की संभावना है जब तक घरेलू रक्षा उद्योग अमेरिका, रूस, चीन, यूके, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल जैसे दुनिया के शीर्ष




हथियार विनिर्माण देशों में से कुछ के बराबर नहीं हो जाता। अब तक भारत का सैन्य बजट अपनी सेना को खिलाने के लिए काफी छोटा रहा है, जो चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है। कागज पर भारत का रक्षा बजट अमेरिका (832 अरब डॉलर), चीन (227 अरब डॉलर) और रूस (109 अरब डॉलर) की तुलना में 74 अरब डॉलर के साथ चौथा सबसे बड़ा है। वास्तव में, भारत का अधिकांश रक्षा बजट सैन्य कर्मियों के वेतन और पेंशन पर खर्च किया जाता है। विडंबना यह है कि 1.4 अरब नागरिकों के साथ दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत का वार्षिक रक्षा खर्च सऊदी अरब के 72 अरब डॉलर के सैन्य बजट के करीब है। सऊदी अरब की कुल जनसंख्या 37 मिलियन से भी कम है। भूमि, समुद्र और एयरोस्पेस सहित भारत की सीमाओं पर सुरक्षा परिदृश्य और क्षेत्र में देश के मुख्य सैन्य आलोचक चीन के बढ़ते रणनीतिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए, आने वाले वर्षों में इसके रक्षा बजट में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। घरेलू रक्षा निमार्ताओं को सशस्त्र बलों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए मजबूती से कमर कसने की जरूरत है। हालांकि, घातक हथियार बनाने की उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियां आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को हथियार निमार्ताओं को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। अमेरिका समर्थित यूक्रेन-रूस युद्ध, इजराइल-हमास लड़ाई, उत्तर कोरिया की वाशिंगटन विरोधी और सियोल विरोधी बयानबाजी और प्रशांत और भारत-प्रशांत क्षेत्रों और इसके बेल्ट के तहत अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका महाद्वीपों में चीन के लगातार सैन्य विस्तार आदि के परिणाम स्वरूप मांग और बढ़ेगी। सामरिक सड़क निर्माण की पहल और विश्व शांति और सुरक्षा के विवादास्पद मुद्दों से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र की कमजोर स्थिति, आने वाले वर्षों में हथियारों और आपूर्ति की वैश्विक मांगों में भारी वृद्धि कर सकता है। ब्लूमबर्ग की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में पीछे हटने की होड़ से अगले दशक में अकेले 7 देशों को करीब 10ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता है। इसकी सूचीबद्ध सुरक्षा चुनौतियों में रूस, अस्थिर पश्चिम एशिया और चीनी सेना द्वारा प्रशांत क्षेत्र की ओर अमेरिका का ध्यान आकर्षित करना शामिल है। इसमें कहा गया है कि वैश्विक पुनरुद्धार का एक नया युग भारी लागत पर गति पकड़ रहा है और पहले से ही अस्थिर सार्वजनिक वित्त से जूझ रही पश्चिमी सरकारों द्वारा कुछ कड़े फैसले लिए जा रहे हैं। विश्व रक्षा खर्च पिछले साल रिकॉर्ड 2.2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया। क्या भारत वैश्विक सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज कर सकता है और चीनी सैन्य आक्रामकता को रोकने के लिए उन्नत हथियारों की अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए आयात करके खुश रहना जारी रख सकता है? दिलचस्प बात यह है कि चीन ने पिछले पांच वर्षों में अपने हथियारों के आयात में कटौती की है। चीन ने विदेशी निर्मित हथियारों के स्थान पर अपनी 'स्वयं' तकनीक से निर्मित हथियारों का इस्तेमाल किया। चीनी निमार्ता अमेरिकी सैन्य बुनियादी ढांचे में गहराई से जुड़े हुए हैं। फ्रांस उन्नत चिप प्रौद्योगिकी की चीन और रूस में संदिग्ध तस्करी की जांच कर रहा है।

चीन की विदेशी हथियारों की खरीद में अभी भी रूस का बड़ा योगदान है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस इंस्टीट्यूट के अनुसार, 2019-23 में चीन के हथियारों के आयात में पिछले पांच वर्षों की तुलना में 44 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे वह विदेशी हथियारों के दुनिया के सबसे बड़े खरीदारों की सूची में 10वें स्थान पर आ गया। रूस ने चीन की सैन्य खरीद का 77 प्रतिशत आपूर्ति की, जिसमें विमान के इंजन और हेलीकॉप्टर सिस्टम शामिल हैं। इसके बाद 13 प्रतिशत के साथ फ्रांस का स्थान है, जबकि भारत दुनिया का शीर्ष हथियार आयातक बना हुआ है। भारतीय निवेशक देश के हथियार निर्माण उद्योग को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं। घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार और उसके डीआरडीओ को मिलकर काम करने की जरूरत है। देश ने अपनी मिसाइल प्रणाली बनाने में काफी अच्छा काम किया है। स्वदेशी रूप से विकसित बख्तरबंद वाहन, सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस, वायु रक्षा प्रणाली आकाश, चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान एलसीए तेजस उन भारतीय हथियार प्रणालियों में से हैं, जिन्होंने कई विदेशी खरीदारों की रुचि को आकर्षित किया है। भारत को एक मजबूत और जीवंत रक्षा विनिर्माण उद्योग का निर्माण करके हथियारों के आयात में भारी कटौती करने के लिए और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। नतीजतन, भारत में रक्षा शेयरों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जायेगी, जिससे आने वाले वर्षों में उनके स्टॉक की कीमतों में वृद्धि होगी। रक्षा उद्योग की प्रकृति उच्च लागत वाली मशीनरी और अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं में पर्याप्त अग्रिम निवेश की मांग करती है, जिसके लिए भारी पूंजी की आवश्यकता है। अब समय आ गया है कि बड़े-बड़े औद्योगिक घराने विशिष्ट उत्पाद फोकस वाली अलग-अलग कंपनियों को बढ़ावा देकर रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में प्रवेश करें। बाजार ऐसे उद्यमों को गोद लेने के लिए तैयार है।

## कविता

### खून के रिश्ते

वक्त ही वक्त में सब कुछ जताता है,
अपनों के बीच कितना लगाव है
व्यवहार सब कुछ खुलकर बताता है,
एक समय में ऐसा लगता था,
एक दूसरे में जान बसता था,
जिंदगी में सब आगे बढ़ने लगे,
सब अपना भविष्य गढ़ने लगे,
पर परिस्थितियां सदा एक सा नहीं होता,
केवल हंसना भी साथ रहे जरूरी नहीं
समय आने पर दिख जाता है रोता,
जब अपने हमेशा के लिए छोड़कर जाते हैं,
सबको रह रह रूलाते है,
तब सबकी भावनाएं एक जैसी हो जाती है,
एक दूजे के अहित न होने की याद आती है,
उस दिन महसूस होता है कि
खून के रिश्ते झटकों से नहीं टूटते,
व्यवहार में भले नजर आए पर
बंधनों का जाल ऐसा होता है
जो हमेशा के लिए नहीं रूठते।

राजेन्द्र लाहिरी

# पर्यावरणीय क्षरण-कारण और प्रभाव

विजय गर्ग

**पर्यावरण** वह सब कुछ है जो हमें चारों ओर से घेरे हुए है, पेड़-पौधे, हवा, जंगल आदि सभी हमारे पर्यावरण का हिस्सा हैं और किसी न किसी रूप में हमारे लिए बहुत उपयोगी हैं। हमारा प्राकृतिक वातावरण हमें स्वच्छ और ताजा पानी प्रदान करता है जिसका उपयोग हम पीने के लिए करते हैं, हमें स्वच्छ ताजी हवा, फल और सब्जियां, बारिश, सूरज की रोशनी आदि प्रदान करते हैं जिनका उपयोग हम अपने भरण-पोषण और विकास के लिए कई तरह से करते हैं। पर्यावरण क्षरण एक शब्द है जिसका उपयोग उस स्थिति का वर्णन करने के लिए किया जाता है जिसमें हमारे प्राकृतिक पर्यावरण का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाता है। यह पर्यावरण में एक अवांछनीय परिवर्तन या गड़बड़ी है। इसका उपयोग भूमि, जल या वायु को होने वाले नुकसान के संदर्भ में किया जा सकता है। पर्यावरणीय क्षरण का मतलब किसी क्षेत्र में जैव विविधता की हानि और प्राकृतिक संसाधनों की हानि भी हो सकता है। यह प्रदूषण या किसी अन्य कारण से हवा और मिट्टी जैसे संसाधनों की कमी के माध्यम से प्राकृतिक पर्यावरण की गिरावट है, जिससे हमारे पारिस्थितिक तंत्र के विनाश के साथ-साथ वन्यजीवों का विलुप्त होना भी होता है। आज मानव जाति जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है उनमें से एक पर्यावरणीय गिरावट है जिसमें बढ़ता प्रदूषण, जनसंख्या, वनों की कटाई, मरुस्थलीकरण शामिल है, जो जलवायु परिवर्तन का कारण बनता है। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय गिरावट कुछ क्षेत्रों के लिए नहीं, बल्कि पूरे अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बढ़ती चिंता का मुद्दा है। पर्यावरणीय क्षरण से समाज की असुरक्षा बढ़ जाती है और यह संसाधनों की कमी में योगदान देता है और कभी-कभी कुछ प्राकृतिक आपदाओं का कारण बनता है या प्राकृतिक आपदा के समय विनाश बढ़ सकता है। पर्यावरणीय क्षरण का प्राथमिक कारण मानव द्वारा उत्पन्न प्रकृति में अशांति है। पर्यावरणीय प्रभाव की मात्रा कारण, निवास स्थान और उसमें रहने वाले पौधों और जानवरों पर निर्भर करती है। पर्यावरणीय क्षरण उन दस खतरों में से एक है जिसके बारे में संयुक्त राष्ट्र के उच्च-स्तरीय खतरा पैनल ने आधिकारिक तौर पर आगाह किया है। पर्यावरण के क्षरण से ताजा पेयजल, स्वच्छ हवा, वनस्पति आदि जैसे संसाधनों की कमी हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के कारण चरम मौसम की तीव्रता के साथ-साथ गर्मी की लहरें, बाढ़, सूखा और उष्णकटिबंधीय चक्रवात की आवृत्ति में भी वृद्धि होती है। समय अत्यंत असुविधाजनक होने के साथ-साथ घातक भी हो सकता है। तटीय समुदायों, छोटे द्वीप राष्ट्रों, उप-सहारा अफ्रीका और एशियाई डेल्टा क्षेत्रों सहित सबसे कमजोर क्षेत्रों में रहने वाले लोग जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय गिरावट से सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। पर्यावरणीय क्षरण के कारण और प्रभाव पर्यावरणीय क्षरण मानव द्वारा की गई सामाजिक-आर्थिक, संस्थागत और तकनीकी गतिविधियों की गतिशील परस्पर क्रिया का परिणाम हो सकता है।

## विचार

# वैदिक तथा सनातनी ग्रंथ, मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के उत्प्रेरक

संजीव ठाकुर

**भारतवर्ष** सदैव आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता रहा है। अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत को सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता है। आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है। यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की "सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति" यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है। धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता ।ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है। सुभाष चंद्र बोस,महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, सरोजनी नायडू और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में सच्चरित्र जीवन और मानसिक आध्यात्मिक शक्ति एवं ऊर्जा के कारण ही स्वतंत्रता संग्राम में पराधीन भारत को स्वतंत्रता दिलवाई थी। किसी भी देश के नागरिक को एक दिन में सच्चरित्र नहीं बनाया जा सकता बल्कि बालकों को बाल्यकाल से ही नैतिक शिक्षा से शिक्षित किया जाकर सदाचार का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। यह सर्वविदित है कि मनुष्य के चरित्र और व्यक्तित्व पर देश परिस्थितियां शिक्षा और समाजिक व्यवहार का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है और नैतिकता सदाचार का पाठ किसी भी व्यक्ति को एक दिन में नहीं पढ़ाया जा सकता है। दुष्ट चरित्र पुरुष समाज में कभी भी प्रसिद्धि प्राप्त नहीं कर सकता सदैव अपनी बदनामी के कारण सिर झुका कर छुप कर घूमता है, इसीलिए भारतीय चिंतकों, मनीषियों ने लिखा और कहा है की चरित्र सदाचार की रक्षा मनुष्य को संपूर्ण प्रयास कर निरंतर करते रहना चाहिए। क्योंकि नागरिकों का नैतिक और सदाचारी स्वभाव और व्यवहार राष्ट्रीय संपत्ति होता है और यही संपत्ति राष्ट्र को एक सशक्त राष्ट्र और उत्कृष्ट देश बनाने में सदैव सहायक होता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# स्वाति मालीवाल से जुड़ा बवाल

राकेश

**आम आ**दमी पार्टी की खास नेत्री सुश्री स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निज सचिव द्वारा की गयी मारपीट की घटना अब रोचक हो गयी है। इस घटना की तह में जाने से पहले आपको स्वाति का अर्थ और स्वाति का महत्व समझना चाहिए। स्वाति का अर्थ है सरस्वती। स्वाति का अर्थ है तलवार। स्वाति हिन्दू धर्म से जुड़ा बहुत ही मन मोहने वाला नाम है। स्वाति सरस्वती है और एक नक्षत्र भी। स्वाती नाम की राशि कुंभ है। इस राशि की लड़कियां स्वभाव से बेहद ईमानदार होती हैं। यह किसी भी परिस्थिति के हिसाब से अपने आप को ढाल लेती हैं। स्वाती नाम की लड़कियां अक्सर दोस्ती करने से पहले सामने वाले व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से परखती है। इस राशि की स्वाती नाम की लड़कियों के करियर की बात करें तो यह फोटोग्राफर, वैज्ञानिक, लेखिका, मनोवैज्ञानिक व वकील सफलतापूर्वक बन सकती हैं।
आप की नेता और दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के साथ जो कुछ हुआ वो विस्मयकारी,पीड़ादायक और निंदनीय है । लेकिन सवाल ये है कि सामाजिक आंदोलन से होते हुए आम आदमी पार्टी से जुड़ी स्वाति के साथ मुख्यमंत्री के निज सचिव को इतनी बदतमीजी करने का साहस अचानक आ कहाँ से गया ? स्वाति न मुक्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए नई हैं और न उनके निज सचिव के लिये । आप ने स्वाति को महिला आयोग का अध्यक्ष भी बनाया और राज्य सभा भी भेजा,जाहिर है कि वे पार्टी के लिए महत्वपूर्ण रहीं हैं ,लेकिन अचानक उनके साथ मुख्यमंत्री के निज सचिव का दुर्व्यवहार ये जाहिर करता है कि स्वाति के किसी क्रियाकलाप से मुख्यमंत्री के निज सचिव अवगत थे और उन्होंने इसीलिए स्वाति को मुख्यमंत्री से मिलने से रोका और जब नहीं रुकीं तो जो किया सो सब सीसीटीवी में कैद है।
इस घटना के बाद स्वाति आप में रहेंगीं इसमें मुझे संदेह है। मुझे आशंका है कि वे आजकल में ही भाजपा के शरणार्थी शिविर में आश्रय ले सकतीं है ।मामला पुलिस के पास पहुँच चुका है और पुलिस मुख्यमंत्री आवास के कार्यालय तक। भाजपा बहुत पहले से वहां पहुंचना चाहती थी ,लेकिन रास्ता अब बना ,वो भी स्वाति के जरिये।

# एक नेता के आँसू

डॉ. सुरेश कुमार

**नेता** जी मंच पर आते ही आँसुओं से भरी आँखों और कंपकंपाती आवाज में जनता को संबोधित करने लगे, "मेरे प्यारे देशवासियों, आपकी तकलीफें मेरी तकलीफें हैं।" यह सुनकर जनता का दिल पिघल गया, मानो नेता जी उनके दर्द के साथी हों। लेकिन सच्चाई क्या है? आइए, इस व्यंग्य के माध्यम से जानें। नेता जी का नाम हम रमेश बाबू रख लेते हैं, क्योंकि असल नाम बताने से कहीं वो बुरा ना मान जाएं। रमेश बाबू, राजनीति के महारथी, जब चुनाव का समय आता है तो उनके आँसू भी आ जाते हैं। वो गांव-गांव जाकर जनता की समस्या सुनते हैं, लेकिन जैसे ही कैमरा बंद होता है, उनके चेहरे की हँसी वापस आ जाती है। रमेश बाबू का गाँव दौरा किसी फिल्म के शूटिंग जैसा होता है। गाड़ी से उतरते ही, उनका पहला कदम धूल-मिट्टी में नहीं पड़ता, बल्कि रेड कारपेट जैसा बिछाया गया सफेद कपड़ा पर पड़ता है। गांव वालों के बीच जाते ही, वो एक किसान को गले लगाते हैं, मानो बहुत ही अपनापन हो। लेकिन जैसे ही किसान की हालत का जायजा लेते हैं, उनके मन में विचार आता है, "कैसे लोग हैं ये, इतने गंदे कपड़े पहनते हैं।" जब वे किसी गरीब के झोपड़े में बैठते हैं तब उनकी आँखों में आँसू आ जाते हैं। लेकिन ये आँसू उनके दुख के नहीं, बल्कि उन कीड़े-मकोड़ों से बचने के लिए होते हैं जो उनके शरीर पर रेंग रहे होते हैं। उन्हें देखकर लगता है जैसे वो किसी सर्कस के जोकर हों, जो लोगों को हँसाने के लिए ही बनाए गए हैं। उनके हर भाषण में एक ही राग होता है, "हम आपकी गरीबी मिटा देंगे, रोजगार दिलाएंगे, सबको शिक्षा मिलेगी।" लेकिन उनके मन में चलता है, "ये सब बातें सिर्फ चुनाव जीतने के लिए हैं। असल में, इनकी हालत में सुधार हो भी गया तो हमारी राजनीति का क्या होगा?" रमेश बाबू का असली चेहरा तब सामने आता है जब वो अपनी आलीशान कोठी में पहुँचते हैं। वहाँ पहुंचकर वो अपने साथियों के साथ हँसी-मजाक में लग जाते हैं, "अरे भाई, आज फिर से जनता को बेवकूफ बनाया। देखा कैसे रोना शुरू कर दिया जब मैंने उनकी गरीबी की बात की?" और सब ठहाके मारकर हँसते हैं। उनकी ये दोहरी जिंदगी देखकर लगता है जैसे वो जनता के दुख से नहीं, अपने ड्रामे से रोते हैं। उनकी आँखों के आँसू नकली हैं, और हँसी असली।

## न्यूज फ्लैश

### घर बैठे मतदाता डाउनलोड कर सकते हैं अपना फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड-डॉ० मनोज कुमार

**सोनीपतः जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरू कर रखी है। मतदाता घर बैठे ही चुनाव आयोग की वेबसाइट ६६६.५ङ्मशी१२ढ्ढ्रं.ङ्म५.ल्ल से अपना फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यदि मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या आयोग की वेबसाइट ६६६.५ङ्मशी१२ढ्ढ्रं.ङ्म५.ल्ल से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजिलॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है। ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। उन्होंने बताया कि वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजिलॉकर में स्टोर कर-के रखा जा सकता है।

**निर्वाचन आयोग के एप से ऐसे करे डिजिटल वोटर कार्ड डाउनलोडः-**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग की वेबसाईट या एप से नए यूजर को पहले रजिस्टर करना होगा। इसके बाद ई-ईपीआईसी डाउनलोड करने के विकल्प पर क्लिक करें। तत्पश्चात ई-ईपीआईसी नंबर या फॉर्म रेफरेंस नंबर को दर्ज करें। इसके बाद आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा और ई-ईपीआईसी से वोटर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

### निजी स्कूल द्वारा अवैध वसूली पर जिला शिक्षा अधिकारी, कुरुक्षेत्र ने लगाया अंकुश

**कुरुक्षेत्रः** पिहोवा के एक प्राइवेट स्कूल द्वारा स्कूली डायरी के नाम पर बच्चों से 100 रुपए लेने की शिकायत मिलने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी, कुरुक्षेत्र द्वारा कड़ा संज्ञान लेते हुए पिहोवा के नामी प्राइवेट स्कूल को पत्र जारी बच्चों से ली गई डायरी की राशि वापिस करने के लिए कहा गया है। पत्र संख्या 2239 दिनांक 17 मई 2024 के अनुसार डायरी के नाम पर 100 रुपये लेने शिक्षा विभाग के नियमों के विरूद्ध है। गौरतलब है कि स्कूल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्कूल द्वारा बच्चों को 100 रुपये जमा करने के लिए कहा गया था जिसका विरोध करते हुए अभिभावक रूपेश कुमार व अन्य द्वारा 30 अप्रैल को ईमेल के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र को शिकायत भेजी गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी, कुरुक्षेत्र के संज्ञान में आते ही खंड शिक्षा अधिकारी पेहवा को 30 अप्रैल को ही पत्र भेजकर मामले की जांच करके रिपोर्ट देने के लिए कहा गया। खंड शिक्षा अधिकारी, पेहवा ने जांच में पाया कि निजी स्कूल द्वारा स्कूली डायरी के नाम पर बच्चों से 100 रुपये एकत्रित किए गए।
डीईओ कुरुक्षेत्र द्वारा जारी पत्र के आदेश के अनुसार निजी स्कूल को तुरंत प्रभाव से सभी बच्चों से लिए गए 100 रुपए वापिस करने तथा इस संबंध में रिपोर्ट बनाकर 20 मई तक कार्यालय भिजवाने के लिए कहा गया है। अभिभावक रूपेश कुमार ने कहा कि यह आदेश स्पष्ट रूप से बच्चों व अभिभावकों की जीत है। अब देखना यह है कि स्कूल प्रधानाचार्य बच्चों को उनके 100 रुपए कब वापस देते हैं? अगर वह पैसे वापस नहीं देते तो हम उनके खिलाफ फिर से शिकायत दर्ज करेंगे।

### खेलों में भाग लेने से विद्यार्थियों में बढ़ती आत्मविश्वास की भावना

**हिसारः यहां के** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में इंटर क्लास क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ छात्र कल्याण निदेशक डॉ. पवन कुमार ने किया व बच्चों की हौसला अफजाई की। डॉ. डीएस बिढान व खेल इंचार्ज डॉ. यशवंत सिंह ने शनिवार को प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए छात्रों का उत्साह बढ़ाया।

# ये पीएम का पद कोई गोहाना के मातूराम की जलेबी है क्या : पीएम मोदी





**सोनीपत/संजीव कौशिक।। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** शनिवार को भाजपा के विजय संकल्प रैली के लिए हरियाणा के अंबाला और सोनीपत पहुंचे। उन्होंने पहले अंबाला और फिर सोनीपत में रैली को संबोधित किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पीएम मोदी को हल देकर और भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली ने शाल भेंटकर स्वागत किया। पीएम मोदी ने दोनों जगह की रैली में इंडी गठबन्धन पर जमकर निशाना साधा। कहा इंडी गठबन्धन में पीएम चेहरे को लेकर पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने की चर्चा है। ऐसा लगता है जैसे प्रधानमंत्री का पद गोहाना के मातूराम की जलेबी हो गई है। सोनीपत में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली के समर्थन में विजय संकल्प रैली करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से भाषण शुरू कर सबसे पहले सोनीपत की जनता को राम-राम बोला। पीएम ने कहा कि मैं सोनीपत की पवित्र भूमि को प्रणाम करता हूं। हरियाणा की यह धरती युद्ध में भी गीता का ज्ञान सुनाती है। जब मुकाबला सत्य और असत्य के बीच में हो तो विजय सत्य की ही होती है।2024 के चुनावी कुरुक्षेत्र में आज एक ओर देश का विकास है। दूसरी ओर वोट जिहाद है। एक तरफ विकास की बात है और दूसरी तरफ वोट जिहाद की बात है कौन जीतेगा। आपके जवाब ने तय कर दिया है। 4 जून को मातूराम की जलेबी का क्या होगा। सारी खाली हो जाएगी।पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस 10 साल से सत्ता से बाहर है। पूरी तरह बौखला रही है। इन्हें वो पुराने दिन याद आ रहे हैं जब शाही परिवार रिमोट कंट्रोल से परिवार चलाता था। सभी योजनाएं एक ही परिवार के नाम पर होती थीं। देश का पैसा भ्रष्ट लोगों की तिजोरी में जाता था। लाखों करोड़ के घोटाले होते थे। पीएम मोदी ने कहा कि, नाम बदलने से असलियत नहीं बदलती है। पीएम मोदी ने कहा कि, इंडी गठबंधन वाले वही भ्रष्टाचारी और घोटालेबाजों की जमात है। इन्हें किसी भी कीमत पर सत्ता चाहिए और कीमत देश की सुरक्षा, स्थिरता सम्मान खतरे में डालकर चुकानी पड़ेगी। कहा कि, सीमा पर हमारे हरियाणा के जो छोरे खड़े हैं मोदी ने उनको खुली छूट दे दी। अब गोलियां गिनने की जरूरत नहीं है। नतीजा अब आपके सामने है। मोदी के इन फैसलों से कांग्रेस और इंडी का कलेजा फट रहा है। उनसे पाकिस्तान की हालत देखी नहीं जा रही है। अब कांग्रेस वाले पाकिस्तान के प्रवक्ता बन गए हैं और उनकी तरफ से भारत को धमकी देते हैं। कहते हैं जरा डरो ये पाकिस्तान के पास परमाणु बम है। ये मुझे आंखें दिखा रहे हैं। वो मोदी को पहचान नहीं पाए हैं। जनता से पूछा कि क्या भारत को पाकिस्तान से डरना चाहिए क्या। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोनीपत से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली को यहां से सांसद बनाने की अपील करते हुए कहा कि, सोनीपत में मोहन लाल बडौली को दिया आपका एक-एक वोट सीधे मेरे खाते में आएगा।

**हरियाणा की सभी 10 सीटें आपकी झोली में डालेंगे :** सीएम सैनी ने मंच से पीएम नरेंद्र मोदी को हरियाणा की 10 की 10 सीटें उनकी झोली में डालने का आश्वासन दिया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पीएम मोदी को हल भेंट कर स्वागत किया। साथ ही सोनीपत से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली पीएम मोदी को शॉल भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान नायब सिंह सैनी ने कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेतृत्व में ही संभव हुआ है कि मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को प्रदेश का नेतृत्व सौंपा है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। मंच पर पीएम मोदी, ओपी धनखड़, मोहनलाल बड़ौली, गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत भाजपा जिलाध्यक्ष समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे।

### एचएयू को तीन डिजाइन को भारतीय पेटेंट कार्यालय की ओर से मिले प्रमाण-पत्र

**हिसारः हरियाणा** कृषि विश्वविद्यालय को वसेर्टाइल हैंडी ट्रॉली, स्कॉलर चेयर व मूवेबल मिल्किंग स्टूल नामक तीन डिजाइन विकसित करने पर भारतीय पेटेंट कार्यालय ने डिजाइन का पंजीकरण प्रदान किया है। इन सभी डिजाइन को भारत सरकार की ओर से प्रमाण पत्र मिल गया है। सभी डिजाइन को विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डा. मंजू महता की देखरेख में दो शोध छात्राओं आयशा और मीनू ने किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने शनिवार को कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय को एक साथ तीन डिजाइन प्राप्त हुए हैं।

## गुरु वन्दन छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। भारत विकास** परिषद की माधव शाखा द्वारा करनाल इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई कक्षा दसवीं की परीक्षा के नतीजे घोषित होने के उपलक्ष्य में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। माधव शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र चिकारा के नेतृत्व और परिषद की प्रान्तीय बाल संस्कार शिविर संयोजिका डॉक्टर सुचेता गुप्ता के निर्देशन, गौरी दत्ता, प्रोफेसर सुजाता गुप्ता, सचिव राजेश भाटिया, कोषाध्यक्ष अनिल गिरधर, प्रोफेसर पायल चौधरी, डॉक्टर वीके चोधरी, लीला चिकारा, और शशी गर्ग का करनाल इंटरनेशनल स्कूल पहुंचने पर चेयरमैन कर्नल अरुण दत्ता और प्रिंसिपल गरिमा शर्मा द्वारा स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर परिषद के सदस्यों के स्वागत में स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम डॉक्टर विक्रम साराभाई सभागार में आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ गायत्री मंत्र और वन्दे मातरम से किया गया। मंच संचालन का कार्य कक्षा 11 के छात्र ओम और कक्षा 10वीं के छात्र हिमांशु द्वारा बहुत सरलता से किया गया। इस अवसर पर परिषद के सदस्यों द्वारा दसवीं की सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्रों का अभिन्दन किया गया। सभी छात्रों को एक गोल्डन मैडल और एक प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। समारोह में करनाल इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल और 9 अध्यापकों को विद्यार्थियो को सही शिक्षा और मार्गदर्शन देने के लिए उनका वंदन करते हुए एक गोल्ड मैडल प्रदान किया गया। समारोह में सभी विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के पांव छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कर्नल अरुण दत्ता द्वारा परिषद के सभी सदस्यों का करनाल इंटरनेशनल स्कूल में पर्दापण पर धन्यवाद किया गया और स्कूल के छात्रों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह संस्था छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और आने वाले समय में इस स्कूल के छात्र उच्च पदों पर रहकर देश और समाज सेवा से अपना और अपने माता पिता का नाम रोशन करेंगे।

### हरियाणा में 25 लाख युवा बेरोजगार : आप

**कलायत/कैथल**
**आम आदमी पार्टी** के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कलायत के गांव खेड़ी शेर खां, कसान और जाखोली में जनसभा की। उन्होंने कहा कि जब वोट करने जाओ तो एक बार किसानों, युवाओं और महिलाओं के बारे में जरूर सोचना। जिनका बीजेपी सरकार ने अपमान करने का काम किया है। कुरुक्षेत्र की धरती महाभारत के लिए जानी जाती है। जहां पर 5 पांडव जीते थे और बैलेट पेपर पर इंडिया गठबंधन का नंबर भी 5 है। इसका मतलब इस बार कुरुक्षेत्र से डॉ. सुशील गुप्ता जीतने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब बीजेपी का समय समाप्त हो गया है। इस बार जनता इनको गद्दी से उठाकर जमीन पर पटकेगी। संविधान ने हमें पांच साल में एक बार वोट डालने का अधिकार दिया है। पांच साल में एक बार ऐसा समय आता है जब नेता आपके पीछे घूमते हैं नहीं तो पूरे पांच साल जनता नेताओं के पीछे घूमती है। पांच साल में केवल एक मौका ऐसा आता है जब ये नेता मतदाता के पास आते हैं। जैसा व्यवहार बीजेपी ने आपके साथ किया अब उसका हिसाब कर लेना। उन्होंने कहा कि बीजेपी जनता के वोट का अधिकार छीनना चाहती है। चुनाव को खत्म करने की शुरूआत हो चुकी है।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर करनाल पुलिस सतर्क



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पुलिस अधीक्षक** करनाल दीपक सहारन के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव.2024 को स्वतंत्र व निष्पक्ष ढंग से करवाने हेतू अपराधिक गतिविधियों को रोकने व अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान जारी है। इसके तहत पुलिस द्वारा अपराधों व अपराधियों पर अंकुश लगाते हुए आमजन के मन में सुरक्षा के भाव को पुख्ता किया गया है। एसपी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के तहत चलाए इस अभियान के तहत 16 मार्च से 17 मई तक जिला पुलिस द्वारा 8 मोस्ट वांटेड अपराधी, 63 उद्घोषित अपराधी व 117 बेल जंपर अपराधी गिरफतार किए गए। इसके अलावा जिला पुलिस द्वारा इस समय के दौरान 13 अवैध देशी पिस्तौल, 8 चाकू व 21 कारतूस अपराधियों से बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस द्वारा कुल 396 किलोग्राम नशीले पदार्थ पकड़े गए, जिनकी अनुमानित कीमत 33,46,846 रुपए है। इसके अलावा 15,033 लीटर अवैध शराब जिला पुलिस द्वारा पकड़ी गई है, जिसकी कीमत 19,22,863 रुपए है। इन सभी अपराधों के संबंध में जिला पुलिस द्वारा अलग-अलग थानों में अब तक कुल 273 मामले दर्ज किए गए व इन सभी मामलों में 315 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी दीपक सहारन ने बताया कि इस दौरान जिला पुलिस द्वारा 457 नोन बेलेबल वारंटो की तामील करवाकर उनका निपटारा करवाया गया व 290 नोन बेलेबल वारंटो की रिपोर्ट बनाकर कोर्ट को भेजी गई है। अभियान के तहत ही जिला पुलिस द्वारा अंतरराज्यीय व अंतरजिला स्तर पर और समय-समय पर शहर व आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चैकिंग भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मताधिकार हर जन का अपना अधिकार है, पुलिस आपकी सेवा, सुरक्षा व सहयोग के लिए हर समय आपके साथ है, इसलिए आप निडर होकर अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा अब तक 11,442 लाईसेंसी हथियार जमा करवाए जा चुके हैं और इन हथियारों का जमा करवाना चुनावी प्रक्रिया का एक हिस्सा है।

## संदीप भारद्वाज ने दिव्यांशु बुद्धि राजा की रैली में कांग्रेस से हाथ मिलाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत...कमाल हुसैन**
**आने वाली 25 मई** को प्रदेश में एक बड़ी पंचायत को लेकर चुनाव होने जा रहे हैं जिसको लेकर सभी पार्टियों का चुनाव प्रचार तेज हो गया है। इसी प्रचार के दौरान कई लोगों की आस्था अब कांग्रेस पार्टी में नजर आ रही है और वह कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं शहरी विधानसभा से पूर्व विधायिका रोहिता रेवाड़ी ने पिछले दिन कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की थी और अब सेवा ही धर्म के संस्था के प्रधान व ग्रामीण विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एडवोकेट संदीप भारद्वाज खलीला ने इसराना में हुई करनाल लोकसभा दिव्यांशु बुद्धि राजा की रैली में कांग्रेस पार्टी से हाथ मिलाया। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कांग्रेस पार्टी पटका पहनकर कांग्रेस परिवार में शामिल किया। एडवोकेट संदीप खलिला ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई बेरोजगारी गरीबी से तंग आकर अब बदलाव मांग रही है बदलाव जरूर होगा कांग्रेस पार्टी के सरकार बनेगी और विकास की एक नई लहर चलेगी जिससे सभी को तमाम व सुविधाएं उपलब्ध होगी जिससे वह वंचित रह रहे हैं।

## घर-घर तक पहुंचाने के लिए हुआ वर्कशॉप का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सीजेएम डॉ. सविता** कुमारी के आदेशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सभी पैनल एडवोकेटस के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य है कि सभी पैनल एडवोकेटस को आमजनों के बीच में जाकर मुफ्त कानूनी सहायता कैसे प्रदान की जाती है और यह किस-किस को मिल सकती है, उसके बारे में विस्तारपूर्वक बताया। अगर कोई बाढ़ पीड़ित व्यक्ति मिलता है तो उसकी समस्या के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण किस प्रकार से व्यापक सहायता कर सकता है। वर्कशॉप के माध्यम से सभी पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को बताया गया कि 1987 के प्रावधान के तहत उन्हें मुकदमा न्यायालय में कोई मुकदमा लंबित है या किसी बैंक में प्री लिटिगेटेड स्टेज पर है तो वह व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता लेकर, जिसमें उसे वकील की सेवाएं प्रदान की जाती हैं ताकि वह वकील उसके संबंधित मामले को उच्च न्यायालय में या अभिकरण में सुनिश्चित ढंग से पेश कर सके।
मुफ्त कानूनी सहायता अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के सदस्य, स्त्रियों अथवा बच्चे, वरिष्ठ नागरिक, औद्योगिक कामगार, एचआईवी पॉजिटिव ग्रसित व्यक्ति, किन्नर समुदाय से संबंधित व्यक्ति, दंगा पीड़ित और उनके परिवार वाले, स्वतंत्रता सेनानी अथवा आश्रित, किशोर अपराधी अर्थात 18 वर्ष तक आयु के व्यक्ति को सम्मिलित करते हुए परीक्षण आधीन व्यक्ति जो हिरासत में सुरक्षा ग्रह अथवा मानसिक अस्पताल अथवा नर्सिंग होम में मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति या वह व्यक्ति जिसकी आय वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम है या मनुष्य का अवैध व्यापार किए जाने से आहत व्यक्ति, इत्यादि को मुफ्त कानूनी सहायता मिल सकती है।

## मोदी के नेतृत्व में सुपर पॉवर के रुप में उभरा भारत : पुष्कर



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/ फरीदाबादः**
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि 2014 से पहले विश्व में भारत की पहचान दब्बू-पिछ लग्गू के रुप में होती थी। भारत अपनी बात विश्व पटल पर भी सही तरह से नहीं रख पाता था। 2014 में सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में सुपर पॉवर के रुप में उभरा है। उन्होंने कहा कि आज अगर विश्व में कोई घटना घटित हो जाती है तो उस पर भारत के रूख का इंतजार रहता है। ये नया भारत मोदी जी के द्वारा बनाया गया है। आज पूरी दुनिया में 76 प्रतिशत रेटिंग के साथ मोदी जी सबसे बड़े नेता बनकर उभरे हैं, उन्हें ह्यमोदी द बॉसह्न कहकर संबोधित किया जाता है। पिछले दस सालों में विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में भारत ने अमेरिका और यूरोप को पीछे छोड़ आगे बढ? का काम किया है।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को फरीदाबाद की जवाहर कालोनी स्थित रॉयल वाटिका में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना द्वारा भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जनसभा में पहुंचने पर शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा, पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना, जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा सहित सभी भाजपा नेताओं ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का फूल मालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विश्व के मानचित्र पर आज भारत एक नया स्थान बना चुका है। भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर से पांचवें नंबर पर आ गई है और वह दिन दूर नहीं जब यह पहले नंबर पर होगी। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भारत दुनिया के बड़े-बड़े देशों को टक्कर दे रहा है, वही हथियारों के निर्माण क्षेत्र में भी भारत बड़ा निर्यातक बन चुका है। श्री धामी ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि 2014 से पहले जो योजनाएं आती थी, कुछ विशेष लोगों को ही लाभान्वित किया जाता था, लेकिन मोदी सरकार ने इस परंपरा को बदलते हुए बड़े-बड़े पदों पर सामान्य लोगों का चयन कर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु का उदाहरण देते हुए कहा कि वे आदिवासी परिवार से ताल्लुक रखती है और उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह इस पद पर आसीन होंगी। श्री धामी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की बात हो या फिर खुले में शौच बंद करने के अलावा देशभर में फ्लाईओवर्स बनवाने, एम्स अस्पताल बनवाने सहित ऐसे अनेकों कार्य हैं।

## आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव के लिए 25 मई को होगा मतदान



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग की ओर से बड़े स्तर पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन 13 मई से किया जा रहा है और यह अभियान 23 मई तक जारी रहेगा। इन गतिविधियों के तहत 25 मई को होने वाले लोकसभा के आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल व जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा के प्रयासों से मतदाता जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, निबंध, मेंहदी व रंगोली, रघु नाटिका, सेमिनार, संकल्प पत्र, शपथ, जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है।

# मालीवाल से बदसलूकी के आरोपी बिभव अरेस्ट

## कोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत याचिका, हरिहरन ने तर्क दिया कि किसी भी मामले में सात साल की सजा नहीं है





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आप की राज्यसभा** सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी मामले में गिरफ्तार बिभव कुमार ने दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी। वहीं कोर्ट ने उनकी इस याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। और बाद में खारिज कर दिया। बिभव कुमार की ओर से बहस करते हुए वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने कहा, "मैंने दलील दी है कि यह कोई मामला ही नहीं है और यह अंतरिम जमानत का मामला है। मैंने अग्रिम जमानत की वकालत की है, क्योंकि सीसीटीवी फुटेज और कवरेज में जो देखा गया है, बयान में यह नहीं बताया गया है कि आदेश को तीन दिन की देरी से आज के लिए सुरक्षित रखा गया है?"

**बिभव के अधिवक्ता ने दिए अदालत में तर्क:** वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन ने कहा कि बिभव कुमार पुलिस स्टेशन में मौजूद हैं और उनकी गिरफ्तारी की आशंका है। हरिहरन ने तर्क दिया कि किसी भी मामले में सात साल की सजा नहीं है। यह भी तर्क दिया कि जहां पर घटना हुई है, वहां पर सीसीटीवी था और सीएम से मुलाकात के लिए पहले से अप्वाइंटमेंट लेना जरूरी होता है, लेकिन स्वाति सीधे सीएम आवास पहुंच गई, जोकि सीएम की सुरक्षा में सेंध है।

**दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित:** उन्होंने कहा कि सुनवाई के दौरान अदालत को वीडियो दिया गया, इसमें सीएम के घर में स्वाती मालीवाल के बैठे दिखाई दे रही हैं। हरिहरन ने कहा कि स्वाति द्वारा लगाए जा रहे आरोप समझ से परे हैं, आखिर बिभव ऐसे मारपीट करना क्यों शुरू करेंगे? हरिहरन ने कहा कि कई लोग वहां मौजूद थे, अगर स्वाति के साथ कोई मारपीट होती तो वह चिल्लाती, अगर वह चिल्लाती तो वहां मौजूद लोग सुनते। अदालत ने तर्कों को सुनने के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया।

**तीस हजारी कोर्ट में दायर की थी अर्जी:** वहीं, सीएम अरविंद केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव कुमार को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया गया। बता दें, पुलिस ने उन्हें आज ही सीएम आवास से गिरफ्तार किया था। इससे पहले, बिभव कुमार ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी।

### सीसीटीवी फुटेज की होगी जांच: दिल्ली पुलिस

**दिल्ली** पुलिस सूत्रों ने कहा कि जब स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर 13 मई की घटना को एफएसएल टीम के साथ रीक्रिएट किया। इस दौरान सीएम आवास के अंदर कई जगहों के सीसीटीवी फुटेज की डीवीआर रिकॉर्डिंग को सील कर दिया गया। इसकी भी जांच की जाएगी कि फुटेज के साथ कोई छेड़छाड़ हुई थी या नहीं?

**बिभव के वकील की प्रतिक्रिया:** बिभव कुमार का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील करण शर्मा की प्रतिक्रिया भी आई है। उन्होंने कहा, "हमें अभी तक पुलिस से कोई जानकारी नहीं मिली है। हमने उन्हें एक ई-मेल भेजा है कि हम जांच में सहयोग करेंगे।" वहीं विभव ने भी कहा कि वह पुलिस के साथ जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं। वहीं, मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीजेपी पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने कहा- बिभव कुमार ने तीस हजारी कोर्ट में केस फाइल किया और कहा कि एफआईआर की कॉपी उन्हें आधिकारिक तौर पर उपलब्ध करवाई जाए। लेकिन आज सुबह दिल्ली पुलिस कोर्ट में एक जवाब देती है कि ये एफआईआर बहुत संवेदनशील है, इसलिए हम कोर्ट में जमा नहीं कर सकते और आरोपी को नहीं दे सकते।

**सुनवाई**

▶▶ अगर स्वाति के साथ कोई मारपीट होती तो वह चिल्लाती, अगर वह चिल्लाती तो वहां मौजूद लोग सुनते

# मुख्यमंत्री के आवास पर 40 मिनट का हुआ सीन रीक्रिएट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के मामले में देर शाम पुलिस की टीम स्वाति मालीवाल को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर पहुंची। करीब 40 मिनट तक पुलिस टीम अंदर रही और 13 मई की घटना को रीक्रिएट किया गया। एंट्री गेट से लेकर एग्जिट तक की जांच की गई। उस दिन क्या हुआ था, इसके बारे में स्वाति मालीवाल से वहीं पर पूछताछ की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दौरान सोफे पर कौन बैठा था, कौन कितनी दूर पर था। विभव कुमार कहां पर था उस दौरान कौन-कौन से सिक्योरिटी के ऑफिसर मौजूद थे। इन तमाम सवालों को मौके पर ही जानने की कोशिश की गई। शाम 7:05 पर पुलिस टीम जांच करके वापस सीएम हाउस से लौटी। इस दौरान सिविल लाइन थाना के अलावा उत्तरी जिले की एडिशनल डीसीपी भी मौजूद रही।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्वाति मालीवाल अपने एक सहयोगी के साथ वहां पर पहुंची थी और वह लंगड़ा कर चल रही थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को भी चेक किया है और कुछ फुटेज भी लिया है।

**जांच जारी**

▶▶ पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दौरान सोफे पर कौन बैठा था, कौन कितनी दूर पर था

# स्वाति मालीवाल की मेडिकल रिपोर्ट आई सामने

**रिपोर्ट**

▶▶ मेडिकल जांच की आई रिपोर्ट में उनके चेहरे पर अंदरूनी चोट की बात सामने आई थी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल की मेडिकल रिपोर्ट में उनके बाएं पैर, दाहिने गाल पर चोट के निशान हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहयोगी बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया था। मामले को लेकर स्वाति ने बिभव कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी, जिसके बाद यह मामला सामने आया था। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार सुबह पीड़ित स्वाति मालीवाल का मेडिकल टेस्ट कराया। बताया जा रहा है की उनकी मेडिकल जांच तीन घंटे तक चली थी। मेडिकल जांच की आई रिपोर्ट में उनके चेहरे पर अंदरूनी चोट की बात सामने आई थी। उनका कंप्यूटेड टोमोग्राफी स्कैन भी कराया गया।

**स्वाति ने एफआईआर में किया पिटाई का जिक्र**
स्वाति मालीवाल की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा कि बिभव कुमार ने उन्हें कई बार लात और करीब सात-आठ थप्पड़ मारे। स्वाति जब मदद के लिए चिल्लाने लगीं तब भी बिभव नहीं रुका। आरोप लगाया कि बिभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया। स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने बिभव कुमार को आरोपी बनाया था।

**'मैं मासिक धर्म से गुजर रही हूं':** स्वाति ने एफआईआर में बताया, 'मैंने उनसे बार-बार कहा कि मैं मासिक धर्म के दौर से गुजर रही हूं। कृपया मुझे जाने दें।

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अभिनेता वापस घर लौटे



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: तारक मेहता** का उल्टा चश्मा टीवी सिरियल के अभिनेता गुरुचरण सिंह, जो 22 अप्रैल से लापता थे, घर लौट आए हैं। पुलिस ने बताया कि लौटने पर अभिनेता ने कहा कि वह धार्मिक यात्रा पर थे। 22 अप्रैल को उसके बुजुर्ग पिता द्वारा गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने के बाद दिल्ली पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था।

दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी रोहित मीणा के अनुसार गुरु चरण सिंह सोढ़ी 17 मई को अपने घर लौट आए। उनके लौटने के बाद घर वालों ने पुलिस को जानकारी दी। रोहित मीणा का कहना है कि अभी उनका ऑफिसियल बयान दर्ज नहीं हुआ है, लेकिन पुलिस बयान दर्ज कर यह पता लगाएगी कि आखिर वह किन परिस्थितियों में किन वजहों से घर से गायब हुए थे। उन्होंने कहा कि गुरु चरण सिंह सोढ़ी का कोर्ट के माध्यम से स्टेटमेंट रिकॉर्ड होगा तब जाकर साफ हो पाएगा कि यह किन कारणों से घर से दूर चले गए और फिर अचानक लौट आये। खबर यह भी आई थी कि एक्टर की शादी होने वाली थी और वह आर्थिक तंगी से भी जूझ रहे थे। पुलिस को छानबीन के दौरान उनके 10 से ज्यादा फाइनेंशियल अकाउंट मिले थे और 27 जीएमेल अकाउंट पाए गए थे। एक फुटेज भी मिला था, जिसमें वह ई-रिक्शा और फिर पैदल जाते दिखाई दिए थे।

# नड्डा ने केजरीवाल और आप को घेरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली सीएम केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल दुनिया के सामने बेनकाब हो गए हैं। नड्डा ने कहा कि आम आदमी पार्टी झूठ के आधार पर बनी है और इसकी विश्ववसनीयता भी खत्म हो गई है। एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में जेपी नड्डा से सवाल किया गया कि आम आदमी पार्टी आरोप लगा रही है कि भाजपा ने स्वाति मालीवाल को भेजा था ताकि सीएम अरविंद केजरीवाल को फंसाया जा सके?

**नड्डा ने केजरीवाल और आप को घेरा:** इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि 'आम आदमी पार्टी झूठ के आधार पर बनी है और इसकी विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है। आज अरविंद केजरीवाल पूरे देश और दिल्ली के सामने बेनकाब हो गए हैं। अगर ये भाजपा की साजिश होती तो क्यों वे माइक को इधर से उधर कर रहे हैं और लोगों के सवालों से बच रहे हैं? उन्हें बोलने से कौन रोक रहा है? आम आदमी पार्टी की संस्कृति दिखाती है कि वे लोगों को अपने घर बुलाते हैं और फिर उन्हें पीटते हैं। हमारी स्वाति मालीवाल से या हमारी पार्टी के किसी नेता की उनसे कोई बात नहीं हुई। हमारे काम का तरीका ये नहीं है, हम सीधी सपाट बात करने वाले हैं।

अब उनकी चोरी पकड़ी गई है और उनकी विश्वसनीयता भी नहीं बची है। वे किसी भी हद तक गिर सकते हैं।'

**स्वाति मालीवाल ने दिल्ली सीएम आवास में अपने साथ मारपीट होने का लगाया है आरोप**
राज्यसभा सांसद और आम आदमी पार्टी की नेता स्वाति मालीवाल ने हाल ही में आरोप लगाया है कि दिल्ली सीएम आवास में उनके साथ मारपीट हुई और मारपीट सीएम केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार द्वारा की गई। स्वाति मालीवाल ने इस मामले में शुक्रवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराया। गौरतलब है कि इस मामले में अभी तक सीएम केजरीवाल ने अपने पीए बिभव कुमार को नहीं हटाया है। साथ ही आम आदमी पार्टी ने स्वाति मालीवाल के आरोपों को सिरे से खारिज भी कर दिया है। इतना ही नहीं आप की नेता आतिशी मालेर्ना ने आरोप लगाया कि स्वाति मालीवाल भाजपा की साजिश का मोहरा थीं।

**आप निशाने पर**

▶▶ आम आदमी पार्टी की संस्कृति दिखाती है कि वे लोगों को अपने घर बुलाते हैं और फिर उन्हें पीटते हैं : नड्डा

# राकेश भारद्वाज चौकः आदर्श रसोई ने मनाया उपप्रधान तरसेम सिंह का जन्मदिन

## धूमधाम से मनाया गया तरसेम सिंह का जन्मदिन, पदाधिकारियों में दिखा गजब का उत्साह









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी **'राकेश भारद्वाज चौक'** पर आदर्श रसोई ने अपने तीसरे साल के सातवें रविवार का सफर भी पूरा कर लिया है। इस मौके पर सभी लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। इस विशेष मौके पर आदर्श रसोई के उप प्रधान तरसेम सिंह का धूमधाम से जन्मदिन मनाया। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।


**रिबन काटकर तरसेम ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ:** आदर्श रसोई ने तरसेम सिंह का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से तरसेम सिंह व परिवार ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

**तरसेम परिवार का हुआ भव्य स्वागत, मालाएँ पहनाकर किया गया अभिनंदन:** तरसेम सिंह के जन्मदिन के मौके पर पूरा परिवार मौजूद रहा, जिनका आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था। तरसेम सिंह के व्यक्तित्व और जीवन पर भी प्रकाश डाला गया और तरसेम सिंह द्वारा समाज के प्रति किए गए कार्यों का सबके सामने रखा।

**आदर्श रसोई का सहभागी होने पर गर्व है : तरसेम सिंह**
इस विशेष मौके पर तरसेम सिंह ने कहा कि आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है। उनके विचार आज भी हम सभी को मार्गदर्शन करते हैं। सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से सेवा परमोधर्म का कार्य कर रहे हैं। मैं भी पिछले तीन वर्ष से इस रसोई के साथ जुड़ा हुआ हूँ। मुझे खुशी है कि मैं भी रसोई के सहभागी के रूप में अपना योगदान देता हूँ।

**ईश्वर का सदैव आशीर्वाद सब पर बना रहे: तरसेम सिंह**
श्री सिंह ने कहा कि देखते ही देखते आदर्श रसोई ने कई आयाम स्थापित कर लिए हैं। समाज का भी हमें भरपूर सहयोग मिला है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

**लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली**
आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने हर बार की तरह लजीज व्यंजनों से सजी थाली सभी को परोसी। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया



# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर : मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य कर रही है। भारत विश्व गुरु तभी बन सकता है, जब देश में ऐतिहासिक बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बने और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें। पूर्व मुख्यमंत्री गांव कतलेहड़ी में अपनी जनसंपर्क यात्रा के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सर्व समाज की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। मनोहर लाल को उनके वजन के बराबर करीब 85 किलो 300 ग्राम लड्डूओं से तोला गया। ठाकुर महीपाल राणा, मास्टर लाल सिंह, सरपंच चौ. सुनील कादियान व चौ. सुरेन्द्र कादियान ने लड्डू तोलन किया। मनोहर लाल की यात्रा पर फूल बरसाकर स्वागत किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को राजूपत समाज की ओर से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, रोड़ समाज ने गुरु ब्रह्मानंद, ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम, सिख समाज की ओर से गुरु नानक देव जी की, वाल्मीकि समाज ने महर्षि वाल्मीकि, सैन समाज ने सैन भगत, प्रजापत समाज ने दक्ष प्रजापत, हरिजन समाज ने डा. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भेंट की। मनोहर लाल ने सभी तस्वीरों व प्रतीक चिन्हों को अपने माथे से लगाकर सर्व समाज का आशीर्वाद लिया। मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी धर्म समाज का आदर करने वाली पार्टी है। भाजपा हमेशा सबको साथ लेकर चलते आई है। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा व विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की जनता बड़े मार्जन से भाजपा को जिताकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क, पंडित जिलेराम शर्मा, प्रो. विरेन्द्र चौहान, लाल सिंह, खेम सिंह, जयपाल सिंह, कैप्टन मेनपाल, वेदपाल सिंह, प्रदीप सिंह, रामभूल सिंह, शमशेर सिंह, रतन सिंह, गुरिया सिंह, धर्म सिंह, मांगे राम, डा. ब्रिज मोहन शर्मा, भगता सिंह, जोगी राम, रोशन, सुमेर चंद, सुरेन्द्र शर्मा, सुरजभान, सोमनाथ, हुकम सिंह, दौलत राम, ऋषिपाल, धीरा राम, जसबीर, गुरिया, अमरा, रामफल, ओमप्रकाश, विनोद कुमार, प्रदीप मेहरा, सुखबीर, पवन भोला, महीपाल, पवन, ऋषिपाल, संजय, ओम प्रकाश, प्रेम, जसबीर सहित अन्य मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बोले.....अगर जीता तो लोकसभा में उठाऊंगा बात

**टीम ,क्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। सर्व कर्मचारी** संघ हरियाणा की केंद्रीय कमेटी के निर्णयानुसार जिला कमेटी की ओर से राज्य कमेटी सदस्य शारदा, जिला प्रधान सुशील गुर्जर सिरसी, जिला सचिव सेवा राम बड़सर के संयुक्त नेतृत्व में अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन इंडिया गठबंधन लोकसभा प्रत्याशी दिवांशु बुद्धिराजा को दिया गया। संघ के जिला प्रवक्ता कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि ज्ञापन देकर सर्वकर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने उनसे पूछा कि कर्मचारियों की मांगों के बारे में वे अपना रुख साफ करें और बताएं कि यदि वे जीतते हैं तो कर्मचारियों की मांगों को लागू करने के लिए क्या प्रयास करेंगे। इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी ने कहा कि यदि वे निर्वाचित होते हैं तो वे लोकसभा में कर्मचारियों की आवाज उठाएंगे और मांगों का समर्थन करते हैं। कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि इस तरह के ज्ञापन सर्वकर्मचारी संघ तमाम पार्टियों के उमीदवारों व निर्दलीय प्रत्याशियों को दे रहे हैं और उन तमाम पार्टियों के नेताओं से, उम्मीदवारों से पूछ रहे हैं कि पुरानी पेंशन लागू करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, खाली पड़े पदों पर नियमित भर्ती करने, कौशल निगम भंग करने आदि पर उनके क्या विचार हैं और यदि वो सत्ता में आए तो क्या करेंगे। इस अवसर पर सर्वकर्मचारी संघ के पूर्व जिला प्रधान ओमप्रकाश सिंहमार, जिला सह सचिव मास्टर रमेश शर्मा, मास्टर अजय कुमार, निसिंग खण्ड प्रधान अशोक भाटिया, करनाल खंड प्रधान भाग सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश मैहरा, पीडब्ल्यूडी वर्कर यूनियन के जिला प्रधान रंगलाल संधू, ब्रांच प्राधन ऋषिपाल, लछमन सिंह, बिजली यूनियन से राज्य नेता सतीश मान, राजेन्द्र राणा, सर्कल सचिव विशाल भनवाला, यूनिट प्रधान अजीत सैनी, सचिव जगमाल सिंह, मोहन कुमार, सुशील कुमार, रामतेज सिंह, क्लर्क यूनियन प्रधान सुरेंद्र सिंह, मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध हथियार सहित आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। सीआइए वन** शाखा द्वारा आरोपी हरविन्द्र सिंह उर्फ रवि पुत्र मेजर सिंह वासी रोहड़ थाना सफीदों, जींद को सैक्टर-3, करनाल में इंडस्ट्रीयल एरिया से सब्जी मंडी के पास बिना किसी लाईसेंस की एक अवैध देशी पिस्तौल व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि उसे हथियार रखने का शौक है और उसने यह हथियार करीब एक से डेढ़ साल पहले करनाल के ही रहने वाले एक व्यक्ति से खरीदा था। आरोपी के खिलाफ पहले भी थाना सफीदों में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### राजकीय स्कूल से पंखे व बैटरी चोरी

**गन्नौर। शेखपुरा के राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल से चोर कंप्यूटर लैब को ताला तोड़कर हजारो रुपये का सामान चोरी कर ले गए। स्कूल प्राचार्य ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दी। शिकायत में प्राचार्य ने बताया कि 16 मई को उन्हें स्कूल के चौकीदार ने कंप्यूटर लैब में चोरी होने की सूचना दी। उन्होंने स्कूल आकर लैब की जांच की तो लैब से 15 बैटरी व पंखे गायब मिले। पुलिस ने प्राचार्य की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी है।

### परिक्षित मोक्ष की कथा के साथ हुआ सात दिवसीय भागवत कथा का समापन



**गन्नौर। बसंत विहार** में श्री बांकेबिहारी श्री जी सेवा मंडल द्वारा आयोजित बसंत विहार में पुष्प वर्ल्ड स्कूल के निकट चल रही श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को सामपन हुआ। राधा-कृष्ण के वेश में बाल कलाकारों के साथ भक्तों ने झूम कर कथा का सामपन किया। कथा वाचक सुधाकर महाराज ने भक्ति गीत गाकर अमृत रस भर दिया। कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र, श्री कृष्ण उद्धव संवाद, श्री परिक्षित मोक्ष की कथाओं का वर्णन कर लोगों को भक्ति में डुबो दिया। उन्होंने कहा कि हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए, कर्म करो लेकिन, फल की इच्छा मत करो। भगवान हमेशा सच्चे भक्तों में ही वास करते है। उनके बताए सच्चाई के रास्ते पर चलने वाला भक्त जीवन में कभी हार का मुंह नही देखता। कथा में विशेष तौर पर उपस्थित हुए समाजसेवी प्रेमचंद सोनी व कैलाश सोनी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में भव्य आरती की गई। रविवार को हवन के साथ भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम की व्यवस्था मंडल के अध्यक्ष संजय गौतम, संरक्षक प्रवीन सिंघल, सचिव राजेश चौहान, कोषाध्यक्ष राजीव राय, उपाध्यक्ष प्रवेश मदान, संदीप सोनी, कमल शर्मा आदि ने संभाली।

### कैथल: नकाबपोश बदमाशों ने व्यापारी पर की फायरिंग

**कैथल:** शनिवार को यहां रेलवे रोड पर बड़ा डाकखाना के पास तीन नकाबपोश बदमाशों ने दुकान पर बैठे एक व्यापारी पर फायरिंग कर दी। बदमाशों ने तीन फायर किए जिसमें दुकानदार बच गया। थाना शहर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

मिली जानकारी अनुसार शनिवार शाम के करीब साढ़े पांच बजे बड़ा डाकखाना के पीछे स्थित दुर्गा मार्केट में आशीष ट्रेडिंग के नाम से दाल और चावल की थोक की दुकान चलाने वाले दुकानदार राजेश कुमार पर फायरिंग की। इस दौरान बाइक सवारों ने तीन राउंड फायर किए, लेकिन गनीमत यह रही कि फायरिंग के दौरान दुकानदार को गोली नहीं लगी। इस घटना के बाद मौके पर डीएसपी गुरविंद्र सिंह सहित सिटी थाना और सीआईए की टीम जांच के लिए पहुंची।

# गुरु-चेला दोनों ही फंसे हुए हैं, उसका क्या?

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। बापू भाग गया** और बेटे को फंसा गया वाले सीएम नायब सैनी के बयान पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पलटवार किया है। करनाल के गांव काछवा पहुंचे भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि अरे, गुरु-चेला दोनों ही फंसे हुए हैं, उसका क्या? पहले एक ने लूटा, अब दोनों मिलकर लूट रहे हैं। कांग्रेस की गुटबाजी पर भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि सब एक हैं और किसी भी तरह की कोई गुटबाजी नहीं है। भाजपा में भी गुटबाजी है, पहले वे अपनी गुटबाजी को संभाल लें। अनिल विज भाजपा के साथ दिखाई ही नहीं पड़ते। पूर्व सीएम हुड्डा ने सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल दोनों पर ही निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अबकी बार सीएम भी चुनावी मैदान में हैं और पूर्व सीएम भी। ये दोनों इक्के फंस चुके हैं और अबकी बार मौका मत चूक जाना और फिर हमारा काम देखना। कांग्रेस के स्टार प्रचारक भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इंडिया गठबंधन संयुक्त रूप से लोकसभा का चुनाव लड़ रहा है। इंडिया गठबंधन का मुख्य उद्देश्य संविधान को बचाना है। संविधान बचेगा तो प्रजातंत्र बचेगा और प्रजातंत्र बचेगा तो वोट का अधिकार बचेगा। पूरे देश से आवाज आ रही है कि इंडिया गठबंधन की सरकार देश में होगी।

उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तो प्रदेश रोजगार में नंबर एक पर था, विकास में नंबर एक पर था। लेकिन 10 साल भाजपा को हो चुके हैं, आज बेरोजगारी में नंबर एक पर है और भ्रष्टाचार में नंबर एक पर है।

पूर्व सीएम ने कहा कि कौशल रोजगार निगम में युवाओं को कच्ची नौकरियां दे रहे हैं, युवाओं के साथ भद्दा मजाक कर रहे हैं। भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है, न तो मेरिट है, न ही लिमिटेशन है। हम पूरी व्यवस्था को बदल देंगे। इन लोगों ने सिर्फ पोर्टल बना रखे हैं और उन्हीं के चक्कर में लोग चक्कर काट रहे हैं। किसान को भी उलझा रखा है और मजदूर को भी। उन्होंने कहा कि आज अपराधी यहां पर बेधडक घूम रहे हैं।

# 103 ग्राम अफीम सहित नशा तस्कर काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। सीआईए वन** टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर नाकाबंदी करके आरोपी नरवैर सिंह पुत्र बुटा सिंह वासी उपलाना थाना असंध, करनाल को उपलाना मोड करनाल रोड असंध से काबू किया गया। आरोपी के कब्जे से 103 ग्राम अफीम बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। सीआइए वन प्रभारी उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी से पूछताछ पर सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदि है और उसने अफीम की यह खेप यूपी से असंध आये एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदी थी। कहा कि आरोपी यूपी के उस व्यक्ति का नाम पता नहीं जानता, लेकिन बावजूद इसके उसने उस तस्कर के संबंध में कुछ ठोस साक्ष्य दिए हैं।

# नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छापने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिला निर्वाचन अधिकारी** एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला में पंजीकृत सभी प्रिंटिंग प्रेस को चुनाव पैम्फलेट, पोस्टर और संबंधित सामग्री की छपाई और प्रकाशन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें चुनाव पैम्फलेट, पोस्टर आदि की छपाई और प्रकाशन प्रतिनिधित्व की धारा 127-ए के प्रावधानों द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित नहीं करें। चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पैम्फलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिसमें छह महीने की सजा से लेकर प्रिंटिंग प्रेस का लाइसेंस निरस्त करने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की हुई है।

# वोट देकर देश को मजबूत बनाना महिलाओं का दायित्व है

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौर: लोकसभा चुनाव में** मतदान करने के लिए आधी आबादी उत्साहित है। इस बार के चुनाव में महिलाओं का वोट काफी महत्वपूर्ण होगा। सोशल मीडिया से लेकर विभिन्न सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में महिलाएं भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। रौनक पब्लिक स्कूल में बने मतदान केन्द्र के पास समाज सेविका मंजू पहल की अध्यक्षता में आयोजित जागरूकता अभियान में योग क्लास से जुड़ी योग शिक्षिका पिंकी त्यागी, सुनील राठी, किरण तिवारी, रेखा अधलखा, मीनाक्षी अरोड़ा, कविता,सुमन, अनीता ,सुमन,इंदु, सीमा, नीलम, शारदा आदि ने मिलकर महिलाओं से चुनाव के दिन मतदान करने की अपील की जा रही है। मंजू पहल ने कहा कि महिला सशक्तीकरण से देश के विकास को भी नयी दिशा मिल रही है। समाजसेविका मंजू पहल ने कहा कि वोट किसे करना है और क्यों करना है इसके लिए महिलाओं को जागरूक होना पड़ेगा। समाज के सभी क्षेत्रों में हमारा प्रतिनिधित्व बढ़ा है, यह कहीं न कहीं हमारे मतदान से ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की माहिलाएं जागरूक हैं, इस बार गन्नौर का वोटिंग परसेंटेज बढ़ेगा। निश्चित रूप से माहिलाएं अपने अधिकार के लिए आगे आयेंगी। मंजू पहल ने कहा कि आज एक-एक वोट की कीमत है. हमें एक ऐसी सरकार चुननी चाहिए, जो भारत को तरक्की की नयी राह दिखा सके। देश की तरक्की होगी तो हर व्यक्ति आगे बढ़ेगा। इसके लिए महिलाओं को मतदान के महत्व को समझना होगा। माहिलाएं स्वयं को जागरूक करने के साथ-साथ पुरुषों को भी मतदान के लिए जागरूक करे। हर हाल में वोट देना जरूरी है. घर के कामकाज को बाद में निपटाएं. पहले मतदान केंद्र पर वोट देने जाएं आसपास की महिलाओं को भी जागरूक करें। महिलाएं जिस प्रकार पर्व त्योहारों में उत्साहित रहती हैं. उसी प्रकार लोकतंत्र के इस महापर्व को भी मनाएं।

# राजेंद्र दादूपुर ने कई गांवों में किया जन संपर्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**वोट की अपील**

**करनाल में विकास करवाने के लिए विधानसभा में पुरजोर आवाज उठाई जाएगी**

**करनाल। करनाल विधानसभा** से आजाद प्रत्याशी किसान नेता राजेंद्र आर्य दादूपुर ने विधानसभा करनाल के गांव काछवा, पुंडरक, रतनगढ़ का दौरा कर जनसंपर्क किया। गांव काछवा में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राजेंद्र आर्य दादूपुर ने कहा कि करनाल विधानसभा में साढे नौ साल से अटके सभी विकास कार्यों को नई गति देंगे और करनाल में विकास करवाने के लिए विधानसभा में पुरजोर आवाज उठाई जाएगी। राजेंद्र आर्य दादूपुर ने कहा कि महंगाई भ्रष्टाचार और रोजगार पर चोट करने के लिए गन्ना किसान को वोट दें। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में समान विकास का बहाना बनाकर पूरे प्रदेश को विकास से वंचित रखा। उनके शासनकाल में बेरोजगारी रिकॉर्ड चरम सीमा पर पहुंची। नायब सिंह सैनी अगला सामान्य विधानसभा चुनाव करनाल हलके से कतई नहीं लड़ेंगे, बाहरी प्रत्याशियों के चलते करनाल के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। गांव में ग्राम सभा को मजबूती दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र को आवारा पशुओं से मुक्ति दिलाएंगे। ऐसा मॉडल सेट करेंगे कि गांव में गांव की सरकार और शहर में शहर की सरकार असली मायने में बने। साढ़े नौ साल में भी मनोहर लाल करनाल के नहीं हो पाए और अब एक बाहरी प्रत्याशी को विधानसभा उम्मीदवार के तौर पर करनाल हलके पर थोपा जा रहा है। इस अवसर पर जयभगवान, जगदीप सिंह, अनिल कुमार कश्यप, अजय कुमार अनुज, बलबीर, चिराग, हरप्रीत, रोशन कश्यप आदि मौजूद रहे

# आपस के झगड़े में भाई ने की भाई की हत्या

टीम एक्शन इंडिया

जींद: उचाना खंड के गांव लोधर में शनिवार को आपसी कहासुनी में एक भाई ने अपने ही भाई की तेजधार हथियार से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक के शव को नरवाना नागारिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया है। उचाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव लोधर निवासी संदीप (45) तथा उसका अविवाहित छोटा भाई सुनील खेत में मकान बना कर रह रहते हैं। शनिवार को दोनों भाइयों में कहासुनी हो गई। शराब के नशे मे धुत्त सुनील ने अपने बड़े भाई संदीप पर लाठी तथा तेजधार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। संदीप के परिजनों ने सुनील से छुप कर घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर संदीप को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर डीएसपी उचाना, थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। बताया जाता है कि दो दिन पहले भी दोनों भाइयो में झगड़ा हुआ था। जिस पर सुनील अपने बड़े भाई से खफा था। शनिवार दोपहर बाद मौका पाकर सुनील ने अपने बड़े भाई संदीप पर हमला कर हत्या कर दी। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नरवाना नागरिक अस्पताल के शव गृह मे रखवाया है।

# डी.ए.वी.गन्नौर में अधिष्ठापन समारोह में चयनित छात्रों को दिलाई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**




**गन्नौर: गढ़ी झंझारा रोड स्थित** जयंती प्रसाद डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व की भावना का विकास करना एवं आत्मविश्वास की भावना जगाना है ताकि विद्यार्थी आगे चलकर किसी भी गतिविधि का कुशलता पूर्वक नेतृत्व कर सकें। कार्यक्रम में हेड गर्ल के रूप में कक्षा 12वीं की छात्रा शिवानी व हेड बॉय के रूप में कक्षा 12वीं के छात्र विनय को चयनित किया गया। वॉइस हेड गर्ल के रूप में 11वीं कक्षा की छात्रा सोनम एवं वॉइस हेड बॉय के रूप में शौर्य बंसल को चयनित किया गया। स्कूल सेक्रेटरी के रूप में 11वीं कक्षा की छात्रा मिस संजना को चयनित किया गया। अग्नि हाउस में हाउस कैप्टन के रूप में कक्षा 11वीं से वासु एवं कशिश, अंबर हाउस में हाउस कैप्टन के रूप में कक्षा 12वीं से जुनैद और अंशुल, पृथ्वी हाउस से कक्षा 12वीं के छात्र मयंक और श्रेया ,वायु हाउस में कक्षा 12वीं से अतुल और खुशबू को हाउस कैप्टन के रूप में चुना गया।

सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने कार्य के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली एवं विद्यालय की हर गतिविधि में सहयोग देने का संकल्प किया। प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश ने भी सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय में होने वाली हर गतिविधि को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी विद्यार्थी अपनी जिम्मेवारी को निभाएंगे। विद्यालय व समाज के प्रति निष्ठावान रहेगें एवं भविष्य में विद्यालय का नाम भी रोशन करेंगे।

# जेसीबी ने बाइक को मारी टक्कर, युवती की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। नमस्ते चौक** के फ्लाईओवर पर जेसीबी की टक्कर से हुए हादसे में 21 वर्षीय दीप्ति की मौत गई। दीप्ति अपने चचेरे भाई के साथ बाइक पर सवार होकर करनाल में सरकारी नौकरी के लिए फार्म भरने के लिए आ रही थी। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका दीप्ति मदनपुर गांव की रहने वाली थी। मृतका के चाचा बलबीर सिंह ने बताया कि सरकारी नौकरी के लिए फार्म भरने के लिए वह करनाल आ रही थी। उसके साथ चचेरा भाई अजय था, जो बाइक चला रहा था। जैसे ही उनकी बाइक नमस्ते चौक के फ्लाईओवर पर पहुंची तो अचानक तेज रफ्तार जेसीबी ने बाइक को टक्कर मारी, जिससे दोनों सडक पर जा गिरे। इस हादसे में बाइक चालक को छाती में चोटें लगी और दीप्ति सडक पर जा गिरी। दीप्ति का सिर सडक पर लगा था। गंभीर रूप से घायल दीप्ति को सरकारी अस्पताल में लेकर आया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल अजय की हालत भी गंभीर है और वह आईसीयू में भर्ती है।

## दक्षिणी लेबनान में इज़रायली हमले में हमास के अधिकारी मारा गया

**एजेंसी**

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक लक्षित इजरायली हवाई हमले में हमास का एक सदस्य मारा गया और दो अन्य लोग घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को यह जानकारी दी। गुमनाम रूप से बात करने वाले सूत्रों ने कहा कि एक इजरायली ड्रोन ने राशाया शहर में चल रहे एक चार-पहिया वाहन को निशाना बनाया। उस पर हवा से सतह पर मार करने वाली दो मिसाइलें दागीं, जिससे कार जल गई और उसके चालक शरहबिल अल-सईद की मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद उसके साथी और एक नागरिक को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## इजराइल के डिफेंस सिस्टम का हिजबुल्लाह ने निकाला तोड़, हमले में इस नए हथियार का किया इस्तेमाल

**उत्तरी इजराइल।** उत्तरी इजराइल बॉर्डर पर लेबनान का सैन्य गुट हिजबुल्लाह लगातार मिसाइल और रॉकेट दाग रहा है. लेकिन अभी तक उसका कोई भी अटैक लक्ष्य को हिट नहीं कर पाया था और इजराइली डिफेंस उसको आसमान में ही खत्म कर देता था. लेकिन गुरुवार को हमास ने अपने पहले कामयाब हमले को अंजाम दिया. इस हमले ने हिजबुल्लाह ने ड्रोन का इस्तेमाल का इजराइल के सैन्य चौकी को निशाना बनाया. इजराइल सेना के मुताबिक इस हमले में 3 इजराइली सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें एक हालत गंभीर है. इसके अलावा इजराइल के उत्तरी बॉर्डर रोजाना ही दोनों ओर से गन फायरिंग देखने मिल रही है.

**कैसे किया हमला?**

जंग के 7 महीने बाद ये ये पहले बार है जब हिजबुल्लाह ने सरफेस-टू-सरफेस हमले की बजाय एयर-टू-सरफेस हमला किया है. हमास ने इस हमले में ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए इजराइली सेना के करीब 35 किमी अंदर जाके दो रॉकेट दागे है. लेबनान के राजनीतिक विश्लेषक फैसल अब्दुल सातेर ने न्यूज एजेंसी,ऋ को बताया, ये दुश्मन को ये बताने का तरीका है कि हमारी क्षमताएं क्या हैं और हम वक्त आने पर और ज्यादा तेज और सटीक हमले कर सकते हैं.

**राफा इंवेजन से तेज हुए हमले**

इजराइल के 6 मई को राफा में कंट्रोल लेने के बाद से हिजबुल्लाह ने अपने हमले तेज किए हैं. हिजबुल्लाह ने इस हमले से कुछ ही दिन पहले तीन एंटी टैंक मिसाइल इजराइल सीमा पर दागी थी. बता दें हिजबुल्लाह ने गाजा जंग रुकने तक इजराइल पर हमला करते लेनी की कसम खाई है. उत्तरी गाजा में चल रही इस लड़ाई में रुप ने अब तक अपने 200 से ज्यादा लड़ाके खो दिए हैं. दूसरी और इजराइल के 15 सैनिक भी मारे गए हैं.

## यूक्रेन पर इस्तांबुल समझौता संभावित शांति वार्ता के आधार रूप में बने रहने चाहिए

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन पर इस्तांबुल में हुए समझौते लागू होने चाहिए और सभी संभावित शांति वार्ता उन पर आधारित होनी चाहिए। श्री पुतिन ने अपनी चीन यात्रा के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ठीक है, निश्चित रूप से यह एक आधार है, आप जानते हैं? उन्होंने इस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। वहां बहुत सारे मुद्दे हैं। आप जानते हैं, यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने से संबंधित मुद्दे हैं। वे इसमें लिखे गए हैं इस तरह से कि हमें अभी भी उनके बारे में सोचना होगा, लेकिन सामान्य तौर पर, यही आधार है।

## बीजिंग की यात्रा के दौरान पुतिन ने को याद किया 75 साल पुराना गीत, बोले- रूस और चीन हमेशा रहे हैं भाई

**बीजिंग।** चीन के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यात्रा के अंतिम दिन चीन के लोगों से भावनात्मक संबंध स्थापित करते हुए कहा कि रूसी और चीनी हमेशा से भाई रहे हैं। रूस-चीन संबंधों की तुलना उन्होंने 1940 के दशक के एक गीत से की। पुतिन ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों देशों के बीच हार्दिक संबंध आगे भी जारी रहेंगे। चीन और रूस के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर बोलते हुए पुतिन ने कहा कि यह दो देशों के बीच अंतरसांस्कृतिक संबंधों की शुरुआत है। साथ ही कहा, उस समय एक गीत बहुत प्रसिद्ध हुआ था। उसकी पंक्ति 'रसियन एंड चाइनीज आर ब्रदर्स फॉरेवर' यानी रूसी और चीनी सदैव भाई हैं, आज भी प्रासंगिक है। तास एजेंसी के अनुसार, उन्होंने रूस-चीन साझेदारी और भाईचारा को और बढ़ाने की बात कही। कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि यह भाईचारा कायम रहेगा।

**पुतिन ने छात्रों से की मुलाकात**

वहीं, हार्बिन में चीन-रूस एक्सपो में पुतिन का फोकस सांस्कृतिक एवं व्यापारिक आदान-प्रदान पर रहा। वह इस दौरान हार्बिन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी के छात्रों से भी मिले। उन्होंने छात्रों से पीपुल्स लिबरेशन आर्मी से निकटता से जुड़कर काम करने को कहा। इसके साथ ही पुतिन ने अमेरिका की आलोचना करते हुए कहा कि चीन निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों पर अमेरिकी टैरिफ एक अनुचित प्रतिस्पर्धा का उदाहरण है।

वहीं, विश्लेषकों ने पश्चिमी देशों के रूस पर प्रतिबंध के बीच रूस और चीन के बीच ये गलबहियां इसी तरह नहीं रह सकेंगी। यूक्रेन युद्ध को लेकर पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों का सामना कर रहे रूस पर चीन से नजदीकियों से चुनौती और बढ़ सकती है।

# भारतीय अमेरिकियों को हर पद के लिए चुनाव लड़ना होगा : राजा कृष्णमूर्ति

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल के प्रभावशाली सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने समुदाय के लोगों से कहा कि अब समय आ गया है कि वे प्रत्येक निर्वाचित पद के लिए चुनाव लड़ें और हर बार मतदान जरूर करें। साथ ही उन्होंने देश के नागरिक मामलों में भागीदारी के महत्व को भी रेखांकित किया। डेमोक्रेटिक थिंक-टैंक 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' के वार्षिक समारोह के लिए यहां एकत्रित हुए भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए कृष्णमूर्ति ने कहा, हमें मतदान करना होगा। क्या आगामी चुनाव में यहां मौजूद हर व्यक्ति वोट देगा? क्योंकि हम राजनीति पर बात तो दिनभर कर सकते हैं, लेकिन राजनीति का हिस्सा बनना अलग बात है। याद रखिए, राजनीति केवल एक संज्ञा नहीं है, बल्कि एक क्रिया है और हमें इस साल राजनीति में हिस्सा लेना है। हमें मतदान करना है। उनकी यह टिप्पणी नवंबर 2024 में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले आई है, जिसमें



डेमोक्रेट नेता और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन का मुकाबला रिपब्लिकन नेता और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से होगा। प्रतिनिधि सभा में शिकागो का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सदस्य ने कहा, ''दूसरी बात यह है कि हमें खुद से ज्यादा राजनीतिक हितों के लिए काम करना है। हमें अपने स्थानीय मंदिरों का समर्थन करना होगा। हमें स्थानीय मस्जिदों का समर्थन करना होगा। हमें हमारे स्थानीय गैर-लाभकारी संगठनों का समर्थन करना होगा। मुझे उम्मीद है कि आप ऐसा करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''आप डेमोक्रेट हो, रिपब्लिकन हो या निर्दलीय हो, मुझे फर्क नहीं पड़ता; बस आप इस बात को समझें कि आपको आपके देश के प्रशासनिक मामलों में भागीदारी की जरूरत है और अब ऐसा करने का समय आ गया है।'' कृष्णमूर्ति ने कहा, ''मेरा तीसरा और अंतिम बिंदु है कि यह हर स्तर के पदों पर चुनाव लड़ने का समय है।'' इसी समारोह में उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने एक दिन पहले कहा था कि अमेरिका में निर्वाचित पदों पर भारतीय अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व काफी कम है। कृष्णमूर्ति ने कहा, ''इसलिए मुझे उम्मीद है कि अधिक से अधिक लोग चुनाव लड़ने के बारे में सोचेंगे। आप शहर काउंसिल के लिए लड़ सकते हैं, राज्य विधायिका के लिए लड़ सकते हैं या सीनेट के लिए लड़ सकते हैं। आप कांग्रेस के लिए लड़ें।'' कृष्णमूर्ति ने समुदाय को संगठित करने में थिंक टैंक 'भारतीय अमेरिकी इंपैक्ट' की भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, इंपैक्ट(थिंक टैंक) एक बड़ा बदलाव ला रहा है, ताकि हम सभी स्तरों पर अधिक से अधिक लोगों को ला सकें।

## अफगानिस्तान में गोलीबारी में तीन विदेशी नागरिकों समेत चार की मौत

**एजेंसी**

**बामियान प्रांत।** अफगानिस्तान के बामियान प्रांत में रात को बंदूकधारियों ने गोली मारकर 3 विदेशियों सहित चार की हत्या कर दी. अंधाधुंध फायरिंग में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं. उन्हें गंभीर हालत में स्थानीयअस्पताल में भर्ती कराया गया है. तालिबान के एक प्रवक्ता ने कहा कि मध्य अफगानिस्तान में शुक्रवार देर शाम तक कई बंदूकधारियों ने गोलीबारी की, जिसमें तीन विदेशी नागरिकों सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई. अधिकारी ने कहा कि प्रमुख पर्यटक क्षेत्र बामियान प्रांत में घटनास्थल से चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और जांच जारी है. देर शाम हुए हमले की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है. तालिबान के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी के अनुसार, हमले में चार विदेशी नागरिकों सहित सात अन्य लोग घायल हो गए, हालांकि उन्होंने विदेशी नागरिकों की राष्ट्रीयता के बारे में विस्तार से नहीं बताया.

तालिबान ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता पर कब्जा कर लिया, क्योंकि अमेरिकी और नाटो सेनाएं 20 साल के युद्ध के बाद देश से अपनी वापसी के अंतिम सप्ताह में थीं. बता दें कि बामियान संभवतः दो विशाल बुद्ध प्रतिमाओं के स्थल के रूप में जाना जाता है, जिन्हें चौथी और छठी शताब्दी के बीच चट्टान में उकेरा गया था और जिन्हें 2001 की शुरुआत में अल-कायदा के आदेश पर तालिबान ने नष्ट कर दिया था.

**आईएस आतंकियों पर हमला करने का संदेह**

इस हमले का दोष अफगानिस्तान में तालिबान के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के सहयोगी पर पड़ने की संभावना है. आईएस आतंकियों ने देशभर में स्कूलों, अस्पतालों, मस्जिदों और अल्पसंख्यक शिया इलाकों पर कई हमले किए हैं. आईएस समूह के आतंकियों के हमले में इसके पहले कई लोगों की जान जा चुकी है और अब फिर से संदेह है कि आईएस समूह के आतंकियों ने इस हमले को अंजाम दिया है।

## अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के संयुक्त हवाई अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल दागी

**एजेंसी**

**सियोल।** दक्षिण कोरिया और अमेरिका द्वारा लड़ाकू विमानों का संयुक्त अभ्यास किए जाने के एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास को अपनी सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा मानता है।

दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने एक बयान में बताया कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी लेकिन उसने इस प्रक्षेपण के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी। उसने यह भी नहीं बताया कि मिसाइल ने कितनी दूरी तय की। अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के साथ कूटनीति में गतिरोध के बीच उत्तर कोरिया ने हालिया महीनों में हथियारों का परीक्षण बढ़ा दिया है और वह



अपनी सैन्य क्षमताओं का विस्तार जारी रखे हुए है। पर्यवेक्षकों के अनुसार, उत्तर कोरिया का मानना है कि यदि उसका शस्त्रागार मजबूत होगा तो वह वार्ता बहाल होने की स्थिति में अमेरिका से अधिक छूट हासिल कर सकेगा। दक्षिण कोरिया के मध्य क्षेत्र में बृहस्पतिवार को किए गए संयुक्त हवाई अभ्यास में दो दक्षिण कोरियाई एफ-35ए लड़ाकू विमानों और दो यूएसएफ-22 रैप्टर विमानों ने हिस्सा लिया था। उत्तर कोरिया अत्याधुनिक अमेरिकी विमानों की तैनाती को लेकर बेहद संवेदनशील है।

## टेक्सास में पुल से टकराई ईंधन ले जा रही नौका, 2000 गैलन तेल गिरने की आशंका

**एजेंसी**

**गालवेस्टर (अमेरिका)।** अमेरिका में टेक्सास के गैलवेस्टन के पास ईंधन ले जा रही एक नौका के पुल से टकरा जाने के कारण 2,000 गैलन तेल के पानी में गिर जाने की आशंका है। अमेरिकी तटरक्षक बल 'यूएस कोस्ट गार्ड' ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

तटरक्षक बल ने बताया कि टगबोट (नौकाओं को खींचने या धक्का देने के लिए इस्तेमाल होने वाली नौका) से अलग होने के बाद बुधवार को 'पेलिकन आइलैंड कॉजवे' पुल के एक खंभे से टकरा गई जिसके कारण पुल आंशिक रूप से ढह गया और गैलवेस्टन को पेलिकन द्वीप से जोड़ने वाली एकमात्र सड़क कट गई। 'मार्टिन मरीन' के उपाध्यक्ष रिक फ्रीड ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पोत में 30,000 बैरल तेल रखने की क्षमता है लेकिन जब यह पुल से टकराया तो उसमें 23,000 बैरल तेल था। कोस्ट गार्ड के कैप्टन कीथ डोनोह्यू



ने कहा, ''हमें पूरा विश्वास है कि हमने शुरू में जो अनुमान लगाया था, पानी में उससे कम तेल गिरा है।'' उन्होंने कहा, ''हमने 605 गैलन से अधिक तैलीय पानी का मिश्रण निकाल लिया है। साथ ही नाव के ऊपर से अतिरिक्त 5,640 गैलन तैलीय उत्पाद बरामद कर लिया है जो पानी में नहीं गया था।'' 'यूएस कोस्ट गार्ड' ने बताया कि पानी में 2,000 गैलन तेल गिरने की आशंका है।

# संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ ने कहा– चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को मिल रहा फायदा

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने कहा कि भारत का आर्थिक विकास प्रदर्शन ''बहुत अच्छा'' रहा है और यह कई पश्चिमी कंपनी के लिए निवेश करने का एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है क्योंकि चीन में विदेशी निवेश कम होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाताओं से कहा, ''भारत को अन्य पश्चिमी स्रोतों से भारत में आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है, क्योंकि चीन में कम से कम विदेशी निवेश जा रहा है। भारत कई पश्चिमी कंपनियों के



लिए एक वैकल्पिक निवेश स्रोत या गंतव्य बन गया है। मुझे लगता है कि इससे भारत को फायदा हो रहा है। वह 'वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024' के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों पर जानकारी दे रहे थे। वर्ष 2024 के लिए भारत के विकास संबंधी अनुमान को संशोधित किया गया है। यह अनुमान जताया गया है कि इस वर्ष देश की अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

वर्ष 2024 के मध्य तक 'वैश्विक आर्थिक स्थिति और संभावनाओं' संबंधी बृहस्पतिवार जारी आंकड़ों में कहा गया, ''भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.9 प्रतिशत और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीली निजी खपत से प्रेरित है। हालांकि कमजोर बाहरी मांग का व्यापारिक निर्यात वृद्धि पर असर जारी रहेगा, फार्मास्यूटिकल्स और रसायनों के निर्यात में जोरदार बृद्धि की उम्मीद है।मध्य वर्ष के ताजे आंकड़ों में भारत के लिए 6.9 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान इस साल जनवरी में संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए गए 6.2 प्रतिशत विकास दर के पूर्वानुमान से अधिक है। चीन के लिए इसमें मामूली वृद्धि की गई है। अब चीन की 2024 में विकास दर 4.8 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जिसका जनवरी में 4.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। चीन की वृद्धि दर 2023 की 5.2 प्रतिशत दर से घटकर 2024 में 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## इजराइली सेना को गाजा में जर्मन महिला शनि लौक समेत तीन बंधकों के शव मिले

**एजेंसी**

**गाजा ।** इज़राइल का कहना है कि गाजा में लगभग 100 बंधक अभी भी बंदी हैं, साथ ही लगभग 30 अन्य के शव भी हैं. गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, हमले के बाद से गाजा में इजराइल के अभियान में 35,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं. इजराइली सेना को गाजा में जर्मन महिला शनि लौक समेत तीन बंधकों के शव मिलेइजराइल की सेना को गाजा में तीन बंधकों के शव मिले हैं, जिनमें जर्मनी मूल की इजराइली नागरिक शनि लौक का शव भी शामिल है. एक पिकअप ट्रक में पीछे शनि के मुड़े हुए शरीर की तस्वीर ने दुनिया भर में लोगों को झकझोर कर रख दिया था और सात अक्टूबर को हुए हमले की गंभीरता को लोगों के सामने लाया था.

इज़राइली सेना का कहना है कि गाजा में उसके सैनिकों को 7 अक्टूबर के हमले के दौरान हमास द्वारा बंधक बनाए गए तीन इज़राइली बंधकों के शव मिले, जिनमें जर्मन-इजराइली शनि लौक भी शामिल थे.

**नोवा म्यूजिक फेस्टिवल में हत्या**

सेना को मिले अन्य दो शवों की पहचान 28 वर्षीय महिला अमित बुस्किला और 56 वर्षीय व्यक्ति इत्ज़ाक गेलरेंटर के रूप में की. सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि हमास ने गाजा सीमा के पास एक आउटडोर डांस पार्टी, नोवा म्यूजिक फेस्टिवल में तीनों को मार डाला और उनके शवों को फिलिस्तीनी क्षेत्र में ले जाया गया. सेना ने इस बात की तत्काल जानकारी नहीं दी कि उनके शव कहां पाए गए. 7 अक्टूबर के हमले में हमास के नेतृत्व वाले आतंकवादियों ने लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें मुख्य रूप से नागरिक थे और लगभग 250 अन्य लोगों का अपहरण कर लिया था. उनमें से लगभग आधे को छोड़ दिया गया है।

## मालदीव भी फंसा चीन के कर्ज जाल में, आईएमएफ की चेतावनी के बाद कर्ज चुकाने की कर रहा जुगत

**एजेंसी**

**माले।** चीन ने श्रीलंका के बाद मालदीव को भी अपने कर्ज के जाल में फंसा लिया है, जिससे मालदीव सरकार की मुश्किलें बढ़ गई है। ताजा घटनाक्रम में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से मालदीव को ऋण संकट के उच्च जोखिम की चेतावनी देने के बाद चीनी ऋण चुकाने के लिए मालदीव रास्ता तलाश रहा है। उसने इसे लेकर चीन से ऋण पुनर्गठन कर राहत देने की अपील की है।

चीन ने कहा है कि मालदीव सरकार द्वारा वर्तमान में चीन से लिए गए कर्ज पर ऋण पुनर्भुगतान में कुछ आसानी प्रदान करने पर देशों के बीच चर्चा हो रही है। हालांकि, मालदीव में चीन की राजदूत वांग लिक्सिन ने कहा कि ऋण पुनर्गठन कोई समाधान नहीं है, क्योंकि ऐसा करने से मालदीव को बीजिंग से आगे वित्तीय सहायता मांगने में बाधा उत्पन्न होगी। राजदूत वांग ने कहा कि चीन और मालदीव की तकनीकी टीम इस मुद्दे की जिम्मेदारी संभाल रही है।



वांग ने उन दावों को भी खारिज कर दिया कि चीन मालदीव को ऋण जाल में डाल रहा है और इस बात पर जोर दिया कि चीन ने हमेशा मालदीव का सम्मान किया है। साथ ही देश में चल रही परियोजनाएं चीन के लिए लाभ या लाभ के किसी भी उद्देश्य से संचालित नहीं की जा रही हैं।

आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि मालदीव की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का चीन की सेवा आयात की मांग के साथ गहरा संबंध है, जो दर्शाता है कि चीनी बाजार मालदीव के विकास का प्रमुख वाहक बना रहेगा, जो मालदीव के विकास के लिए जोखिम पैदा कर सकती है।

## नेपाल में संसद भवन के सामने विपक्षी दलों का प्रदर्शन, गृहमंत्री का इस्तीफा मांगा

**एजेंसी**

**काठमांडू।** सहकारी घोटाला कांड में फंसे नेपाल के उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने के इस्तीफे की मांग करते हुए विपक्षी दलों से जुड़े छात्र संगठनों ने संसद भवन के आगे विरोध प्रदर्शन किया। नेपाली कांग्रेस से जुड़े छात्र तथा युवा संगठनों के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने संसद भवन के सामने गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। लामिछाने के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी जबरन संसद भवन के भीतर प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। इस क्रम में पुलिस के साथ झड़प होने की भी खबर है। नेपाली कांग्रेस की तरफ से प्रदर्शन में शामिल तरूण दल के नेता सरीन घिमिरे ने बताया कि उनके शांतिपूर्ण प्रदर्शन में पुलिस ने बल प्रयोग किया है। घिमिरे के मुताबिक पुलिस ने एक दर्जन से



अधिक कार्यकर्ताओं को नियंत्रण में लिया है। पुलिस लाठीचार्ज से दर्जनों प्रदर्शनकारियों को चोटें भी आई हैं। नेपाल विद्यार्थी संघ के नेता विवेक ठाकुर ने कहा कि गृहमंत्री के खिलाफ उन लोगों का प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक गृहमंत्री अपने पद से इस्तीफा नहीं दे देते।

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड सदन में 20 मई को चौथी बार देंगे बहुमत की परीक्षा

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल में वामपंथी दलों की गठबंधन सरकार इस समय अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' ने सदन में एक बार फिर विश्वास मत साबित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने आज शुक्रवार सुबह संसद सचिवालय को जानकारी दी, जिसमें बताया गया है कि 20 मई को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करेंगे।

**30 दिनों के भीतर विश्वास का मत हासिल करना जरूरी**

दरअसल, नेपाल के संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक यदि सत्ता गठबंधन का कोई भी दल सरकार से समर्थन वापस लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिनों के भीतर फिर से विश्वास का मत लेना होगा। दो महीने पहले ही सत्ता पक्ष में सहभागी जनता समाजवादी पार्टी के विभाजन के बाद इसके एक धड़े ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। इसलिए प्रधानमंत्री 'प्रचंड' एक बार फिर सदन में विश्वास मत साबित करना



जरूरी हो गया है। प्रधानमंत्री 'प्रचंड' ने आज सुबह संसद सचिवालय को जानकारी दी, जिसमें बताया गया है कि 20 मई को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करेंगे। इस बीच प्रधानमंत्री और विपक्षी दलों के साथ लगातार संवाद किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने आज शाम को विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के नेताओं को निर्णायक बातचीत के लिए बुलाया है। इसी बीच सहकारी घोटाला कांड में फंसे नेपाल के उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने के इस्तीफे की मांग करते हुए विपक्षी दलों से जुड़े छात्र संगठनों ने संसद भवन के आगे विरोध प्रदर्शन किया। नेपाली कांग्रेस से जुड़े छात्र तथा युवा संगठनों के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने संसद भवन के सामने गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

# गाजा के लोगों पर दोहरी मार, 10 दिनों से नहीं हुई दवा की सप्लाई

**एजेंसी**

**गाजा।** फिलिस्तीनियों को चेतावनी देने के बाद इजराइली सेना ने 7 मई से राफा में घुसना शुरू कर दिया है, जिसके बाद से मानवीय सहायता मिलने में काफी मुश्किलें आ रही हैं. WHO ने बताया कि इजराइली सेना ने मिस्र में राफा क्रॉसिंग को बंद कर दिया है, जिसके बाद से गाजा में मेडिकल सप्लाई मिलने में काफी दिक्कत आ रही है और इससे कई सारे लोगों की जिंदगियां खतरे में पड़ सकती हैं. सात महीने पहले शुरू हुई इजराइल के साथ हमास की जंग ने नया मोड़ ले लिया है, जिसमें इजराइल ने हमास को पूरी तरह से खत्म करने के लिए हमास के खिलाफ हमले को ज्यादा बढ़ा दिया है. इजराइली सेना ने राफा में रह रहे सभी फिलिस्तीनियों को इस हमले की चेतावनी देते हुए राफा छोड़ने की बात कही थी, जिसके बाद जान बचाने के लिए कई लोग राफा से भाग गए. इसके बाद इजराइली सेना ने 7 मई को राफा में एंट्री की और मिस्र में राफा क्रॉसिंग को बंद कर दिया.

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने हाल ही में इस बात की जानकारी दी कि इजराइल ने हमास के खिलाफ ये जो नई जंग की शुरुआत की है इसकी वजह से गाजा में लगभग 10 दिनों से कोई मेडिकल सप्लाई नहीं मिली है. ड्डह्व के स्पोकपर्सन ने तारिक जसारेविक ने बताया कि इजराइली सेना ने राफा क्रॉसिंग को बंद कर दिया है, जिसकी वजह से काफी मुश्किलों को सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने बताया कि इस हमले की वजह से हमें गाजा में आखिरी बार 6 मई से पहले मेडिकल सप्लाई मिली थी. सात महीने पहले यानी 7 अक्टूबर को शुरू हुई इस जंग से बचने के लिए ज्यादातर फिलिस्तीनियों ने राफा में शरण लिया था, इस पर इजराइल ने दावा किया था कि आम नागरिकों के बीच राफा में ही हमास के आतंकियों ने भी शरण लिया है. गाजा को पूरी तरह से बर्बाद करने के बाद इजराइली सेना हमास को जड़ से खत्म करने के लिए राफा की तरफ बढ़ी और 10 दिन पहले राफा में प्रवेश किया और मिस्र में राफा क्रॉसिंग को बंद कर दिया, ये रास्ता मानवीय सहायता के लिए काफी महत्वपूर्ण है. जसारेविक ने स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि क्रॉसिंग को बंद करने से सबसे ज्यादा परेशानी क्लीनिकों और अस्पतालों को चालू रखने में है क्योंकि इन्हें चालू रखने के लिए हर महीने 1.8 मिलियन लीटर फ्यूल की जरुरत होती है लेकिन क्रॉसिंग बंद होने के बाद से केवल 1 लाख 59 हजार लीटर फ्यूल ही राफा में आया है, जो कि पर्याप्त नहीं है. उन्होंने आगे बताया कि फिलिस्तीनी क्षेत्र में फिलहाल के समय में 36 अस्पताल हैं, जिनमें से केवल 13 अस्पताल ही आंशिक रूप से काम कर रहे हैं, लेकिन इन अस्पतालों में भी फ्यूल खत्म होने की कगार पर है अगर ऐसा होता है तो कई लोगों की जान खतरे में आ सकती है।

# नेताओ की स्टेज पर नो एंट्री, 36 बिरादरी के योद्धाओ को मिलेगा स्थान और सम्मान: नवीन जयहिंद

**प्रेसवार्ता**

**भगवान परशुराम जन्मोत्सव पूरी तरह से सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम : जयहिंद**



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

जयहिंद सेना प्रमुख डॉ नवीन जयहिंद शनिवार को रोहतक टेंट में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि रविवार को 19 मई को पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा और पुरे प्रदेश की जनता का चूल्हा न्योत है ` 36 बिरादरी का भाईचारा पहुचेंगा और बड़े जोश और जूनून के साथ भगवन परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा` अयोध्या में श्री राम का मंदिर बना और पहरावर में परशुराम का मन्दिर बनेगा` भगवान परशुराम न्याय, मान-सम्मान और स्वाभिमान की प्रतिक होगी ` इस दिन सामाजिक योद्धाओं (36 बिरादरी) को जिन्होंने पहरावर की जमींन के लिए संघर्ष किया और समाज के हक की आवाज उठाते है उन्हे सम्मानित किया जायेगा`

जयहिंद ने साथ ही कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से गैर - राजनीतिक और सामाजिक रहेगा` किसी भी तरह से राजनीतिक बयानबाजी इस कार्यक्रम नहीं होगी ` साथ ही स्टेज पर नेताओं को नहीं 36 बिरादरी के उन योद्धाओं को स्थान और सम्मान मिलेगा जिन्होंने समाज के हक की लड़ाई के लिए फरसा उठाया` उस लड़ाई में तन - मन धन से साथ दिया` भ्रष्ट , बेईमान और झूठे लोग इस कार्यक्रम में न आये`

जयहिंद ने कहा 36 बिरादरी में अगर किसी के साथ भी अन्याय हो रहा हो तो उन्हे आवाज उठानी चाहिए और हमेशा दूसरों की भलाई के लिए तैयार रहना चाहिए । गरीब कमजोर की लड़ाई लड़ने वाला ही परशुराम का असली चेला होता है और जो आवाज नहीं उठा सकते वह किसी भी भगवान के भक्त नहीं हो सकते ।

जयहिंद ने कहा कि इस मौके पर देशी घी का भंडारा किया जायेगा और 36 बिरदारी के लोग प्रसाद ग्रहण करने पहुंचेगे और भोलेनाथ और परशुराम का आशीर्वाद लेकर जायेंगे` प्रदेश ही नहीं बल्कि दुसरे राज्यों से भी परशुराम भक्त इस जन्मोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचेंगे` वही इस जन्मोत्सव में भगवान परशुराम की 121 फीट ऊँची मंदिर मूर्ति निर्माण पर जनता की सहमती ली जायेगी`

साथ ही जयहिंद ने कहा कि जन्मोत्सव में लोग अपनी शासन और प्रशासन से जुड़ी समस्याओं लेकर आयेंगे । समाधान के लड़ाई वे लड़ेंगे । देवी -देवताओं के आशीर्वाद से लोगों की आवाज उठाने का काम कर रहे है ।और आगे भी करते रहेंगे । पिछली साल भी सैकड़ों लोग अपनी समस्या लेकर जन्मोत्सव में आये थे और उनकी लगभग सभी समस्याओं का समाधान करवाया था

# भारत की विदेश नीति का हर देश कायल, दूसरे देशों से रिश्ते मधुर हुए : रणजीत

**जोरदार स्वागत**

**-उकलाना विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में हुआ भाजपा उम्मीदवार का जोरदार स्वागत-**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार।**

भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने विश्व के अन्य देशों से अपने देश के रिश्ते मधुर किए हैं। यही कारण है कि विश्व का हर देश भारत के प्रधानमंत्री की न केवल कद्र करता है बल्कि अपने देश में पहुंचने पर आगे बढ़कर उनका स्वागत करते हैं। रणजीत सिंह शनिवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत उकलाना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा करके वोटों की अपील कर रहे थे। उन्होंने लितानी, बिठमड़ा, उकलाना मंडी, उकलाना गांव, चमारखेड़ा व साहू सहित लगभग दो दर्जन गांवो का दौरा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुशल नेतृत्व व हमारे विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कूटनीतिक नीतियों का ही परिणाम है कि विश्व का हर देश हमारा समर्थन कर रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी व विपक्ष के अन्य लोग भारत की विदेश नीति पर केवल सस्ती लोकप्रियता के लिए उंगली उठा रहे हैं लेकिन उन्हें भारत की विदेश नीति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ये दल तो केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हटाना ही सबसे बड़ा मकसद समझते हैं, जिसे जनता ने अच्छी तरह से जान लिया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता के सहयोग से प्रधानमंत्री के 400 पार के संकल्प अनुसार भाजपा को हर राज्य में बहुमत मिल रहा है और 4 जून को तय हो जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### १९ को होगा गोसंगम

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा १९ मई को श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर गोवर्धन रोड गोसंगम का आयोजन किया जाएगा। मथुरा विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कमल कौशिक ने बताया कि अखिल भारतीय गोसेवा गतिविधि प्रमुख अजित महापात्रा अपने विचार रखेंगे। उन्होंने कहा कि ब्रज में लगातार गोवंश की संख्या में कमी आ रही है। जबकि गाय हमारे समाज की अमूल्य निधि है।

### टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर पर मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने की बैठक



**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

आगरा मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी शनिवार को वृंदावन पहुंची। टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर पर विकास प्राधिकरण व नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी नए प्रोजेक्टों को लेकर होने वाले विकास कार्यों और विकास प्राधिकरण की आय कैसे बढ़े इस पर चर्चा की गई। साथ ही अवैध निमार्णों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही व स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा अवैध खनन पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्यवाही के आदेश दिए। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आज वृंदावन स्थित टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर पर मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण और मथुरा वृंदावन नगर निगम के द्वारा चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया है, जो भी विकास कार्य किया जा रहे हैं। उनको जल्द से जल्द पूर्ण करने के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं और साथ ही कई सारी नई विकास कार्यों की योजनाएं शासन प्रशासन के द्वारा तैयार की गई है। जिनको जल्द ही ब्रज क्षेत्र में लाया जाएगा। वहीं अवैध खनन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन इस पर सख्त कदम उठा रही है, लेकिन अगर फिर भी कहीं पर अवैध खनन हो रहा है, तो उसको संज्ञान में लाकर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, नगर आयुक्त शशांक चौधरी, विकास प्राधिकरण सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट राजकुमार भास्कर, एसपी ट्रैफिक देवेश कुमार, आदि के अलावा विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### गर्मी से बेहाल नौनिहाल, डीएम अंकल अब तो करा दो छुट्टी

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

गर्मी से हाल बेहाल है। इंसान ही नहीं पशु पक्षी भी परेशान हैं। स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। वहीं मौसम विभाग ने भी लोगों को सतर्क किया है। छोटे छोटे बच्चे इस गर्मी में स्कूल जा रहे हैं। सुबह तो वह स्कूल के लिए निकल जाते हैं लेकिन जब दोपहर को चिलचिलाती धूप में घर लौटते हैं जो बच्चों के चेहरे तप रहे होते हैं और लाल पड़ जाते हैं। ऐसे में अभिभावक भी खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। जबकि विद्यालय अभी छुट्टी करने को तैयार नहीं हैं। बच्चों को हीट स्ट्रोक की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मथुरा जिले के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान ४४ डिग्री सेल्सिय दर्ज किया गया। भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। अभिभावक भी चाहते हैं कि अब स्कूलों की छुट्टी हो जाएं जिससे उनके बच्चे किसी अनावश्यक परेशानी में पढ़ने से बच जाएं।

## भतीजे का शव मिला, ताऊ अब भी लापता

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

आगरा कैनाल में कूदे भतीजे और ताऊ में से भतीजे का शव बरामद हो गया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस, गोताखोर और ग्रामीण ताऊ के शव की तलाश में जुटे हुए थे। वहीं ग्रामीणों में इस घटना से नाराजगी है। ग्रामीणों ने घटना से नाराज होकर शनिवार को हाईवे पर जाम लगाने का प्रयास किया जिसे पुलिस ने विफल कर दिया। घटना को लेकर ग्रामीणों के बीच तरह तरह की चर्चा हैं। शुक्रवार की रात को हाइवे स्थित आगरा कैनाल में कूद युवक नरेंद्र के शव को कोसीकला में थाना छाता की सहार पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव खायरा से बरामद कर लिया है। वहीं ताऊ राजवीर की तलाश की जा रही है।

# चंडीगढ में निरंकारी महिला संत समागम किया गया आयोजित

**संत समागम**

**निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की प्रेरणा से महिला संत समागम आयोजित किए जा रहे हैं।**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा से देशभर में महिला संत समागम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में चंडीगढ के सेक्टर 30 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में महिला संत समागम का आयोजन किया गया। इस समागम में हैदराबाद (तेलंगाना) के जोनल इंचार्ज बहन मोहिनी आहूजा जी ने सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज का शुभ संदेश प्रदान किया।




निरंकारी मिशन में महिलाओं के महान योगदान का जिक्र करते हुए बहन मोहिनी जी ने कहा कि मिशन के पूज्य जगत माता बुद्धवंती जी, निरंकारी राजमाता कुलवंत कौर जी, माता सविंदर हरदेव जी व वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का असाधारण योगदान महिला जगत का ही नहीं बल्कि पूरी मानव जाति का निरंतर मार्गदर्शन कर रहा है।

बहन मोहिनी जी ने कहा कि हर नारी स्वयं भी खुश रहना चाहती हैं और घर-परिवार को भी खुशमय बनाना चाहती हैं तो ह्ण्ह्ण निरंकारी सत्संगह्ण्ह्ण से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। निरंकारी सतगुरू से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर प्रभु परमात्मा को जानकर जीवन का असली मकसद हासिल करके लाखों इंसानों का जीवन सफल हुआ है और उनके घर परिवारों में रौनकें आ गयी हैं। जिस घर में परिवार के सभी सदस्य मयार्दा में रहते हुए अपनी-अपनी जिम्मेवारियों को निभाते हैं वहां हर समय प्यार ही प्यार होता है व स्वर्ग का नक्शा बना रहता है तथा ऐसे घर-परिवार में शारीरिक, मानसिक व आर्थिक अर्थात हर तरह के सुख बरसते हैं ।उन्होंने कहा कि निरंकारी सत्संग से सीख लेकर हजारों नारियों ने अपने घर परिवार की तस्वीर बदल दी है, वे सिर्फ प्रवचन सुनने तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि निरंकारी सतगुरु द्वारा प्रदान ह्ण्ह्णब्रह्मज्ञानह्ण्ह्ण को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर, अपने आचरण द्वारा प्रेम तथा शांति का माहौल देकर अपने ही घर को स्वर्ग बना दिया है।मिशन के विचारधारा के बारे में बहन मोहिनी जी ने कहा कि कोई भी इंसान प्रभु का ज्ञान प्राप्त करके प्रभु की इच्छा के अनुरूप जीवन जापन कर सकता है। संसार की सारी जिम्मेदारियां को निभाते हुए भी वह कमल की भांति अनासक्त भाव से सहज अवस्था में जीवन जी सकता है।

# विकास की गारंटी देने वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल में जनता बेहाल: लाल बहादुर

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने के उपरांत हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि जनता अब कांग्रेस पार्टी में विश्वास जता रही है। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 25 मई को भी जनता कांग्रेस को ही वोट देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा 36 बिरादरी को जोड़ने का काम किया है। इसलिए भाईचारा कायम करने और देश के विकास के लिए जनता कांग्रेस का साथ दे रही है। उन्होंने कहा कि जनता के वोट बटोरने के लिए भारतीय जनता पार्टी



जाति व धर्म के नाम पर देश को बांटने की कोशिश कर रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी भाजपा को इस चाल में कामयाब नहीं होने देगी।

एडवोकेट खोवाल ने बताया कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के साथ बहुत से क्षेत्रों का दौरा करके लोगों की राय जानी है। सभी लोग भाजपा की जनविरोधी नीतियों से दुखी हैं। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े वादे करके भाजपा दो बार सत्ता हासिल कर चुकी है। एक बार फिर वैसे ही वादे किए जा रहे हैं। इसलिए यदि भाजपा को जुमलों की सरकार कहा जाए तो कुछ गलत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि गरीब, मजदूर, किसान, शोषित, पीड़ित व पिछड़ा वर्ग के साथ भाजपा ने कड़वा मजाक किया है। इन वर्गों की समस्याओं को सुलझाने की अपेक्षा उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

## नूंह: बस हादसे में मारे गए 9 में से 6 की हुई पहचान

**गुरुग्राम/नूंह**

तावडू उप मंडल के समीप केएमपी एक्सप्रेसव-वे पर शुक्रवार की आधी रात के बाद बस में आग लगने के हादसे में सभी घायलों का राजकीय शाहिद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में उपचार चल रहा है। इस हादसे में मारे गए 9 लोगों में से 6 की पहचान हुई है।

प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों को मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज कर दिया गया। दो लोगों को दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

नूंह के डीसी धीरेंद्र खटकड़ा के मुताबिक इस घटना को लेकर तावडू के एसडीएम संजीव कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# विद्वान से मिलेंगी दो दो बातें, मूरख से दो दो लातें: आचार्य उदारसागर



**टीम एक्शन इंडिया**

**इन्दौर।** हमेशा सज्जन और विद्वान्‌ की संगति करना चाहिए, उसके पास बैठना चाहिए, वातार्लाप करना चाहिए, उसके पास जाओगे तो कुछ न कुछ आपको सीखने को मिलेगा। ह्यविद्वान्‌ के पास मिलेंगी दो दो बातें और मूर्ख के पास मिलेंगी दो दो लातें।ह्ण मूर्ख के पास कभी अच्छी बात करोगे तो उसे वह विपरीत ही लगेगी और वह लड़ाई-झगड़े पर उतर आयेगा। ये विचार 18 मई को पंचबालयति मंदिर में एक कार्यक्रम अपना प्रवचन देते हुए आचार्य श्री उदारसागर जी मुनि महाराज ने व्यक्त किये।

उन्होंने आगे कहा मंत्रों में बहुत शक्ति होती है, उन्हीं के अवलम्बन से तो पत्थर को परमेश्वर बनाते हैं। मंत्रों के द्वारा मूर्ति में गुणों का आरोपण करने से वह जगत्पूज्य बन जाती है।

श्री दिगम्बर जैन पंचबालयती मंदिर एवं संस्कारसागर के ब्र. जिनेश मलैया द्वारा आयोजित प्रतिष्ठाचार्य पं. श्री गुलाबचंद पुष्प जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर 18 एवं 19 मई द्विदिवसीय विद्वत् संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। 18 मई को प्रातःकालीन प्रथम सत्र में प्रतिष्ठा विधि में यंत्र और मंत्रों का वैशिष्ट्य विषय पर डॉ. महेन्द्रकुमार जैन मनुज, इन्दौर ने मुख्य वक्ता के रूप में शोध आलेख प्रस्तुत किया। इससे पूर्व उदासीन श्राविका आश्रम की दो बहिनों ने पुष्प जी के प्रति अपने संस्मरण रखे। सत्र के अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ. अनुपम जैन ने कहा कि जिसका जो विषय है, जिसकी जो विशेषज्ञता है, वही उस पर विशेष प्रकाश डाल सकता है।

पिछले दिनों एक कार्यक्रम में एक विद्वान्‌ ने तो यहाँ तक कह दिया कि ह्यजो पुरानी मूर्तियाँ पूज्य हों उन्हीं को बचाना चाहिए, शेष सब मूर्तियाँ नष्ट कर देना चाहिए।ह्ण यह उनकी नासमझी है। आपने पुष्पजी के वात्सल्यपूर्ण व्यवहार का उल्लेख भी किया। संगोष्ठी के संयोजक पं. विनोद जैन, रजवांस थे, सत्र संचालक ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत ने किया। आभार पं. सुरेश जैन मारौरा ने माना। सत्र के उपरान्त आचार्यश्री उदारसागर जी के संघस्थ मुनिवर के प्रवचन हुए, उपरान्त आचार्यश्री ने संबोधित किया।

# साजिश का असली मास्टर माइंड मुख्यमंत्री: नवीन जयहिंद

**कायराना हरकत**

**एक महिला के साथ इतनी कायराना हरकत देश के इतिहास में कभी नही हुई होगी : जयहिंद**



**डॉ नवीन** जयहिंद ने वही स्वाति के साथ हुई मारपीट मामले में आम आदमी पार्टी द्वारा जारी वीडियो पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस की मेडिकल रिपोर्ट में बिलकुल साफ -साफ है कि स्वाति के साथ कितनी बेहरहमी के साथ मारपीट हुई` दुशासन जिसके दुर्योधन के कहने पर इस घटना को अंजाम दिया भागता फिर रहा था` उसी गटर हाउस में जहाँ इस मुख्यमंत्री ने ये सारी साजिश रची थी दिल्ली पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर लिया है` मुख्यमंत्री अपनी ही महिला राज्यसभा सांसद के साथ मारपीट करने वाले दुशासन को बचा रहा था` अपराधी शरण देने के आरोप में इस दुर्योधन को भी गिरफ्तार करना चाहिए` कांट -छांट कर वीडियो जारी कर रहे है` असली दम है तो पूरी वीडियो जारी की जाए` सब कुछ साफ हो जायेगा ` कैसे स्वाति को धक्के मार कर "गटर हाउस" से निकाला जा रहा है` कितनी बेशर्मी से कौरवों की सेना स्वाति को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है` स्वाति पिछले 20 साल से आन्दोलनों का हिस्सा रही है अब उसे ही बीजेपी का एजेंट बताया जा रहा है`

जयहिंद ने कहा कि बड़े शर्म कि बात है कि एक महिला के पीछे दुर्योधन ने पूरी कौरवों की सेना लगा रखी है` जयहिंद ने तंज कसते हुए कहा कि अभी तो थोडा ही पानी बिलों में गया था सांप -बिच्छु ,सपोले, चूहे, कीड़े सब निकल कर आ रहे है ये रंगे सियार गुलाम गैंग के ` इस पुरे मामले में दुर्योधन की चुप्पी सबसे खतरनाक है` 2008 से इस दुर्योधन को जानते है ` इस पूरी कौरवों की सेना से शर्म बेच खाई है , इनके घर में माँ-बहन, बेटी नहीं लगता तो जो ये सब बकवास कर रहे है` उनकी पुलिस से यही अपील है कि इस पुरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो` इस तरह की एक महिला के साथ कायराना हरकत इतिहास में कभी नहीं हुई होगी`

जयहिंद ने वही संजय सिंह को भी अब सामने आने के लिए कहा कि अब वो संजय सिंह कहाँ है जिसने देश के सामने कहा कि मारपीट हुई है , बदतमीजी हुई है` थोड़े दिन बाद आतिशी मर्लेना भी थोड़े दिन बाद आतिशी पीटलेना होगी` वे सबकी औकात जानते है` बीजेपी-कांग्रेस पर आरोप लगाने से न्याय नहीं मिलेगा

# एनसीबी हरियाणा प्रमुख ओपी सिंह के दिशानिर्देशों से नशा मुक्ति अभियान

**सन्देश**

**55 किलोमीटर साइकिल चलाकर नशा मुक्ति के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी दिया सन्देश**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओ.पी. सिंह (भापुसे) साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। एक और अपराधियों को सलाखों को मार्ग दिखाया जा रहा है तो दूसरी और जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से भी लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि कोई अज्ञानतावश नशे का शिकार न हो। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा इस कार्य को लग्न के साथ कर रहे हैं। वे साइकिल के साधन को अपनाकर जन जन तक नशा मुक्ति के सन्देश को पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। आज वे तड़के तड़के साइकिल पर सवार होकर फरीदाबाद की सड़कों पर दिखाई दिए। वे मुख्य मार्ग से होते हुए विभिन्न सेक्टर से निकलकर बाटा चौक, मुजेसर, नीलम चौक, ओल्ड फरीदाबाद, सेक्टर 24, सारन, मुजेसर, एनआईटी, 8, 9, 10, बल्लबगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए निकले और नंबर 2 एनआईटी में स्थित पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे। विद्यालय की प्राचार्या उपासना तनेजा की अध्यक्षता में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में 632 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। न केवल उन्होंने भाग लिया अपितु इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रश्न रखकर कार्यक्रम को और उपयोगी बनाया। विभिन्न छात्रों ने अनेक प्रश्न कर उनके उत्तर और समाधान पूछे जिनका ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा ने सतोषजनक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। डॉ वर्मा से जब यह प्रश्न किया गया कि प्रतिबंधित नशों के समान बीड़ी सिगरेट जैसे नशों पर पूर्ण विराम क्यों नहीं तो उन्होंने कहा कि हमे सदा एक बात स्मरण रखनी चाहिए कि जो वस्तु हमें माता पिता ने सेवन के लिए नहीं दी है वो हमारे खाने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा नशा होता अच्छा तो माँ कहती ले खा ले मेरे बच्चा। नशा होता अच्छा तो पिता कहता ले थोड़ी सी ले ले क्यों करता है चिंता अपनी जिंदगी जी ले। एक मित्रवत वातावरण में वाद विवाद के बीच नशे के दुष्परिणाम पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। उन्होंने प्रतिबंधित नशों पर चर्चा करते हुए बताया कि अधिकतर प्रतिबंधित नशा बाहर से आता है और बहुत बड़ी मात्रा ने पकड़ा जा रहा हैं।

# हकृवि को 3 डिजाइन विकसित करने पर भारतीय पेटेंट कार्यालय की ओर से मिले प्रमाण-पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को वसेर्टाइल हैंडी ट्रॉली, स्कॉलर चेयर व मूवेबल मिल्किंग स्टूल नामक 3 डिजाइन विकसित करने पर भारतीय पेटेंट कार्यालय ने डिजाइन का पंजीकरण प्रदान किया है। इन सभी डिजाइन को भारत सरकार की ओर से प्रमाण पत्र मिल गया है। जिसकी डिजाइन संख्या क्रमशः 386671-001, 386669-001 तथा 386668-001 है। इन सभी डिजाइन को विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डा. मंजु महता की देखरेख में दो शोध छात्राओं आयशा और मीनू ने किया। विश्वविद्यालय




के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय को एक साथ 3 डिजाइन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों व शोधार्थियों से भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर प्रयासरत रहने की अपील की है ताकि विश्वविद्यालय का नाम यूं ही रोशन होता रहे।

**उपरोक्त डिजाइनों की ये हैं मुख्य विशेषताएं:** वसेर्टाइल हैंडी ट्रॉली: यह ट्रॉली लोहे से बनी है। इसे मांसपेशियों के तनाव और थकान को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## फास्ट न्यूज

### रामपुर परियोजना द्वारा स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**रामपुर:** विद्युत मंत्रालय व निगमित कार्यालय के निदेशानुसार रामपुर एचपीएस द्वारा 16 मई से 31 मई 2024 तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों में स्वछता के प्रति जागरूकता लाने के लिए रामपुर एचपीएस ने राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला कोयल के 128 विद्याथियो के माध्यम से स्वच्छता रैली, का आयोजन गाँव कोयल में किया` साथ ही भारत को कचरा मुक्त बनाने हेतु लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु रामपुर के अस्पताल, बस स्टैंड, मेन बाजार, पट्रोल पंप, पार्किंग में पोस्टर स्थापित करने के साथ झसाथ ब्लाक मेडिकल ऑफिसर, रामपुर को २ल्ल३ीप्र प्रदान किये गये` इस अवसर पर ई० विकास मारवाह, परियोजना प्रमुख रामपुर एचपीएस ने कहा कि श्री सतीश शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, निदेशक कार्मिक सह अध्यक्ष एसजेवीएन फाउंडेशन के उचित दिशानिर्देशों के अनुसार इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है`

### गैस सिलेंडर फटने से सात लोग झुलसे

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्री मुक्तसर साहिब:** मुक्तसर के गिद्दड़बाहा में गैस सिलेंडर फटने की घटना सामने आई है। गिद्दड़बाहा में डेरा सिद्ध बाबा गंगा राम में चल रहे बरसी समागम दौरान सिलेंडर फट जाने से डेरे के सात सेवादार झुलस गए। घायलों को सिविल व निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां से पांच को बठिंडा रेफर कर दिया गया है। निजी अस्पताल के डा.राजीव जैन के मुताबिक बठिंडा रेफर किए गए पांच में तीन सेवादार 60-70 फीसद झुलसे हैं। उधर, फटने के बाद सिलेंडर के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए हैं। धमाके की आवाज सुन कर एकदम से श्रद्धालु भयभीत हो गए और अफरा तफरी का माहौल बन गया।
**डेरे में श्रद्धालुओं के लिए लगातार चलता रहता है लंगर:** जानकारी के अनुसार डेरा बाबा गंगा राम जी में हर साल की तरह 23 मई को बाबा जी की 93वीं बरसी मनाई जानी है। 16 मई से एक सप्ताह पहले ही डेरे में श्री मद्भागवत कथा का आरंभ हो जाता है। इस दौरान डेरे में श्रद्धालुओं के लिए लगातार लंगर चलता रहता है। शनिवार की दोपहर लंगर बनाया जा रहा था कि अचानक एक सिलेंडर से गैस लीकेज हो जाने के कारण सिलेंडर में आग लग गई।

# योगी सरकार में हुई उप्र के विकास की शुरूआत: शाह

## मोदी ने बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बनाया, अब यहां तोप के गोले बनते हैं: शाह

**चुनावी माहौल**

▸▸ पाकिस्तान ने अगर कोई भी गलती की तो ये बुंदेलखंडी गोला पाक पर गिरेगा और उसका सफाया कर देगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**ललितपुर:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक चुनावी जनसभा में कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने और उत्तर प्रदेश के विकास की शुरूआत हुई। एक जमाना था जब उत्तर प्रदेश में देशी कट्टे बनते थे लेकिन मोदी ने बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बनाया, अब यहां तोप के गोले बनते हैं। पाकिस्तान ने अगर कोई भी गलती की तो ये बुंदेलखंडी गोला पाकिस्तान पर गिरेगा और उसका सफाया कर देगा। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के पार्टी उम्मीदवार अनुराग शर्मा के समर्थन में ललितपुर के तुआन मंदिर ग्राउंड में आयोजित जनसभा में कहा कि एक जमाने में बुंदेलखंड से बाहुबली पूरे देश में जाते थे। आप तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बना दीजिए, हमारा बुंदेलखंड यहां से बाहुबली की जगह उद्योगपति पूरे देश में भेजने का काम करेगा। ये चुनाव देश के विकास का चुनाव है। ये चुनाव देश को सुरक्षित करने का है। ये चुनाव हमारे धर्म और संस्कृति के रक्षण का चुनाव है। ये चुनाव भारत को महान बनाने का चुनाव है। ये चुनाव देश के गरीबों का कल्याण करने का चुनाव है और ये चुनाव बुंदेलखंड की प्यास बुझाने का चुनाव है। उम्मीदवार अनुराग शर्मा को जिताने की अपील करते हुए शाह ने कहा कि इस भूमि ने मुगलों के सामने भी लड़ाई लड़ी और अंग्रेजों के सामने भी। अब हमारे देश में मौजूद देशी अंग्रेजों के खिलाफ भी बुंदेलखंड को लड़ाई लड़नी है। उन्होंने कहा कि बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करने वाले देश का भला नहीं कर सकते। नरेन्द्र मोदी ने 10 साल में देश को आतंकवाद से मुक्त करने का काम किया है।

उन्होंने जनता से कहा कि एक ओर चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए राहुल गांधी और अखिलेश यादव हैं, दूसरी ओर गरीब चाय वाले के घर में पैदा हुए हमारे नेता नरेन्द्र मोदी हैं। एक ओर रामभक्तों पर गोली चलाने वाली समाजवादी पार्टी है, दूसरी ओर राम मंदिर बनाने वाले मोदी हैं। इस चुनाव में एक ओर 12 लाख करोड़ के घपले घोटाले करने वाला इंडी अलायंस है, दूसरी ओर मोदी हैं, जो 23 साल से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद पर हैं, लेकिन उनपर 25 पैसे का भी आरोप कोई नहीं लगा सकता। गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस देश को तोड़ना चाहती है। उनके नेता कहते हैं कि दक्षिण भारत और उत्तर भारत, देश के दो हिस्से कर दीजिए। मैं बताना चाहता हूं कि मोदी फिर से आने वाले हैं और मोदी के रहते कोई भी भारत को तोड़ नहीं सकता। यही नहीं कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि पाकिस्तान को सम्मान दो, उनके पास एटम बम है, उनसे पीओके मत मांगों। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि ये मोदी की सरकार है, हम एटम बम से नहीं डरते हैं, पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे। जनसभा में अमित शाह को गदा भेंटकर स्वागत किया गया। मंच पर विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह, भाजपा उम्मीदवार अनुराग शर्मा और राज्यमंत्री मनोहर लाल मुन्नू कोरी समेत कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

### भाजपा का अहंकार है 400 सीटें जीतने का नारा: अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**बलरामपुर:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में शहर के छोटा परेड ग्राउंड में जनसभा कर भाजपा पर तंज कसा। कहा कि दस सालों में भाजपा वालों का झूठ उजागर हो चुका है। भाजपा का 400 पार का नारा उसका अहंकार है। नारे की गणित भी अब जनता के समझ में आ गई है। भाजपा का कहना है कि देश की 543 लोकसभा सीटों में 400 के पार के बाद जो 143 सीटें बच रही है वही जीतने जा रहे हैं। जबकि इस बार जनता इन्हें 140 सीटों के लिए तरसा देगी।

भाजपा झूठ बोलकर किसानों नौजवानों व बेरोजगारों को ठगने का काम करने वाली पार्टी है, जिसे जनता ने हटाने का मन बना लिया है। कहा कि भाजपा ने आरक्षण न देना पड़े इसलिए सारी नौकरियां संविदा पर कर दी हैं। सरकारी संस्थाओं को बेचकर प्राइवेट किया जा रहा है। देश का संविधान खतरे में है। बेरोजगारों को नौकरी न देनी पड़े इसलिए सारे पेपर लीक हो रहे हैं।

चार चरणों के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी से लेकर अन्य भाजपा नेताओं की भाषा बदल गई है। उन्हें चुनाव हारने का डर सताने लगा है।

# जो परिवार वाले नहीं हैं, उन्हें परिवार का दर्द क्या पता: डिंपल यादव

**साधा निशाना**

▸▸ समाजवादी पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो रिश्ते निभाना जानती है, जो परिवार का दर्द समझती है



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोंडा:** समाजवादी पार्टी सांसद और मैनपुरी से प्रत्याशी डिंपल यादव ने शनिवार को गोंडा लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी व सीएम योगी पर जमकर निशाना साधा। डिंपल ने कहा, "जो परिवार वाले नहीं हैं उन्हें परिवार का दर्द क्या होता है यह नहीं पता। परिवार की जिम्मेदारी क्या होती है वह इसे नहीं जानते। समाजवादी पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो रिश्ते निभाना जानती है, जो परिवार का दर्द समझती है?।" डिंपल ने कहा कि ये संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है?। यह परिवर्तन और बदलाव का चुनाव है। यह बदलाव युवाओं के हाथ में है? और इस जनसमूह को देखकर यह तय हो गया है कि इस बार बदलाव होकर रहेगा। सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा को गोंडा की बेटी बताते हुए सपा सांसद ने कहा कि गोंडा की जनता न सिर्फ युवा और नया सांसद चुनेगी बल्कि, वह महिला शक्ति का भी समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसा सांसद चुनिए जो आपके बीच में रहे। आपके सुख-दुख में काम आए, न कि ऐसा सांसद जो चुनाव जीतने के बाद दिखाई न दे।

### हेट स्पीच पर कांग्रेस नेता अजय राय को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी:** वाराणसी लोकसभा सीट से इंडी गंठबंधन के प्रत्याशी व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को निर्वाचन कार्यालय से हेट स्पीट देने पर नोटिस जारी किया गया है। उन पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर शिकायत की गई है। वाराणसी लोकसभा सीट से प्रत्याशी व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को निर्वाचन कार्यालय से हेट स्पीट देने पर नोटिस जारी किया गया है। वैक्सीन के विरोध में वाराणसी में प्रेस वार्ता आयोजित कर अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगा है। अजय राय पर आदर्श आचार सहिंता के दौरान गतल बयानबाजी कर नियम का उल्लंघन करने की शिकायत की गई है।

# कोरिया में जुलाई में होगा वर्ल्ड ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी फेस्टिवल



**ट्रायल**

▸▸ वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो के लिए भारतीय टीम के ट्रायल, चयन की जिम्मेदारी जेजेटीयू को मिली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिण कोरिया के महानगर डेगू में जुलाई में प्रस्तावित वर्ल्ड ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी फेस्टीवल के लिए इंडिया ताइक्वांडो ने राजस्थान के झुंझुनूं स्थित श्री जेजेटी युनिवर्सिटी को भारतीय टीम के ट्रायल, कैंप और चयन का आयोजन करने की बडी जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता व ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप के पदक विजेता खिलाडियों को इस कैंप में जगह दी जाएगी, जो 20 दिन के कठिन कैंप के बाद भारतीय टीम में शामिल होने के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश करेंगे। वर्ल्ड ताइक्वांडो से संबद्ध इंडिया ताइक्वांडो के महासचिव अमित धामल द्वारा इस संबंध में श्री जेजेटी युनिवर्सिटी झुंझुनूं के वाइस चांसलर डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल को आधिकारिक पत्र भेजा गया है। पत्र के मुताबिक वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो आयोजन समिति डेगू 2024 वर्ल्ड ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी फेस्टिवल का आयोजन दक्षिण कोरिया में करवाने जा रहा है। डेगू महानगर स्थित केमयुंग युनिवर्सिटी में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक होने वाले इस आयोजन के लिए भारतीय टीम के ट्रायल से लेकर चयनित खिलाडियों के लिए कैंप का आयोजन करने की जिम्मेदारी श्री जेजेटी युनिवर्सिटी झुंझुनूं को दी गई है। यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबड़ेवाला व यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने इस जिम्मेदारी के लिए इंडिया ताइक्वांडो के प्रेजीडेंट नामदेव शिरगांवकर का आभार जताया है।

प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने खुशी जताते हुए कहा कि श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी खेल क्षेत्र में निरंतर बेहतर मुकाम हासिल कर रही है। जनवरी में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप में ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीतने के बाद इस प्रकार की जिम्मेदारी मिलना गर्व की बात है। उन्होंने इंडिया ताइक्वांडो को भरोसा दिलाया है कि दक्षिण कोरिया में तिरंगा फहराने के लिए यूनिवर्सिटी कैंपस में खिलाडियों के बेहतर ट्रायल से लेकर प्रतिभाशाली खिलाडियों के बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

# भू माफियाओं से रिश्ते की करें जांच: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दलित उत्पीड़न के झूठे मामले में न्याय के लिए दर दर भटक रहे दंपति के खिलाफ शुरू की गई अपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। साथ ही पुलिस महानिदेशक को भू माफियाओं से साठगांठ करने वाले राजस्व अधिकारियों और बिहारीगढ़ के तत्कालीन थाना प्रभारी की संलिप्तता की जांच करवाने का आदेश दिया हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने सहारनपुर की याची अल्का सेठी और उनके पति ध्रुव सेठी की ओर से ट्रायल कोर्ट द्वारा गाली गलौज और एससी/एसटी अधिनियम समेत कई संगीन धाराओं में जारी सम्मन और सम्पूर्ण अपराधिक कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि मौजूदा मामले में बिहारीगढ़ थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी, राजस्व निरीक्षक की भू माफियाओं के संलिप्तता जाहिर हो रही है। इसके कारण याची दंपति अनावश्यक न्याय के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। मामला सहारनपुर जिले के बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र का है। उत्तराखंड के देहरादून निवासी दंपति अल्का सेठी और ध्रुव सेठी ने सहारनपुर में लोकेश सेठी से पंजीकृत बैनामा के जरिए जमीन खरीदी थी।

# गर्मी रोज तोड़ रही रिकॉर्ड... 'लू' के थपेड़ों से लोगों को राहत नही

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू ने लोगों को बेहाल कर दिया है। लू के थपेड़ों ने जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस बीच मौसम विभाग ने शनिवार की दोपहर को न्यूज बुलेटिन जारी किया। आईएमडी के मुताबिक, अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में लू के थपेड़े लोगों को झूलसा देंगे, यानी आने वाले दिनों में लोगों को लू से निजात नहीं मिलेगी। इसके साथ ही मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान पूर्वी-मध्य भारत में



हीट वेव की स्थिति जारी रह सकती है। आईएमडी ने अनुमान जताते हुए कहा कि दक्षिण भारत में 23 मई तक भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है। साथ ही 19-21 मई के दौरान तेज बारिश होने की उम्मीद जताई है।

**धूप में न निकलें**

▸▸ अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में लू के थपेड़े लोगों को झूलसा देंगे

अनुमान जताया गया है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 19 मई के आसपास दक्षिण अंडमान सागर, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह में आगे बढ़ने की संभावना है।

# पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों पर प्रचार का शोर थमा




**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पांचवें चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों और लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 20 मई को मतदान होना है। लोकसभा की 14 सीटों के साथ-साथ प्रदेश की लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए भी इसी दिन मतदान होगा। मतदान से पूर्व शनिवार को प्रचार के अंतिम दिन सभी दलों के स्टार प्रचारकों ने पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं कर जमकर वोट मांगें। शाम पांच बजे प्रचार का यह शोर थम गया। अब सोमवार को इन सीटों पर सुरक्षा के बीच मतदान होगा। उससे पूर्व रविवार को पोलिंग पार्टियों को मतदेय स्थलों के लिए रवाना किया जाएगा।

**प्रचार के अंतिम दिन सभी दलों के स्टार प्रचारकों ने जमकर किया प्रचार:** पांचवें चरण में 14 सीटों पर मतदान 20 मई को होगा। इससे पूर्व प्रचार के अंतिम दिन सभी सियासी दलों ने स्टार प्रचारकों और नेताओं ने प्रत्याशियों के पक्ष में जमकर प्रचार प्रसार किया और जनता से वोट मांगे। बुंदेलखंड क्षेत्र की सीटों पर सियासी तापमान और जोश इस कदर था कि भीषण गर्मी के बावजूद लाखों की भीड़ अपने-अपने दलों के नेताओं को देखने और सुनने तपती धूप में भी जनसभा स्थालों पर डटी रही। शाम पांच बजे चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अंतर्गत सभी सीटों पर प्रचार का शोर थम गया। अब प्रत्याशियों द्वारा अपने समर्थकों और कार्यकताओं के साथ प्रचार के बाद जनता के रूख और चुनाव में होने वाले मतदान को लेकर जातीय और अन्य समीणकरण की गणित बैठाने में जुट गए हैं।

**समीकरण**

▸▸ भीड़ अपने-अपने दलों के नेताओं को देखने और सुनने तपती धूप में भी जनसभा स्थालों पर डटी रही।

